राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 347
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
मंगलवार 28 जून 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 3 केजरीवाल सरकार बढ़ाएगी दिल्ली का हरित क्षेत्र , 11 जुलाई से शुरू होगा वन महोत्सव के तहत वृक्षारोपण महाअभियान : गोपाल राय
पेज 5 जालसाजी का नया तरीका : व्हाट्सएप पर अपर मुख्य सचिव की फोटो लगाकर गिफ्ट कार्ड खरीदने का बना रहा दबाव
पेज 7 इमरान खान के बेडरूम में जासूसी डिवाइस लगाने की कोशिश, बानी गाला का कर्मचारी गिरफ्तार

## असम में बाढ़ : अब तक 126 लोगों की मौत, 22 लाख प्रभावित

### अधिकारी बोले- घट रहा जलस्तर

असम। असम में बाढ़ से रविवार को पांच लोगों की मौत हो गई। इसके बाद राज्य में बाढ़ और लैंडस्लाइड से मरने वालों की संख्या 126 हो गई, जबकि दो लापता हैं। राज्यभर में 22 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। कछार जिले के सिलचर शहर में अभी भी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं, अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि अधिकांश जगहों पर जलस्तर घट रहा है।

असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, रविवार को 28 जिलों में प्रभावित लोगों की संख्या घटकर 22.21 लाख हो गई, जबकि पिछले दिन यह आंकड़ा 25.10 लाख था। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में बाढ़ की स्थिति में सुधार हो रहा है। कई जगहों में जलस्तर घट रहा है। वहीं, 2,542 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं, जबकि 2,17,413 लोगों ने 564 राहत शिविरों में शरण ली है। कोपिली, बराक और कुशियारा नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

#### सिलचर में पहुंचाई जा रही राहत सामग्री

एक सप्ताह से अधिक समय से पानी में डूबे सिलचर शहर में बचाव और राहत कार्यों में तेजी लाई गई है।



जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और वायु सेना मिलकर बाढ़ पीड़ितों की मदद करने में जुटे हुए हैं। हालांकि, एक लाख से अधिक लोग अभी भी इमारतों फंसे हैं, क्योंकि उनके घरों की निचली मंजिल पूरी तरह से जलमग्न हो चुकी है।

कछार के डिप्टी कमिश्नर कीर्ति जल्ली ने कहा कि अनमैन्ड एरियल व्हीकल सिलचर शहर का बाढ़ नक्शा तैयार करने के लिए निगरानी और सर्वेक्षण कर रहा है, ताकि विभिन्न क्षेत्रों में नुकसान की सीमा की पहचान की जा सके और भविष्य में नुकसान को कम करने के उपाय करने में मदद मिल सके।

#### सीएम ने दो बार किया सिलचर शहर का दौर

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को दो दिनों के भीतर दो बार सिलचर का दौरा किया और शहर में राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की।

बेटकुंडी में बांध में दरार के बाद पानी के बहने से सिलचर बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

## उत्तराखंड में महिला और 6 साल की बेटी से रेप

### लिफ्ट देने के बहाने शख्स ने कार में बिठाया था, दुष्कर्म के बाद सड़क पर फेंका



एजेंसी

हरिद्वार। उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के रुड़की में एक महिला और उसकी छह साल की बच्ची के साथ चलती कार में गैंगरेप किया गया। पुलिस के मुताबिक, एक शख्स और उसके दोस्तों ने उन दोनों को लिफ्ट देने के बहाने कार में बिठाया था।

#### आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

पुलिस ने बताया कि महिला यह ठीक-ठीक नहीं बता सकी कि कार में कितने लोग बैठे थे, हालांकि उसने यह बताया कि कार चलाने वाले शख्स का नाम सोनू था। दोनों को रुड़की सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इस बात की पुष्टि हुई कि दोनों के साथ रेप हुआ है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस रजिस्टर किया है। सभी की तलाश जारी है।

#### महिला और बच्ची को नहर के पास फेंक के फरार हुए आरोपी

सुपरिनटैंडेंट ऑफ पुलिस प्रमेंद्र डोवाल ने बताया कि महिला के आरोप के मुताबिक सोनू और उसके दोस्तों ने महिला और बच्ची का रेप किया और एक नहर के पास दोनों को फेंक कर चले गए। महिला किसी तरह आधी रात को पुलिस स्टेशन पहुंची और पुलिस को इस घटना के बारे में बताया।

पुलिस ने बताया कि रात के समय महिला अपनी बेटी के साथ एक मुस्लिम धार्मिक स्थल पीरन कलियार से लौट रही थी, जब उसे सोनू नाम के एक शख्स ने लिफ्ट दी। उस कार में सोनू के कुछ दोस्त भी बैठे थे।


## चारधाम यात्रा में अब तक 203 तीर्थयात्रियों की मौत

### कार्डियक अरेस्ट और अन्य बीमारियां वजह, स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर ने जारी की रिपोर्ट

देहरादून । उत्तराखंड में 3 मई से शुरु हुई तीर्थयात्रा के बाद से अब तक 203 तीर्थयात्रियों की मौत हो चुकी है। ये मौतें कार्डियक अरेस्ट और अन्य बीमारियों के कारण हुई है। इसकी जानकारी उत्तराखंड इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर ने दी है। इन 203 यात्रियों में केदारनाथ यात्रा में 97, बद्रीनाथ धाम में 51, गंगोत्री में 13 और यमुनोत्री में 42 तीर्थयात्री शामिल हैं।

#### 25 लाख से ज्यादा लोग कर चुके यात्रा

इस साल केदारनाथ यात्रा सहित चार धाम यात्रा 3 मई से शुरू की गई है, जहां अब तक 25 लाख से ज्यादा लोग यात्रा कर चुके हैं। हालांकि, पिछले एक हफ्ते में यात्रियों की संख्या में कम हुई है।



#### राज्य सरकार ने पहले ही किया था अलर्ट जारी

चार धाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों की भीड़ को देखते हुए पहले ही राज्य सरकार ने अलर्ट जारी कर दिया था। साथ ही हिमालय के मंदिरों की यात्रा करने से पहले स्वास्थ्य की जांच कराने के आदेश भी दिए थे।

#### वीआईपी एंट्री पर लगी थी रोक

यात्रा शुरू होने के बाद से ही दर्शन के लिए श्रद्धालु भारी मात्रा में पहुंच रहे थे, जिसे लेकर कुछ दिनों पहले ही प्रशासन ने वीआईपी एंट्री पर भी रोक लगा दी थी।

#### श्रद्धालुओं के लिए कोविड सर्टिफिकेट जरूरी नहीं

सरकार और स्वास्थ्य विभाग की ओर से चारधाम यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य सेवाओं के पुख्ता इंतजाम होने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन केदारनाथ और यमुनोत्री धाम के कठिन पैदल मार्गों पर स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ठहरने के पर्याप्त इंतजाम तक नहीं है। चारधाम यात्रा के दौरान राज्य सरकार ने ऐसे तीर्थयात्रियों के लिए न तो हेल्थ फिटनेस सर्टिफिकेट जरूरी किया था और न ही तीर्थयात्रियों की संख्या पर कोई सीमा तय की थी।


## एयरफोर्स अग्निवीर के लिए आए 94 हजार से ज्यादा एप्लिकेशन

### 5 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन फिर परीक्षा, दिसंबर में रिजल्ट



#### हम बिहार के नौजवानों की फिक्र करते हैं और करते रहेंगे

बिहार सरकार में मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा कि अग्निपथ नौजवानों के हित में है। युवाओं के लिए नौकरियां निकली हैं। हम बिहार के नौजवानों की फिक्र करते हैं और करते रहेंगे। आरजेडी उनके कंधे पर बंदूक रखकर सियासत कर रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।



नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना को अग्निपथ योजना के तहत 4 दिनों में 94,281 आवेदन मिले हैं। एक दिन पहले तक 56,960 थे। वायुसेना 3000 अग्निवीरों की भर्ती करने वाला है। इसके लिए 24 जून से आवेदन भरे जा रहे हैं और 5 जुलाई तक भरे जाएंगे। 14 जून को इस योजना की घोषणा के बाद कई राज्यों में हिंसक प्रदर्शन हुए। विपक्ष अभी भी केंद्र से योजना को वापस लेने की मांग कर रहा है।

#### 2 फेज में होगी परीक्षा

एयरफोर्स में 10वीं पास से लेकर डिप्लोमा होल्डर या वोकेशनल कोर्स किए उम्मीदवार भी अग्निवीर बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन परीक्षा 24 जुलाई से 31 जुलाई 2022 तक होगी। इसके बाद 10 अगस्त को फेज 2 के एडमिट कार्ड जारी होंगे। परीक्षा के फेज 2 का आयोजन- 21 से 28 अगस्त 2022 तक होगा। 29 अगस्त से 8 नवंबर 2022 तक मेडिकल- होगा और रिजल्ट 1 दिसंबर 2022 को जारी होगा।

#### उपद्रवी नहीं बन सकेंगे अग्निवीर

भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी ने कहा कि अग्निवीर बनने वाला शपथपत्र देगा कि उसने कोई प्रदर्शन नहीं किया है न तोड़फोड़ की। बिना पुलिस वेरिफिकेशन के कोई सेना में शामिल नहीं होगा। पुरी ने कहा कि युवा फिजिकली तैयार हों, ताकि वह हमारे साथ जुड़कर ट्रेनिंग कर सकें। हमने इस योजना को लेकर हाल में हुई हिंसा का अनुमान नहीं लगाया था। सशस्त्र बलों में अनुशासनहीनता के लिए कोई जगह नहीं है। सभी को लिखित में देना होगा कि वे किसी भी तरह की आगजनी/हिंसा में शामिल नहीं थे।

#### सम्मान और छुट्टी दोनों मिलेंगे

अग्निवीरों की भर्ती को लेकर सबसे बड़ा पेंच छुट्टी और अवार्ड का था। एयरफोर्स ने साफ किया है कि अग्निवीर सभी सैन्य सम्मान और पुरस्कार के हकदार होंगे। इन्हें साल में तीस दिन की छुट्टी भी दी जाएगी। इसके अलावा बीमार होने पर डॉक्टर की सलाह पर सिक लीव भी मिलेगी।

#### अग्निपथ योजना युवाओं को कर देगी बर्बाद : मलिक

मेघालय के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अग्निपथ योजना युवाओं को बर्बाद कर देगी। योजना के तहत नौकरी करने वाले युवा चार साल बाद वापस आकर अपने घर बैठ जाएंगे। उनकी शादी भी नहीं होगी। इस योजना से सेना का सम्मान भी घटेगा। सरकार को इस योजना के बारे में फिर से सोचना चाहिए।

#### ममता ने की अग्निवीरों की रिटायरमेंट उम्र 65 साल करने की मांग

वेस्ट बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार से अग्निवीरों की रिटायरमेंट की उम्र 4 साल से बढ़ाकर 65 साल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले अग्निपथ योजना लोगों के लिए लॉलीपॉप है। इससे पहले भी ममता ने योजना को बीजेपी का कैडर बनाने वाला बताया था।

#### प्राइवेट में 10 हजार से अच्छी 40,000 की नौकरी

अग्निपथ योजना पर गुजरात भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल ने कहा कि इस योजना में जो युवा जाना नहीं चाहते हैं तो वो नहीं जा सकते हैं। दूसरा, अगर कोई ग्रेजुएट युवा प्राइवेट में 10 हजार रुपए की नौकरी करने जाता है, तो उसकी जगह यहां उसे हर महीने 40 हजजार रुपए मिलते हैं, तो 4 साल के हिसाब से उसे 16 साल के लिए काम मिल गया।


उन्होंने योजना की तारीफ करते हुए कहा कि इसके बाद उसे 12 लाख रुपए मिलते हैं और हर साल 1 महीने की छुट्टी भी मिलती है। मिलिट्री, गृह मंत्रालय और अन्य जगहों पर 10त्न का आरक्षण मिलेगा। समाज में उसे मान सम्मान मिलेगा, तो इस योजना में युवाओं को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

## यूपी में बदला मौसम : लखनऊ में हुई बूंदाबांदी

### मौसम विभाग का अनुमान- आने वाले दिनों में होगी झमाझम बारिश

कानपुर। लखनऊ में शाम को अचानक से हल्की बूंदाबांदी होने लगी। इससे मौसम सुहावना हो गया। मौसम विभाग का कहना है कि 30 जून तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। बीच-बीच में बारिश होती रहेगी। दोपहर करीब तीन बजे शहर के चिनहट, गोमती नगर विस्तार, सरोजनीनगर और मोहनलालगंज में बारिश हुई। इसके बाद भी बादल बने रहे। मेरठ, कानपुर और वाराणसी में भी देर शाम बादल छाए गए, लेकिन बारिश नहीं हुई। मौसम विभाग देर रात तक बारिश होने की संभावना जता रहा है।

जेपी गुप्ता ने बताया कि मानसून का पहला चरण उत्तर प्रदेश में प्रवेश करते ही कमजोर पड़ गया है। पहले चरण के मानसून ने पश्चिम बंगाल से सक्रिय होकर गुजरातग झारखंड़ और बिहार



होते हुए दक्षिण-पूर्वी यूपी में प्रवेश किया था। मगर, यह मानसून कमजोर होने के कारण थम गया था।

#### वाराणसी में गर्मी और उमस फिर से बढ़ने लगी है

मौसम विज्ञान विभाग का अनुमान है कि वाराणसी में अच्छी खासी बरसात हो सकती है। मगर, वाराणसी में आज तेज धूप खिली हुई है। गर्मी और उमस फिर से बढ़ने लगी है। वाराणसी में आज सुबह का तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस रहा। रविवार की रात वाराणसी का मिनिमम टेंपरेचर डिग्री सेल्सियस और मैक्सिमम टेंपरेचर डिग्री सेल्सियस था। दोनों तापमान सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है।

#### मेरठ और आस-पास के इलाकों में सोमवार से हल्की धूप

मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, बुलंदशहर और आस-पास के जिलों में सोमवार सुबह से ही हल्की धूप खिली हुई है। मौसम विभाग का कहना है कि एनसीआर, और आसपास के जिलों में बूंदाबांदी की संभावना है। कुछ जिलों में दिन में बादल छाएंगे। बीच में हल्की धूप भी खिलेगी।

अभी तक अधिकतम तापमान ने लोगों को परेशान कर दिया था। जून में प्री-मानसून बारिश शुरू होने के बाद लू का असर खत्म हो गया है। अब न्यूनतम तापमान बढ़ने से लोगों को गर्मी सता रही है। रविवार को आगरा, कानपुर, लखनऊ में मिनिमम टेंप्रेचर 30 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया।

#### क्यों बढ़ रहा है मिनिमम टेंप्रेचर

जब बादल धरती के वातावरण में निचले स्तर पर होते हैं, तो गर्मी का अहसास अधिक होता है। इसका कारण यह है कि दिन में धरती गर्म होती है और सूरज ढलने के बाद बादलों की वजह से गर्म हवाएं बादलों से टकरा कर वातावरण के निचले स्तर पर ही बनी रहती हैं। यही कारण हैं कि मिनिमम टेंप्रेचर में बढ़ोतरी हो रही है और रातें गर्म होने लगी हैं।

## केरल और महाराष्ट्र में कोरोना पॉजिटिविटी रेट 15 प्रतिशत के पार

### इन दो राज्यों में करीब 10 हजार नए केस, देशभर में 15,054 नए मरीज मिले

नई दिल्ली। देश में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। बीते दिन कोरोना के 15,054 नए मरीज सामने आए और 16 मरीजों की मौत हो गई। राहत की खबर यह है कि इलाज करवा रहे 13,485 मरीजों की कोरोना रिपोर्ट निगेटिव आ गई। देश में अभी कोरोना के एक्टिव केस 92 हजार 724 हैं। इससे एक दिन पहले कोरोना के 11,578 नए केस मिले, जबकि 25 मरीजों की मौत हो गई।

रविवार को भारत में डेली पॉजिटिविटी रेट भी घटकर 2.59 प्रतिशत हो गया है, वहीं वीकली पॉजिटिविटी रेट 3.25 प्रतिशत दर्ज किया गया। बता दें कि हाल ही में देश में कोरोना पॉजिटिविटी रेट 4.39 प्रतिशत पर पहुंच गया था।

#### केरल और महाराष्ट्र में पॉजिटिविटी रेट 15 प्रतिशत के पार

अगर राज्यों में कोरोना की स्थिति की बात करें तो महाराष्ट्र और केरल में हालात बिगड़ते जा रहे हैं। बीते दिन महाराष्ट्र में कोरोना के 6,493 नए मामले मिले, जबकि 5 मरीजों की मौत हो गई। राज्य में कोरोना पॉजिटिविटी रेट बढ़कर 16.48त्न हो गया है और 24 हजार 608 मरीज कोरोना संक्रमित हैं। केरल में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 3,378 नए केस मिले और 6 मरीजों की मौत हो गई। केरल में कोरोना पॉजिटिविटी रेट बढ़कर 17.19 प्रतिशत हो गया है। वहीं 26 हजार से अधिक मरीज कोरोना का इलाज करवा रहे हैं। कोरोना टेस्टिंग की बात करें तो बिहार में सबसे ज्यादा 1 लाख 31 हजार 812 सैंपल जांच के लिए भेजे गए। जिसमें से 142 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। 1 लाख 566 सैंपल जांच के लिए भेजने के साथ यूपी टेस्टिंग में दूसरे स्थान पर रहा।

सिलेंडर विस्फोट

### 10 से ज्यादा लोग मलबे में दबे; 6 थानों की फोर्स रेस्क्यू में जुटी

## मेरठ में सिलेंडर फटने से ढहे 3 मकान : दो की मौत

एजेंसी

मेरठ। मेरठ में सोमवार की शाम एक मकान में गैस सिलेंडर फट गया। धमाका इतना तेज था कि जिस मकान में ये विस्फोट हुआ है, वह छत समेत धराशायी हो गया। आसपास के 2 मकान भी ढह गए। इस हादसे में 2 लोगों की मौत हुई है। जबकि 10 से ज्यादा लोगों के मलबे में दबे की आशंका है।

सूचना पर 6 थानों की पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच गई। छ्वरू दीपक मीणा और स्स्क्क रोहित सिंह सजवान भी मौके पर पहुंच गए हैं। 4 बुलडोजर लगाकर मलबे को हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। मामला लिसाड़ीगेट इलाके का है। धमाके की गूंज एक किमी तक सुनाई दी है।

यह घटना समर गार्डन में 60 फुटा रोड पर हुई है। पुलिस इस बात की जांच में भी जुटी है कि विस्फोट की असली वजह क्या है? सूत्रों का कहना है कि जब पुलिस मौके पर तो कुछ पटाखे भी मिले। पुलिस को आशंका है कि कहीं अवैध तरीके से पटाखे तो नहीं बन रहे थे।

#### पुलिस ने 1 मौत की पुष्टि की

एसपी सिटी विनीत भटनागर ने बताया कि अभी तक 1 महिला की मौत हुई है, जबकि 8 लोग घायल हैं। मृतका का नाम शमीमा है। इसके अलावा घायलों में वसीम, उजेर (6), जिकरा (4), शगुफ्ता, रोजी, अस्सो (3) शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अभी भी मलबा हटाया जा रहा है। मलबा हटने के बाद ही स्थिति साफ होगी। उन्होंने बताया कि इंतजार, सरफराज और आदिल के मकान गिरे हैं।

उधर, स्थानीय लोगों का कहना है कि मकान में अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। पटाखों में विस्फोट होने से मकान गिरे हैं। हालांकि पुलिस ने अभी इस बात की पुष्टि नहीं की है। राहत-बचाव कार्य जारी है।



नई दिल्ली
मंगलवार 28 जून 2022
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### कांग्रेस दुराचार की घटना के विरोध में मंगलवार को सरकार का पुतला फूंकेगी

देहरादून। उत्तराखण्ड कांग्रेस हरिद्वार जिले में महिला से हुई बलात्कार की घटना के विरोध में मंगलवार को राज्य सरकार का पुतला दहन करने के साथ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपेंगी। प्रदेश में संगठन के महामंत्री विजय सारस्वत ने सोमवार को बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा जी के निर्देश पर कांग्रेसजन कल 28 जून को रूडकी, हरिद्वार एवं देहरादून में महिला से हुए दुराचार की घटना के विरोध में सरकार का पुतला दहन करेंगे। सारस्वत ने बताया कि राज्य सरकार के मात्र दो माह के अल्प कार्यकाल में प्रदेश में हत्या, चोरी, डकैती, मासूमों से बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों की घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है। राज्य में इस तरह की लगातार हो रही घटनाएं कानून व्यवस्था खामियों उजागर करती है। राज्य की जनता में भय का मौहाल व्याप्त है तथा आमजन विषेशकर महिलाएं अपने को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। महामंत्री ने इस दौरान राज्य में विगत दो माह के अन्तर्गत घटित जघन्य अपराधों से सम्बन्धित विभिन्न घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक संजीव आर्य पर धार दार हथियार से जानलेवा हमला तथा अब हरिद्वार में महिला से हुए बलात्कार की घटना ने राज्य सरकार की कानून व्यवस्था की पोल खोल दी है।

### आप ने उत्तराखंड में बनाए 14 सोशल मीडिया अध्यक्ष

देहरादून। उत्तराखण्ड में बिना प्रदेश अध्यक्ष के चल रही आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को संगठन विस्तार करते हुए 14 जिलों में सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किये है। देहरादून स्थित प्रदेश कार्यालय में पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष और सोशल मीडिया प्रभारी उमा सिसोदिया ने आज 14 जिलों में नए पदाधिकारीयों को जिला सोशल मीडिया प्रभारी घोषित किया। सिसोदिया ने समवाददाताओं को यह जानकारी देते हुए बताया कि एक महीने के अंदर आप सभी विधानसभाओं में पार्टी की नीतियों को अधिकतर युवाओं का पहुंचाने वाले 100 से ज्यादा सोशल मीडिया कर्मियों की तैनाती करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी हर वर्ग पर अपना ध्यान रख रही है, लेकिन युवाओं पर आम आदमी का फोकस इसलिए ज्यादा है। क्योंकि युवा ही हमारे देश का आने वाला भविष्य हैं और युवा ही देश का भविष्य आने वाले समय में तय करेंगे। उन्होंने कहा इसके साथ ही एक महीने के भीतर ही सभी अन्य जिला अध्यक्षों की नियुक्ति आम आदमी पार्टी द्वारा कर दी जाएगी। दूसरी ओर, पार्टी के गढ़वाल मीडिया प्रभारी रविंद्र आनंद ने बताया कि हमारा पूरा फोकस संगठन विस्तार को लेकर है। 2023 के स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर पार्टी लगातार धरातल पर काम कर रही है। संगठन के विस्तार के साथ-साथ कार्यकर्ताओं को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

### हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश के शपथ समारोह की तैयारी शुरू

देहरादून। उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय (हाईकोर्ट) के मुख्य न्यायधीश (चीफ जस्टिस) के शपथ समारोह की तैयारी शुरू हो चुकी है। देहरादून के जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार में लाईजन अधिकारियों एवं अन्य व्यवस्था में लगे अधिकारियों के साथ सोमवार को तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी लाईजन अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्व को गंभीरता पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जिस किसी अधिकारी-कार्मिक के मन में किसी प्रकार की कोई शंका है तो उसका अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं नगर मजिस्ट्रेट से बातचीत कर समाधान कर ले, ताकि ड्यूटी के दौरान किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने ड्यूटी स्थल पर समय पर पहुंचने के निर्देश भी दिए। बैठक में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी आर.सी तिवारी, अपर जिलाधिकारी के.के मिश्रा व डॉ0 शिव कुमार बरनवाल, नगर मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान, उप जिलाधिकारी सौरभ असवाल, विनोद कुमार व युक्ता मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 मनोज कुमार उप्रेती, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल सहित संबंधित अधिकारी तथा कार्मिक उपस्थित रहे।

### उत्तराखंड में 22.44 लाख से अधिक डिजिटल हेल्थ आईडी बने

देहरादून। उत्तराखण्ड के लोग स्वास्थ्य के प्रति बहुत जागरूक हैं। इसका प्रमाण आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के अंतर्गत अभी तक बने 22 लाख, 44 हजार, 889 स्वास्थ्य पत्रावली (हेल्थ आईडी) है। राज्य के स्वास्थ्य प्राधिकरण (एसएचए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अरुणेन्द्र चौहान ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र की ओर संचालित इस योजना के अंतर्गत प्रदेश में रहने वाले हर व्यक्ति की हेल्थ आईडी बनाई जानी है। जिसमें उसका स्वास्थ्य संबंधी सारी जानकारियां रहेंगी। उन्होंने बताया कि 913 चिकित्सा सेवाएं देने वालों डाक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ में नर्सों ने स्वयं को इस मिशन में हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स रजिस्ट्री के तहत पंजीकृत किया है। चौहान ने बताया कि स्वास्थ्य सुविधा पंजीकरण (एचएफआर) के अंतर्गत, चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराने वाले 130 अस्पतालों ने भी खुद को एबीडीएम में पंजीकृत कर दिया है। उन्होंने बताया कि डिजिटल हेल्थ आईडी, एचपीआर और एचएफआर को बनाने का कार्य निरंतर चल रहा है। उन्होंने इसके लाभ बताते हुए कहा कि कार्ड धारक की स्वास्थ्य संबंधी सभी जानकारियां एक जगह सुरक्षित स्टोर होंगी। हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स रजिस्ट्रेशन के जरिए अपने चिकित्सक को लेकर उसका अध्ययन और विषेशज्ञता के बारे में संपूर्ण जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि एचएफआर से हर कोई मरीज अस्पताल में स्वास्थ्य की देखभाल करने वाले कार्मिक की विशिष्टता, विषेशज्ञता और अनुभव के बारे में जानकारी ले सकेगा।

### किसान मोर्चा करेगा हितग्राही किसान चौपाल

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह ने कहा कि प्रदेश में किसान मोर्चा हितग्राही किसान चौपाल करेगा। श्री सिंह ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं नगरीय निकाय चुनाव की दृष्टिगत हुई बैठक में कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के निर्देशानुसार हितग्राही किसान चौपाल कार्यक्रम 28 जून से 03 जुलाई के मध्य आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों के मतदान केंद्रों पर न्यूनतम 100 किसानों की किसान चौपाल आयोजित की जावेगी। चौपाल में वरिष्ठ नेता संवाद करेंगे एवं कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं किसान मोर्चे के पदाधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। हितग्राही किसान चौपाल कार्यक्रम 28 जून को हलहारिणी अमावस्या के पवित्र दिन पर हल, टेक्टर एवं कृषियंत्र आदि के पूजन भी किए जायेंगे। बैठक में किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री, जिला चुनाव प्रभारी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, समस्त मंडल महामंत्री उपस्थित रहे।

### शिवराज ने पीपल, नीम और कदंब का पौधा रोपा

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यहां स्मार्ट सिटी उद्यान में आज पीपल, नीम और कदंब का पौधा रोपा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्री चौहान के साथ एनिमल विद ह्यूमेनिटी संस्था की इशिका काकड़े, अयान अली, गीतिका काकड़े, अक्षत मेहता, प्रणव कुकटकर, सार्थक महाजन, मैत्री बघेल और देवीना मिश्रा ने नीम का पौधा रोपा। इसके अलावा श्री चौहान ने पीपल और कदंब के पौधे लगाए। पशु कल्याण के क्षेत्र में कार्य कर संस्था जरूरतमंद जीवों के उपचार, उनके पालन-पोषण, टीकाकरण, भोजन और पानी की व्यवस्था के लिए कई गतिविधियाँ संचालित करती है। साथ ही बेजुबान पशुओं की देखभाल के लिए जन-सामान्य में जागरूकता लाने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।पीपल वृक्ष पर्यावरण शुद्ध करने वाला वृक्ष माना गया है। यह छायादार वृक्ष के रूप में भी जाना जाता है। इसका धार्मिक और आयुर्वेदिक महत्व भी है। एंटीबायोटिक तत्वों से भरपूर नीम को औषधि के रूप में जाना जाता है। भारत में सभी जगह कदंब का वृक्ष पाया जाता है। यह औषधीय गुणों से भरपूर होता है।

# अभी जेल में ही रहेंगे सत्येंद्र जैन

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने न्यायिक हिरासत 14 दिन और बढ़ाई

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन को अभी कुछ और दिन जेल में ही रहना होगा।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार जैन की न्यायिक हिरासत स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने सोमवार को 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है।



विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने यह आदेश ईडी की उस याचिका पर दिया जिसमें सत्येंद्र जैन की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ाने की मांग की गई थी। इससे पहले दिन में न्यायाधीश ने यह कहते हुए याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था कि कार्यवाही के दौरान ना तो सत्येंद्र जैन और ना ही उनका प्रतिनिधित्व करने वाला कोई वकील अदालत में मौजूद था।

सत्येंद्र जैन के अस्पताल में भर्ती होने के बारे में बताए जाने के बाद कोर्ट ने ईडी को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिन में बाद में जैन की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। ऑक्सीजन का स्तर गिरने के बाद उन्हें पिछले सप्ताह दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

जज ने ईडी की याचिका पर दलीलें सुनीं और जैन की न्यायिक हिरासत और 14 दिनों के लिए बढ़ा दी। ईडी ने 57 वर्षीय जैन को 30 मई को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था।

### अग्निपथ के खिलाफ कांग्रेस का सत्याग्रह

हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश)। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी के सह प्रभारी गुरकीरत सिंह कोटली ने रविवार को कहा कि पार्टी अग्निपथ मुद्दे पर भाजपा नीत केंद्र सरकार के खिलाफ सत्याग्रह शुरू करेगी। उन्होंने भारतीय सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना को युवा विरोधी करार दिया। कोटली ने आज गजोह गांव में पार्टी के जिला स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने महंगाई काफी बढ़ा दी है, जिसके चलते हमीरपुर में इस सम्मेलन का आयोजन किया गया ताकि लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जा सके। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, डबल इंजन की सरकार पूरी तरह से विफल हो गई है। और इनके द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का दुरूपयोग किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र राणा, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष इंद्रदत्त लखनपाल, जिलाध्यक्ष राजेंद्र जार, राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष अनीता वर्मा, कांग्रेस महासचिव जगजीत ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। श्री कोटली ने कहा कि अग्निपथ भाजपा सरकार द्वारा देश की जनता पर थोपी गई योजना है। सैनिकों ने इस योजना को ठुकरा दिया है।

# शराबबंदी के बाद युवा पीढ़ी स्मैक, हेरोइन जैसे अन्य नशे के शिकार हो रहे हैं : रामकृपाल

एजेंसी

पटना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने आज कहा कि बिहार में शराबबंदी के बाद युवा पीढ़ी स्मैक, हेरोइन जैसे अन्य नशे के शिकार हो रहे हैं, इसलिए सरकार को इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है ।

मादक द्रव्यों के दुरूपयोग एवं अवैध व्यपार के विरुद्ध अन्तर्राष्ट्रीय दिवस पर रविवार को यहां आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल श्री यादव ने बिहार में शराबबंदी कानून बनाने के लिए राज्य सरकार को बधाई दी, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि सिर्फ कानून बनाना ही काफी नहीं है, इसके खिलाफ माहौल बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी के साइड इफ़ेक्ट को कैसे रोका जाय, इस पर भी विचार करने की जरूरत है। शराबबंदी के बाद युवा पीढ़ी स्मैक हेरोइन जैसे अन्य नशे के शिकार हो रहे है।

यादव ने नशे के आदि लोगो को इसकी लत छुड़ाने और उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए अनिकेत सेवा की ओर से संचालित सवेरा समेकित नशाग्रस्त पुनर्वास केंद्र के प्रयासों की सहराना की । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को भी ऐसी संस्था को मदद करनी चाहिए।

इस मौके पर पटना की पूर्व महापौर सीता साहू ने कहा कि आज के दिन हमें नशामुक्त भारत बनाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने भींसंस्था द्वारा नशामुक्ति की दिशा में किये जा रहे कार्यो की सहराना की।

अनिकेत सेवा के अध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा ने संस्था द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों और उसकी उपलब्धियो की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यहां नशे के आदि लोगो का मुफ्त इलाज होता है।

समारोह में वरिष्ठ पत्रकार महेश कुमार सिन्हा , प्रसून सिन्हा , सरदार शेर सिंह और शशिकांत मिश्रा समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# अग्निवीर बनने के लिए वायुसेना को मिले 56 हजार से अधिक आवेदन

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना को अग्निपथ भर्ती योजना के तहत 56,960 आवेदन प्राप्त हुए हैं। योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया इसके खिलाफ कई राज्यों में हिंसक विरोध प्रदर्शन के एक हफ्ते बाद शुक्रवार को शुरू हुई थी। वायुसेना ने रविवार को ट्वीट किया, 56960 ! यह अग्निपथ भर्ती आवेदन प्रक्रिया के जवाब में वेबसाइट पर भविष्य के अग्निपथ से अब तक प्राप्त आवेदनों की कुल संख्या है। पंजीकरण पांच जुलाई को बंद हो जाएगा।

14 जून को अग्निपथ योजना पेश करते हुए, सरकार ने कहा था कि साढ़े 17 से 21 वर्ष की आयु के युवाओं को चार साल के कार्यकाल के लिए भर्ती किया जाएगा, जिनमें से 25 प्रतिशत को बाद में नियमित सेवा के लिए शामिल किया जाएगा। देश के कई हिस्सों में इस योजना के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए थे। अब इतने सारे आवेदन मिलने पर सवाल उठ रहा है कि आखिर इसके विरोध का कितना असर हुआ।

#### अग्निवीरों के लिए वरीयता जैसे कई कदमों की घोषणा

सरकार ने 16 जून को इस योजना के तहत भर्ती के लिए ऊपरी आयु सीमा को वर्ष 2022 के लिए 21 से बढ़ाकर 23 वर्ष कर दिया था। साथ ही बाद में उनकी सेवानिवृत्ति पर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों में उनके लिए वरीयता जैसे कई कदमों की घोषणा की थी।

#### राज्य पुलिस बलों में शामिल होने में भी प्राथमिकता

भाजपा शासित कई राज्यों ने भी घोषणा की कि अग्निवरों को राज्य पुलिस बलों में शामिल होने में प्राथमिकता दी जाएगी।

सशस्त्र बलों ने हालांकि यह स्पष्ट कर दिया है कि नई भर्ती योजना के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन और आगजनी करने वालों को भर्ती प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा।

# संजय राउत को ईडी का समन, जमीन घोटाले में पूछताछ के लिए आज मुंबई दफ्तर बुलाया

मुंबई। महाराष्ट्र में जारी सियासी संकट के बीच शिवसेना के सीनियर नेता संजय राउत को ईडी ने समन जारी किया है। उन्हें 28 जून को मुंबई स्थित ईडी दफ्तर में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। राउत को पतरा चौल जमीन घोटाले के केस मे समन भेजा गया है। अधिकारियों ने बताया कि राज्यसभा के सदस्य राउत से कहा गया है कि वह 28 जून को दक्षिण मुंबई में स्थित एजेंसी के दफ्तर में उसके अधिकारियों के सामने पेश हों और धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत अपना बयान दर्ज कराएं। ईडी ने अप्रैल में राउत की पत्नी वर्षा राउत और सांसद के दो सहयोगियों की 11.15



करोड़ रुपये की संपत्ति को अस्थायी तौर पर कुर्क कर लिया था। संजय राउत को समन भेजे जाने पर शिवसेना ने सवाल उठाया है। पार्टी की प्रवक्ता प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि एजेंसी ने भाजपा के प्रति अपनी परमभक्ति का उदाहरण पेश किया है। इसी के तहत उन्हें समन जारी किया गया है। यही नहीं टीएमसी का भी रिएक्शन आया है और पार्टी का कहना है कि महाराष्ट्र की सरकार को गिराने के लिए संजय राउत को ईडी ने नोटिस दिया है। संजय राउत को नोटिस के बाद माना जा रहा है कि महाराष्ट्र की सियासत में ईडी की भी एंट्री हो सकती है। पहले भी शिवसेना केंद्र सरकार पर एजेंसियों के बेजा इस्तेमाल का आरोप लगाती रही है। ऐसे में साफ है कि एक बार फिर से वह इसे राजनीतिक कार्रवाई बता सकती है। बता दें कि एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना से बगावत के पूरे एपिसोड में संजय राउत बेहद मुखर रहे हैं और बागी विधायकों पर हमला बोलते रहे हैं। यही नहीं वह तो शिवसेना के बागियों को मुंबई आने तक की चुनौती देते रहे हैं। उन्होंने कहा था कि शिवसैनिकों के धैर्य की परीक्षा ली जा रही है और वे सड़कों पर उतरे तो कुछ भी हो सकता है। संजय राउत ने आज ही इस पूरे विवाद को लेकर कहा था कि शिवसेना स्ट्रीट फाइट में भी उतरेगी और कानूनी लड़ाई भी लड़ेगी। गौरतलब है कि बागी विधायक भी लगातार संजय राउत पर ही हमला बोलते रहे हैं। शिंदे गुट ने उद्धव ठाकरे के नाम लिखे पत्र में भी इशारों में ही संजय राउत पर हमला बोलते हुए कहा था कि जो लोग राज्यसभा में हैं, वे चुने हुए नेताओं को नजरअंदाज करते हैं और सीएम तक उनकी पहुंच नहीं होने देते हैं।

# ऑनलाइन रम्मी गेम पर गठित समिति ने रिपोर्ट तेलंगाना सरकार को सौंपी

चेन्नई। मद्रास उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीन के चंद्रू के नेतृत्व में चार सदस्यीय समिति ने ऑनलाइन रम्मी गेम को राज्य में प्रतिबंध करने की अपनी रिपोर्ट सोमवार को तमिलनाडु सरकार को सौंप दी।

राज्य के सचिवालय में समिति द्वारा मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को अपनी रिपोर्ट सौंपने के कुछ ही देर बाद राज्य सरकार ने कहा कि समिति की अनुशंसा पर उचित कदम उठाए जायेंगे। इस रिपोर्ट पर राज्य मंत्रिमंडल आज चर्चा करेगा।

राज्य में कई लोगों की ऑनलाइन रम्मी गेम से जान जाने के बाद कैबिनेट इस गेम पर प्रतिबंध लगाने वाली अध्यादेश पर निर्णय ले सकती है।

ऑनलाइन रम्मी गेम से पैसे डूबने के कारण अत्महत्या के बढे मामलों के बीच तमिलनाडु सरकार ने दस जून को इस गेम पर प्रतिबंध लगाने और अध्यादेश जारी करने के सुझावों के लिए एक समिति गठित की थी।

स्टालिन ने इस सामाजिक खतरे को समाप्त करने के लिए सरकार और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसके बाद उन्होंने आईआईटी मद्रास के तकनीकि विशेषज्ञ प्रोफेसर शंकर रमन, प्रसिद्ध मानसिक रोग विशेषज्ञ और आत्महत्या को रोकने के लिए एक गैर सरकारी संस्थान स्नेहा के संस्थापक लक्ष्मी विजयाकुमार और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विनित देव वानखड़े को लेकर एक समिति का गठन किया।

समिति को ऑनलाइन रम्मी के दुष्परिणामों की जांच और इसपर उसकी सुझाव देने को कहा गया था।

# सरबजीत सिंह की बहन दलवीर कौर का निधन

नई दिल्ली। 2013 में पाकिस्तान की जेल में कैदियों की ओर से बेरहमी से पीटे जाने के बाद मारे गए सरबजीत सिंह की बहन दलबीर कौर का निधन हो गया है। वह 67 वर्ष की थीं। दलबीर कौर उस समय सुर्खियों में आईं, जब उन्होंने पाकिस्तान की जेल से अपने भाई की रिहाई के लिए अभियान चलाया था। सरबजीत 1991 से पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बम विस्फोटों में शामिल होने के आरोप में जेल में बंद थे। परिजनों के अनुसार कौर ने शनिवार रात सीने में तेज दर्द की शिकायत की थी और उन्हें अमृतसर में एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

सरबजीत सिंह की बेटी पूनम ने बताया कि दलबीर पिछले एक साल से फेफड़ों की बीमारी से जूझ रही थीं। उन्होंने बताया कि जब उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था तो डॉक्टर्स का कहना था कि उनकी हालत गंभीर है।

उन्हें आईसीयू में रखा गया और कुछ देर बाद वेंटिलेटर पर रखा गया। दलबीर को कुछ घंटों बाद मृत घोषित कर दिया गया। अप्रैल 2013 में लाहौर जेल में कैदियों की ओर से किए गए हमले के छह दिन बाद सरबजीत सिंह (49) की मौत हो गई थी। जेल में सरबजीत पर ईंटों और अन्य धारदार वस्तुओं से हमला किया गया था और उनकी पीठ व सिर में चोटें आई थीं। वह कोमा में चले गए थे। सरबजीत को पाकिस्तानी अदालत ने आतंकवाद और जासूसी करने का दोषी ठहराया गया था। 1991 में उन्हें मौत की सजा सुनाई गई थी। हालांकि, पाकिस्तानी सरकार ने 2008 में अनिश्चित काल के लिए उनकी फांसी पर रोक लगा दी थी।

सरबजीत का पार्थिव शरीर लाहौर से अमृतसर लाया गया था, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। कई साल पहले दलबीर कौर ने अपने भाई को जेल से छुड़ाने के लिए अलग-अलग मंचों पर आवाज उठाई थी। दलबीर अपने भाई सरबजीत सिंह की दो बेटियों और पत्नी सहित अपने परिवार के सदस्यों के साथ दो बार लाहौर की कोट लखपत राय जेल में उनका हालचाल जानने गई थीं।

# यशवंत सिन्हा ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए किया नामांकन, राहुल गांधी और शरद पवार थे साथ

नई दिल्ली। विपक्ष के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने नामांकन कर दिया है। इसे मौके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और एनसीपी के लीडर शरद पवार समेत कई विपक्षी नेता उनके साथ मौजूद थे। यही नहीं समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव, सीपीएम के महासचिव सीताराम येचुरी और टीएमसी के सुधींद्र कुलकर्णी समेत कई अन्य विपक्षी नेता मौजूद थे। कांग्रेस के राज्यसभा में नेता मल्लिकार्जुन खड़गे भी इस मौके पर थे, जो राहुल गांधी के बगल में बैठे नजर आए।

इसके अलावा आज सुबह ही यशवंत सिन्हा की उम्मीदवारी को समर्थन करने वाली तेलंगाना की सत्ताधारी पार्टी टीआरएस के नेता भी पहुंचे थे। जम्मू कश्मीर से फारूक अब्दुल्ला भी इस मौके पर समर्थन जाहिर करने पहुंचे थे। यशवंत सिन्हा सत्ताधारी एनडीए गठबंधन की ओर से उतारी गईं द्रौपदी मुर्मू को चुनौती देंगे। हालांकि द्रौपदी मुर्मू की जीत काफी हद तक तय मानी जा रही है। इसकी वजह यह है कि एनडीए बहुमत के



आंकड़े से थोड़ी ही दूर है, जबकि वाईएसआर कांग्रेस, बीजू जनता दल जैसी पार्टियों ने उनके समर्थन का ऐलान किया है। ऐसे में मुर्मू की जीत तय मानी जा रही है।

#### सीपीएम की बंगाल यूनिट ने यशवंत के नाम पर जताई थी आपत्ति

बता दें कि विपक्ष की ओर से राष्ट्रपति उम्मीदवार को लेकर कई राउंड मंथन चला था और उसके बाद यशवंत सिन्हा के नाम पर मुहर लगी थी। हालांकि उन्हें लेकर मतभेद भी देखने को मिल रहे हैं और सीपीएम की बंगाल यूनिट ने उनके नाम का यह कहते हुए विरोध किया है कि वह भाजपा से जुड़े रहे हैं। उनके नाम पर फैसले से पहले विपक्षी दलों और ममता बनर्जी ने शरद पवार से उम्मीदवार बनने का आग्रह किया था, लेकिन उन्होंने इसे खारिज कर दिया था। उनके अलावा महात्मा गांधी के पौत्र ने भी इससे इनकार किया था। इसके चलते अंत में यशवंत सिन्हा के नाम पर ही सहमति बनी थी।

#### नामांकन के मौके पर विपक्ष ने दिखाई एकजुटता

टीआरएस के नेता की मौजूदगी विपक्षी खेमे के लिहाज से महत्वपूर्ण है, हालांकि कांग्रेस की सहयोगी झारखंड मुक्ति मोर्चा सिन्हा के नामांकन से दूर रही। माना जा रहा है कि झामुमो ने अभी यह फैसला नहीं किया है कि विपक्ष के उम्मीदवार और राजग के उम्मीदवार में से किसका समर्थन करना है। नामांकन दाखिल करने के बाद सिन्हा ने संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी और भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली राजग सरकार में वित्त और विदेश मंत्री जैसे अहम पदों पर रह चुके सिन्हा आगामी 28 जून को तमिलनाडु से अपने चुनाव प्रचार अभियान का आगाज कर सकते हैं। इस अभियान के पहले चरण में ही वह कर्नाटक एवं केरल का भी दौरा कर सकते हैं।

#### रामनाथ कोविंद का 24 जुलाई को खत्म हो रहा कार्यकाल

विपक्षी दलों ने सिन्हा को 21 जून को अपना साझा उम्मीदवार घोषित किया था। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने पिछले सप्ताह शुक्रवार को नामांकन दाखिल किया था। राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 18 जुलाई को होना है। मतगणना 21 जुलाई को होगी। वर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है।


# नशा मुक्त गांव को प्रदान किया जाएगा दो लाख रूपए का पुरस्कार : शिवराज

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि समरस पंचायतों में नशा मुक्ति का अभियान चलाया जाए। नशा मुक्त गांव को विशेष रूप से दो लाख रूपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्री चौहान मुख्यमंत्री निवास परिसर में निर्विरोध निर्वाचन द्वारा समरस पंचायतों का गठन करने वाले प्रतिनिधियों के अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री चौहान ने पंचायत प्रतिनिधियों को निर्विरोध निर्वाचित करने वाले ग्रामवासियों का आभार माना। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम को नशा मुक्त बनाने के लिए आपसी बातचीत और विभिन्न प्रेरणास्पद गतिविधियों से वातावरण निर्मित किया जाए। यह सुनिश्चित करें कि हमारी पंचायतें 'बेटी फेंडली' हों। समरस पंचायतों सहित सभी पंचायतों में बेटियों का मान, सम्मान और इज्जत बढ़े। बेटा-बेटी को बराबर माना जाए। मां, बहन, बेटी की तरफ गलत नजर से देखने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। समरस पंचायतों को अपने काम से पूरे देश में उदाहरण प्रस्तुत करना है। जनता की सेवा, गाँव का विकास, आँगनवाड़ी, स्कूल, पंचायत, सामुदायिक भवन का व्यवस्थित और परिणाममूलक संचालन हमारी प्राथमिकता हो। हम यह सुनिश्चित करें कि हमारी पंचायत में कोई बच्चा कुपोषित नहीं रहे। श्री चौहान ने नारी सशक्तिकरण को समर्पित गीत की ध्वनि के साथ दीप प्रज्ज्वलन तथा कन्या-पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री निवास आये पंचायत प्रतिनिधियों का श्री चौहान ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया, सांसद रमाकांत भार्गव, पूर्व मंत्री रामकृष्ण कुसमरिया, विधायक सीताराम आदिवासी सहित जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में सरपंचों द्वारा मुख्यमंत्री श्री चौहान का अभिनंदन किया गया। नर्मदापुरम जिले की तहसील बनखेड़ी की ग्राम पंचायत उमरधा की निर्विरोध निर्वाचित सरपंच जागृति सिंह जूदेव और सीहोर जिले के बुधनी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत चिपरी के निर्विरोध निर्वाचित सरपंच अमित चौहान ने अपने अनुभव तथा ग्राम विकास को लेकर अपनी प्राथमिकताएं और कार्य-योजना प्रस्तुत की। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में 630 सरपंच, 157 जनपद पंचायत सदस्य और एक जिला पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। किसी भी पंचायत में सरपंच का निर्वाचन निर्विरोध रूप से होने पर 5 लाख रूपए, सरपंच पद के लिए वर्तमान और पिछला निर्वाचन निरंतर निर्विरोध होने पर 7 लाख रूपए तथा सभी पंच और सरपंच निर्विरोध निर्वाचित होने पर 7 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

## शार्ट न्यूज

### डॉ जैन को केंद्रिय मंत्री नितिन गडकरी ने उनके कार्यो के लिए सम्मानित किया



Dr. Shriyans Jain honoured by Shri Nitin Gadkari (Central Minister of India)

**नई दिल्ली।** डॉ श्रेयांस जैन, डॉ एस के जैन बर्लिंगटन क्लिनिक प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ हैं, जहां वे मनो-यौन विकारों से पीड़ित लोगों का इलाज करते हैं। डॉ जैन ने अपनी 100 साल पुरानी पारिवारिक विरासत को जारी रखा और आधुनिक आयुर्वेदिक उपचार जिसके द्वारा वह पुरुष और महिला बांझपन का इलाज करते है डॉ एस के जैन बर्लिंगटन क्लिनिक प्राइवेट लिमिटेड के प्रसिद्ध केंद्रों में, डॉ जैन और उनकी टीम ने 108 देशों और 7 महाद्वीपों के कई रोगियों का इलाज किया है। प्रभावी उपचार के साथ, वह लोगों को एक स्वस्थ जीवन जीने के लिए भी शिक्षित करता है जो रोगियों को भावनात्मक और मानसिक रूप से समर्थन देता है। उन्होंने नई दिल्ली और नोएडा, उत्तर प्रदेश में विशिष्ट क्लीनिकों का उद्घाटन किया जहां कोई भी यौन मुद्दों का किफायती उपचार प्राप्त कर सकता है। उन्होंने समाज में अपने महत्वपूर्ण कार्यों के लिए कई पुरस्कार और पुरस्कार प्राप्त किए है और हाल ही में डॉ जैन को केंद्रिय मंत्री श्री नितिन गडकरी जी ने उनके कार्यो के लिए सम्मानित किया हैं।

### आगामी 30 जून 2022 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नोएडा में होगा अप्रेंटिस एवं रोजगार मेले का आयोजन

ग्रेटर नोएडा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नोएडा के प्रधानाचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि आईटीआई पास अभ्यार्थियों के लिए आगामी 30 जून को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सेक्टर 31 निठारी नोएडा जनपद गौतमबुद्धनगर में अप्रेंटिस एवं रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश के समस्त राज्य और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से किसी भी ट्रेड में आईटीआई व 10वीं एवं 12वीं पास अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित सुबह 10 से शाम 4 बजे तक मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आयोजित होने वाले अप्रेंटिस एवं रोजगार मेले में जनपद गौतमबुद्धनगर की नामी-गिरामी कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। अत: आईटीआई एवं 10वीं 12वीं पास अभ्यर्थी आयोजित होने वाले अप्रेंटिस एवं रोजगार मेले में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अप्रेंटिस/ रोजगार मेले का लाभ उठाएं।

### सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए के लिए जनपद के कृषकों को सोलर पंप पर दिया जाएगा अनुदान

ग्रेटर नोएडा। जिला अधिकारी गौतमबुद्धनगर सुहास एलवाई के निर्देशों के क्रम में उप कृषि निदेशक गौतमबुद्धनगर ने जनपद के समस्त कृषकों का आह्वान करते हुए जानकारी दी है जलवायु परिवर्तन के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर कार्बन की तीव्रता कम करने, सोलर पंप की स्थापना से सिंचाई लागत को कम करने एवं विद्युत रहित क्षेत्र में उपलब्ध डीजल पंप अथवा सिंचाई के अन्य साधनों के स्थान पर सोलर पंप से सिंचाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद में सोलर पंप पर अनुदान की व्यवस्था की गई है, जिससे कृषकों की सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। उन्होंने बताया कि सोलर पंप वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत के रूप में कृषकों के लिए उपयोगी सिद्ध हो रहा है। जनपद में 2 एचपीएसी (सबमर्सिबल) के 5 सोलर पंप, 2 एचपीडीसी (सबमर्सिबल) के 5 सोलर पंप, 3 एचपीएसी (सबमर्सिबल) के 25 सोलर पंप, 3 एचपीडीसी (सबमर्सिबल) के 13 सोलरपंप, 5 एचपीएसी (सबमर्सिबल) के 20 सोलर पंप, 7.5 एचपीएसी (सबमर्सिबल) के 3 सोलर पंप, 10 एचपीएसी (सबमर्सिबल) के 2 सोलर पंप, कुल 73 सोलर पंप स्थापित कराये जायेंगे। जनपद में( अतिदोहित एवं क्रिटिकल क्षेत्र को छोड़कर) ही योजना का लाभ कृषकों को उपलब्ध कराया जाएगा।उन्होंने बताया कि योजना से लाभान्वित होने के लिए इच्छुक कृषक पहले आओ पहले पाओ के आधार पर विभागीय पोर्टल upagriculture.com पर 1 जुलाई 2022 से लक्ष्य पूर्ण होने तक लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन बुकिंग की जाएगी साथ ही सोलर पंप के लिए बुकिंग जनपदवार एवं क्षमतावार आवंटित लक्ष्य की सीमा तक ही टोकन कंफर्म होने पर कृषक अंश जमा करने के लिए निर्गत किये जाएंगे।

### जेवर पुलिस ने सट्टा की खाई बाडी करते हुए एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। थाना जेवर पुलिस ने सोमवार को एक अभियुक्त राजू खाँ पुत्र सकीर खाँ निवासी मौहल्ला चौथईया पट्टी कस्बा व थाना जेवर गौतमबुद्धनगर को सट्टे की खाई बाडी करते हुए मामू होटल के पास कस्बा जेवर से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने पर्चा सट्टा, पेन और 2200 रूपये नगद बरामद किये है। जिसके सम्बन्ध में थाना जेवर पर मुकदमा अपराध संख्या 236/2022 धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत पंजीकृत किया गया है।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित एक शातिर अभियुक्त अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार

नोयडा। थाना सेक्टर-58 पुलिस ने सोमवार को गोल चक्कर सैक्टर-62, नोएडा से गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे एक शातिर अभियुक्त फिरदोश पुत्र मौहम्मद तौकीर निवासी हाल पता चरण सिह भाटी का मकान ग्राम सलारपुर नियर बीज गोदाम थाना सैक्टर-39 नोएडा मूल पता ग्राम सासाराम थाना तिलौथु जिला रोहताश बिहार को गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने एक मोटरसाइकिल डीलक्स और एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय दो कारतूस जिन्दा बरामद किए हैं।अभियुक्त फिरदोश एक शातिर किस्म का अपराधी है, इससे पूर्व में थाना फेस टु से डकैती के मुकदमे में जेल जा चुका है।

### थाना इकोटेक थ्री पुलिस ने दो मोबाईल फोन लुटेरों को किया गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। थाना इकोटेक थ्री पुलिस ने जनता के व्यक्तियों को एकान्त ले जाकर चाकू दिखाकर डरा धमका कर लूट करने वाले दो अभियुक्तों इमरान खान पुत्र इस्लाम निवासी शेरू का मकान सुत्याना थाना इकोटेक थ्री गौतमबुद्धनगर, विक्की यादव पुत्र निर्मल निवासी उदय नागर का मकान सुत्याना थाना इकोटेक थ्री गौतमबुद्धनगर को हिन्डन पुल कुलेसरा से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने लूट के तीन मोबाइल फोन और दो चाकू बरामद किये हैं।अभियुक्तों द्वारा रात में कम्पनीयों के आने जाने वाले लोगों को अकेला पाकर एकान्त में पकड़ कर उन्हें चाकू दिखाकर डरा धमकाकर मोबाइल व लूटपाट की घटना करते थे।

### कासना पुलिस ने फैक्ट्री से गत्ता चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। थाना कासना पुलिस ने फेक्ट्री से गत्ता चोरी करने वाले दो अभियुक्तों पिन्टू कुमार पुत्र रामकेवल निवासी बाहिलपार पोस्ट पाली थाना सहजनवा जिला गोरखपुर, ईश्वरपाल पुत्र ब्रहमपाल निवासी दस्तूरा पोस्ट बीछट, सुजानपुर जिला बुलन्दशहर को साईट-5 लुक्सर वाले रास्ते से रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने चोरी किए गये तीन गत्ते के रोल और एक मोटर साइकिल नंबर एचआर 29 एई 9208 बरामद की है।गौरतलब है कि 26 जून 2022 को अभियुक्तों द्वारा वादी मुकेश कुमार शर्मा पुत्र राजेन्द्र शर्मा निवासी डी-47 सैक्टर-48 नोएडा गौतमबुद्धनगर की फेक्ट्री से तीन गत्ते रोल चोरी किये गये थे।

# केजरीवाल सरकार बढ़ाएगी दिल्ली का हरित क्षेत्र , 11 जुलाई से शुरू होगा वन महोत्सव के तहत वृक्षारोपण महाअभियान : गोपाल राय

**दिल्ली सचिवालय में आज पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में दिल्ली में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने को लेकर वन विभाग के साथ की गई महत्वपूर्ण बैठक**

**प्रफुल्ल राय गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। दिल्ली सचिवालय में आज पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में दिल्ली में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की गई ।इस बैठक में वन विभाग के अधिकारी शामिल रहे । बैठक के दौरान दिल्ली में हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए 11 जुलाई से वन महोत्सव पखवाड़े की शुरुआत सेंट्रल रिज से करने का निर्णय लिया गया । और इसका समापन समारोह 25 जुलाई को असोला भाटी माइंस में 1 लाख से अधिक पौधों को लगाकर होगा ।11 जुलाई को दिल्ली के सभी ।0 विधानसभाओ वृक्षारोपण महाअभियान की शुरुआत भी की जाएगी ।इस वन महोत्सव पखवाड़े के दौरान लगभग 10 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है ।दिल्ली के डिप्टी सीएम, कैबिनेट मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष अलग-अलग जगहों में इस महा अभियन का नेतृत्व करेंगे। साथ ही 2 जुलाई को कमला नेहरू रिज से नि:शुल्क औषधीय पौधों के वितरण का भी शुभारम्भ किया जाएगा ।

बैठक के बाद दिल्ली सचिवालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय ने सभी पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए बताया कि केजरीवाल सरकार द्वारा उठाए गए तमाम उपायों के परिणामस्वरूप दिल्ली के अंदर हरित क्षेत्र ( ग्रीन कवर ) में काफी इज़ाफ़ा देखा गया है ।दिल्ली में जहाँ साल 2013 में हरित क्षेत्र 20 फीसद था वह केजरीवाल सरकार के प्रयासों के कारण, साल 2021 में बढ़कर 23.06 फीसदी हो गया है ।साथ ही शहरों के प्रति व्यक्ति फॉरेस्ट कवर के मामले में दिल्ली पूरे देश में नंबर वन हो गया है। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए समर एक्शन प्लान के 14 बिन्दुओ में शामिल वृक्षारोपण महाअभियान को गति देने के लिए 11 जुलाई से वन महोत्सव की शुरुआत सेंट्रल रिज से की जाएगी और 15 दिनों तक चलने वाले इस समारोह का समापन 25 जुलाई को असोला भाटी माइन्स में 1 लाख से अधिक पौधों को लगाकर किया जाएगा । इस पौधारोपण महा अभियान के दौरान दिल्ली सरकार के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, दिल्ली सरकार के मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष अलग-अलग जिलों में इसका नेतृत्व करेंगे। साथ ही 11 जुलाई को दिल्ली के सभी ।0 विधानसभाओ में विधायकों के नेतृत्व यह वृक्षारोपण महाअभियान चलाया जाएगा। हमारी कोशिश है कि इस वन महोत्सव के दौरान 15 दिनों में हमारी सरकार ने जो पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है, उसका बड़ा हिस्सा पूरा कर पाएंगे।

उन्होंने बताया कि दिल्ली के ग्रीन बेल्ट को बढ़ाने और दिल्ली के प्रदूषण को कम करने के लिए हर साल वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस साल वृक्षारोपण महाअभियान के तहत 35 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है । जिसे सभी सम्बंधित 19 विभागों की हरित एजेंसी द्वारा पूरा किया जाएगा। इस अभियान के तहत लगभग 29 लाख पौधे लगाए जाएंगे और साथ ही लगभग ।लाख पौधों का मुफ्त वितरण किया जाएंगे ।

#### 2 जुलाई को कमला नेहरू रिज से किया जाएगा नि:शुल्क औषधीय पौधों के वितरण का शुभारम्भ

पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली में नि:शुल्क औषधीय पौधा वितरण का शुभारम्भ 2 जुलाई से कमला नेहरू रिज से किया जाएगा । इसके तहत लोगो को सरकारी नर्सरी से मुफ्त औषधीय पौधे बाटें जाएंगे ताकि दिल्लीवासी अपने अपने घरो में पौधे लगाकर दिल्ली के हरित क्षेत्र को बढ़ाने में अपनी सहभागिता दे सकें ।

प्रेसवार्ता में पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली के लोगो से निवेदन किया कि दिल्ली को पर्यावरण क्षेत्र में विश्वस्तर पर आगे बढ़ाने के लिए सभी लोग अपनी सहभागिता दे । उन्होंने दिल्ली के लोगों से अपील कि की वह अपने उत्सव जैसे जन्म दिन, शादी की सालगिरह इत्यादि के अवसर पर वृक्षारोपण करें। इसके लिए दिल्ली सरकार की नर्सरी से लोगो को मुफ्त में पौधा मुहैया कराया जाएगा । इस अभियान से ना केवल दिल्ली के हरित क्षेत्र में वृद्धि होगी बल्कि भविष्य में प्रदूषण की समस्या से लड़ने का रोडमैप भी तैयार होगा ।

## केजरीवाल सरकार कोरोना टीकाकरण अभियान को और गति देने के लिए मोहल्ला क्लीनिकों में शुरू करेगी वैक्सीनेशन सेंटर

**आनंद राय गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। दिल्ली में कोरोना टीकाकरण अभियान को बढ़ावा देने और लोगों को सुलभता से एहतियाती खुराक मिल सकें, इसके लिए केजरीवाल सरकार अपने 'आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक' में वैक्सीनेशन सेंटर शुरू करने जा रही है । जहाँ लोगों को मुफ्त में कोरोना वैक्सीन लगाई जाएगी। इसके लिए सभी मोहल्ला क्लीनिकों में वैक्सीनेशन सेंटर स्थापित किए जाएंगे। डोर-टू-डोर अभियान के बाद राजधानी में वैक्सीनेशन की गति को और बढ़ाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है।

इस पहल के बारे में बताते हुए उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में हमने सभी पात्र लाभार्थियों के वैक्सीनेशन के लिए बहुआयामी रणनीति अपनाई है। दिल्ली में हमने 'मिशन मोड' में टीकाकरण अभियान चलाया है जिसका नतीजा ये है कि शहर की ज़्यादातर आबादी को वैक्सीन की पहली व दूसरी डोज़ लगे जा चुकी है। लेकिन अभी भी कुछ लोगों को दूसरी डोज और आबादी के एक बड़े हिस्से को कोरोना से बचाव के लिए नई जोड़ी गई एहतियाती खुराक देना बाकि है। इस दिशा में 'आम आदमी मोहल्ला क्लीनिकों' में वैक्सीनेशन सेंटर की शुरुआत कर सभी को एहतियाती खुराक देने व पूर्ण टीकाकरण का लक्ष्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि इसके लिए हर मोहल्ला क्लीनिक में एक प्रशिक्षित हेल्थकेयर वर्कर नियुक्त किया जाएगा जो टीकाकरण का काम करेगा व इसके लिए मोहल्ला क्लिनिक उन्हें टीकाकरण के लिए पर्याप्त उपलब्ध की जाएगी। साथ ही लाभार्थियों की काउंसलिंग करने व क्लिनिक में कोरोना वैक्सीनेशन संबंधी दिशानिर्देशों का पालन किया जाए ये सुनिश्चित करने के लिए मोहल्ला क्लिनिक का एक स्टाफ को तैनात किया जाएगा।

डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा कि जैसे ही मोहल्ला क्लीनिकों में वैक्सीनेशन सेंटर शुरू होंगे उन्हें को-विन पर अपलोड कर दिया जाएगा और लाभार्थी आसानी से अपने लिए स्लॉट बुक कर सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों को संबंधित कार्य को जल्द पूरा करने और मोहल्ला क्लीनिकों में वैक्सीनेशन सेंटर्स को प्राथमिकता के आधार पर शुरू करने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि केजरीवाल सरकार द्वारा पहले अपने स्कूलों को टीकाकरण केंद्र के रूप में इस्तेमाल किया जाता था जिससे दिल्ली में टीकाकरण की गति को तेजी मिली थी। लेकिन अब जब स्कूल फिर से खुल गए हैं और एक बड़ी आबादी को दोनों डोज लग चुकी है तो इन वैक्सीनेशन सेंटर्स को स्वास्थ्य केन्दों और मोहल्ला क्लिनिक में शिफ्ट कर दिया गया है । क्योंकि आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक आसान पहुंच के साथ आबादी वाले क्षेत्रों के केन्द्रों में स्थित हैं तो इससे सरकार के लिए छूटे हुए लोगों और पात्र लाभार्थियों को टीकाकरण करने में मदद मिलेगी।

वर्तमान आंकड़ों के अनुसार, कोविड वैक्सीन की पहली खुराक, दूसरी खुराक और एहतियाती खुराक सहित दिल्ली भर में लोगों को 3.49 करोड़ टीके लगाए जा चुके है।

## पुलिस स्टेशन से 10 मीटर की दूरी पर आपस में भिड़े दो पक्ष

दनकौर। ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में दो पक्षों में मारपीट होने का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जो दनकौर कोतवाली के समीप का बताया जा रहा है। जिसमें दो पक्ष आपस में जमकर लात-घूंसे चलाते हुए दिख रहे हैं। पुलिस ने मामले की जानकारी नहीं होने की बात कही है। शनिवार की रात से सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें करीब 8 युवक आपस में लात-घूंसे चलाते हुए नजर आ रहे है।

वीडियो दनकौर कोतवाली से महज 10 मीटर दूर का है। जहां पर दोनों पक्ष आपस में जमकर मारपीट कर रहे हैं। पड़ताल के दौरान पता चला है कि क्षेत्र के गुनपुरा गांव निवासी कुछ युवकों में किसी बात को लेकर कई दिन पहले आपस में गाली गलौज हो गई थी। जिसके बाद जब एक पक्ष के लोग कोतवाली के नजदीक स्थित एक दुकान में बर्गर खा रहे थे। उसी दौरान दूसरे पक्ष के लोग भी वहां बर्गर खाने आ गए।

इसके बाद दोनों पक्षों में दोबारा गाली गलौज हो गई। गाली-गलौज के बाद कुछ ही देर में दोनों में जमकर लात-घूंसे चल गए। जहां कुछ लोगों ने बीच बचाव करने का प्रयास किया। लेकिन वह नहीं माने। बाद में पुलिस के आने की सूचना पर दोनों पक्ष वहां से भाग खड़े हुए। जिनका यह वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर डाल दिया। इस बारे में दनकौर पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जिसके बाद वीडियो में दिख रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## नहर में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला, 3 अन्य लोगों की संदिग्ध परिस्थिति में मौत



ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के कासना क्षेत्र के चिरसी गांव के पास एक नहर में अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। वहीं, संदिग्ध परिस्थितियों में तीन और लोगों की मौत हुई है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

कासना थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि रविवार को चिरसी गांव के पास गंग नहर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि शव 8- 10 दिन पुराना प्रतीत होता है और पुलिस इस संबंध में हत्या और हादसा दोनों पहलुओं से जांच कर रही है।

अधिकारी ने बताया कि एक अन्य मामले में बुलंदशहर निवासी जितेंद्र अपने घर पर ऊंचाई से नीचे गिर गए। अत्यंत गंभीर हालत में उन्हें इलाज के लिए ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

थाना प्रभारी ने बताया कि कासना क्षेत्र के ही राजा नामक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

वहीं, रविवार रात को रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। शुक्ला ने बताया कि रविवार की रात को कासना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर 32 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। उन्होंने बताया कि प्रतीत होता है कि ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हुई। उन्होंने बताया कि पुलिस आसपास के लोगों तथा सोशल मीडिया की सहायता से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है।

#### नोएडा में विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का आरोप

कासना क्षेत्र के गिरधरपुर गांव की एक विवाहिता की सोमवार सुबह संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। महिला के परिजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए महिला के ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

कासना थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि गिरधरपुर गांव में रहने वाले विपिन प्रजापति की लता (23) से दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह लता का शव घर पर पंखे के फंदे से लटका मिला। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि लता और उसके पति विपिन के बीच काफी दिनों से विवाद था। लता को शक था कि विपिन का किसी और महिला से अवैध संबंध है।

थाना प्रभारी ने बताया कि लता के परिजनों का आरोप है कि उसके ससुराल पक्ष के लोग शादी के समय से ही दहेज के लिए उसका उत्पीड़न कर रहे थे।

परिजनों ने आरोप लगाया कि लता के ससुराल पक्ष के लोग दहेज में कार तथा अन्य कीमती सामान की मांग कर रहे थे और मांगें पूरी नहीं होने की वजह से उसकी हत्या कर दी गई। अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और घटना के बाद से ससुराल पक्ष के सभी लोग फरार हो गए हैं।

#### पतंजलि ने जमा कराए 231 करोड़ रुपए, नोएडा में अब बनेगा फूड पार्क

नोएडा। पतंजलि ने यमुना प्राधिकरण को बकाया 231 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया है। साथ ही वर्क प्लान भी पेश किया है। इसके साथ ही अब 2017 से ही लंबित फूड पार्क के जल्द आकार लेने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक, जुलाई से इस पर काम शुरू हो सकता है। पतंजलि यहां 6000 करोड़ रुपए निवेश करने जा रही है। पतंजलि ने यमुना प्राधिकरण से सेक्टर 24 में फूड पार्क और पतंजलि आयुर्वेद के लिए 430 एकड़ जमीन आवंटित कराई है। यहां चारदीवारी किए जाने के बाद आगे का काम रुका हुआ था। पतंजलि को 2017 में जमीन का आवंटन हुआ था।



**धर्मसिला कैंसर हॉस्पिटल के कैंसर स्पेशलिस्ट,डॉक्टर समाज सेवा मे तन-मन- धन से विलीन, डॉ अंशुमन जी से आज दोपहर श्री केदारनाथ ट्रस्ट के 100 बेड के धर्मार्थ हॉस्पिटल के निर्माण की रूप-रेखा पर विस्तार से चर्चा का सौभाग्य प्राप्त हुआ.**

**महेश लोहानी, श्री केदार नाथ ट्रस्ट**

## आईआईएमसी बना देश का सर्वश्रेष्ठ मीडिया शिक्षण संस्थान

**इंडिया टुडे के 'बेस्ट कॉलेज सर्वे' में मिला पहला स्थान**




नई दिल्ली। देश की प्रतिष्ठित पत्रिका इंडिया टुडे के बेस्ट कॉलेज सर्वे में भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी), नई दिल्ली को पत्रकारिता एवं जनसंचार के क्षेत्र में देश का सर्वश्रेष्ठ मीडिया शिक्षण संस्थान घोषित किया गया है।

संस्थान के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी ने कहा कि यह आईआईएमसी परिवार के लिए बड़े ही गर्व का विषय है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर और संस्थान के चेयरमैन श्री अपूर्व चंद्र के मार्गदर्शन और सहयोग से संस्थान अकादमिक गुणवत्ता के मानकों को स्थापित करने में सफल रहा है। उन्होंने कहा कि आईआईएमसी के सभी पूर्व महानिदेशकों, श्रेष्ठ प्राध्यापकों, अधिकारियों और कर्मचारियों के अथक प्रयास से ही हम लगातार कई वर्षों से पहले स्थान पर हैं।

प्रो. द्विवेदी के अनुसार डिजिटल मीडिया और मीडिया कन्वर्जेंस आज की जरुरत है। आईआईएमसी ने मीडिया शिक्षण, प्रशिक्षण और शोध के क्षेत्र में एक अलग जगह बनाई है। हमने मीडिया क्षेत्र की जरुरतों के हिसाब से पाठ्यक्रमों को निरंतर अपडेट किया है। यही कारण है कि आईआईएमसी के पूर्व छात्र आज देश के ही नहीं, विदेशों के भी मीडिया, सूचना और संचार संगठनों में नेतृत्वकारी भूमिका में हैं। प्रो. द्विवेदी ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता ही किसी संस्थान की सफलता है। हम अपने विद्यार्थियों को हर वह अवसर सुलभ करा रहे हैं, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी हैं। हम चाहते हैं कि दुनिया के सफलतम लोगों से हमारे विद्यार्थी संवाद कर पाएं। हमारा उद्देश्य है कि आईआईएमसी कम्युनिकेशन की दुनिया के 'ग्लोबल लीडर्स' पैदा करे। भारतीय जन संचार संस्थान सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन पत्रकारिता और जनसंचार के क्षेत्र में प्रमुख शिक्षण संस्थान है। आईआईएमसी हिंदी पत्रकारिता, अंग्रेजी पत्रकारिता, विज्ञापन एवं जनसंपर्क, रेडियो एवं टेलीविजन, डिजिटिल मीडिया, ओड़िया, मराठी, मलयालम और उर्दू पत्रकारिता में पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करता है।


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

YEIDA FUTURE IS HERE

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा-1 (पी-2), ग्रेटर नौएडा

Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट: www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक: वाई.ई.ए / भूलेख / 2935 / 2022 दिनांक: 27.06.2022

**सार्वजनिक सूचना**

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आपसी सहमति के आधार पर काश्तकारों से क्रय किया जाना प्रस्तावित हैं। क्रय हेतु काश्तकार, गाटा संख्या, क्षेत्रफल व काश्तकार का हिस्सा निम्नलिखित तालिका में अंकित है -

**ग्राम रबूपुरा, सैक्टर-21, फिल्म सिटी फेस-1 व ग्राम वीरमपुर**

| क्रमांक | ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | खसरे का कुल क्षेत्रफल (हे0 में) | खातेदार का नाम व पता | तहसील से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर काश्तकार का हिस्सा (हे0 में) | काश्तकार का विक्रय हेतु क्षेत्रफल (हे0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रबूपुरा | 463 | 567 | 0.3710 | निरंजन पुत्र रामचन्द नि0 मौहम्मदाबाद खेड़ा | 0.1855 | 0.1855 |
| 2. | रबूपुरा | 764 | 737 | 0.1090 | राजेन्द्र पुत्र लखीराम नि0 मौहम्मदाबाद खेड़ा | 0.1090 | 0.1090 |
| 3. | रबूपुरा | 921 | 587म | 1.7700 | जसोदा पत्नी पतराम नि0 ग्राम मौहम्मदाबाद खेड़ा | 0.1265 | 0.1265 |
| 4. | वीरमपुर | 233<br>234 | 346<br>349 | 1.5090<br>1.4550 | इस्माईल पुत्र मलखान नि0 नंगला हाण्डा, माजरा कुरैब | 0.1258<br>0.1213 | 0.1258<br>0.1213 |
| 5. | वीरमपुर | 233<br>234 | 346<br>349 | 1.5090<br>1.4550 | सुल्तान व मासूम अली पुत्रगण लुत्फअली व आमना बेगम पत्नी लुत्फअली नि0 नंगला हाण्डा, माजरा कुरैब | 0.1258<br>0.1213 | 0.1258<br>0.1213 |

विशेष कार्याधिकारी

## संपादकीय

# उद्धव ठाकरे की किन गलतियों की सजा भुगत रही है शिवसेना

शह और मात के खेल में उद्धव ठाकरे ने भावुक अपील करके बागी विधायकों को मानने की कोशिश की लेकिन बागी विधायकों के कानों में जू नहीं रेंगी। इसी बीच उन्होंने एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर शिवसेना का एक कार्यकर्ता मुख्यमंत्री बनने जा रहा है तो आपको उनके (भाजपा) साथ जाना चाहिए।

महाराष्ट्र में राजनीतिक घटनाक्रम अचानक नहीं बदला है बल्कि आज जो कुछ घटित होता दिख रहा है वह अवश्यम्भावी था। दरअसल सत्ता के लिए विपरीत विचारधारा वाले दलों के साथ गठबंधन तो कर लिया गया लेकिन जब पदों का बंटवारा हुआ तो शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं की महत्वाकांक्षाएं पूरी नहीं हो पाईं। यही कारण है कि पद से वंचित रहे नेताओं की नाराजगी समय-समय पर सामने आती रही। जब अति हो गयी तो शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे ने पार्टी के अधिकांश विधायकों को अपने साथ कर लिया। यही नहीं कई पूर्व और वर्तमान पार्षद भी उनके साथ आ गये हैं और माना जा रहा है कि जल्द ही कुछ सांसद भी शिंदे गुट के साथ खड़े नजर आयेंगे। यह सब दर्शाता है कि गठबंधन सरकार बचाने और चलाने में व्यस्त रहे उद्धव ठाकरे अपनी पार्टी पर ध्यान नहीं दे पाये। सत्ता और संगठन में जब दूरियां बढ़ती हैं तो इसी तरह के परिणाम सामने आते हैं।

शह और मात के खेल में उद्धव ठाकरे ने भावुक अपील करके बागी विधायकों को मानने की कोशिश की लेकिन बागी विधायकों के कानों में जू नहीं रेंगी। इसी बीच उन्होंने एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर शिवसेना का एक कार्यकर्ता मुख्यमंत्री बनने जा रहा है तो आपको उनके (भाजपा) साथ जाना चाहिए। लेकिन अगर आप उपमुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं तो आपको मुझे बताना चाहिए था, मैं आपको उपमुख्यमंत्री बना देता।

प्रभासाक्षी के संपादक नीरज कुमार दुबे ने बताया कि शिवसेना के सामने कोई पहली बार संकट के बादल नहीं छाए हैं। इससे पहले संजय निरुपम, नारायण राणे और राज ठाकरे जैसे नेताओं के समय में भी शिवसेना में फूट पड़ी थी लेकिन उस वक्त बालासाहेब ठाकरे के पास पार्टी की कमान थी और उन्होंने हमेशा सत्ता से ज्यादा संगठन को अहम माना है। इसी वजह से शिवसेना अभी तक बची रही। इसके साथ ही नीरज कुमार दुबे ने बताया कि यह चुराया हुआ जनादेश था। दरअसल, साल 2019 के विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने भाजपा-शिवसेना गठबंधन को वोट दिया था। चुनाव के समय शिवसेना ने भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा लेकिन परिणामों के बाद सत्ता की लालच में पार्टी से अलग हो गई। उस वक्त जनता ने भाजपा को सबसे ज्यादा सीटें देकर विजयी बनाया था लेकिन रणनीतियां बनाकर शिवसेना अपनी मूल विचारधारा से अलग हो गई और एनसीपी-कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बना ली।

मौजूदा घटनाक्रम के परिपेक्ष्य में संपादक महोदय ने बताया कि अगर अभी बालासाहेब ठाकरे जिंदा होते तो वो सत्ता से ज्यादा पार्टी को अहमियत देते। उन्हें एक सेकंड भी नहीं लगता मुख्यमंत्री पद छोड़ने में और फिर शिवसेना को मजबूत करने की कवायद शुरू होती। बालासाहेब ठाकरे का अपना रुतबा था, नेता उनसे मिलने आते थे लेकिन उद्धव ठाकरे मातोश्री से निकलकर नेताओं से मिलने जाते हैं। वो दिल्ली आते हैं तो सोनिया गांधी से मुलाकात करते हैं। उन्होंने अपना अलग रास्ता चुना। महाविकास अघाड़ी गठबंधन में शामिल होने के बाद शिवसेना ने अपने मुख्य मुद्दे हिंदुत्व से दूरियां बना ली। बागी विधायक भी ऐसा ही आरोप लगा रहे हैं। दरअसल, साधुओं की लिंचिंग समेत इत्यादि मुद्दे में गठबंधन साथी होने की वजह से उद्धव ठाकरे के रुख काफी अलग दिखाई दिया। जबकि बालासाहेब ठाकरे के लिए हिंदुत्व सर्वोपरि रहा है। इतना ही नहीं बालासाहेब ठाकरे के दरवाजे हमेशा पार्टी कार्यकर्ताओं समेत इत्यादि लोगों के लिए खुले रहते थे। जबकि ढाई साल से उद्धव ठाकरे के दरवाजे विधायकों के लिए बंद थे। ऐसा बागी विधायकों ने ही आरोप लगाया है। हालांकि उद्धव ठाकरे काफी समय से बीमार थे।

# अखिलेश क्यों अपने पारिवारिक गढ़ भी हार गये? मायावती हार के भी कैसे जीत गयीं?

**अजय कुमार**

माना जा रहा है कि सपा और भाजपा के बीच सीधे मुकाबले में भगवा दल की जीत के पीछे कि जो मुख्य वजहें हैं। उसमें एक तो भाजपा ने दोनों ही सीटों पर पिछड़े समाज का उम्मीदवार उतारा था, वहीं रामपुर में बसपा के दलित वोट पूरी तरह से भाजपा के पक्ष में शिफ्ट हो गया। समाजवादी पार्टी को एक बार फिर मुंह की खानी पड़ी। इससे भी बड़ी हकीकत यह है कि अपने आप को मुसलमानों का रहनुमा समझने वाले आजम खान को रामपुर के वोटरों ने ठेंगा दिखा दिया तो आजमगढ़ में अखिलेश यादव की जैसी दुर्गति हुई, वह अकल्पनीय रही। आजमगढ़ में जिस तरह से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी ने मुकाबले का त्रिकोणीय बना दिया, वह न केवल रोचक रहा बल्कि यह बात भी जोर पकड़ने लगी है कि बहुजन समाज पार्टी को जो समाजवादी बीजेपी की बी टीम साबित करने में लगे थे, अबकी से उनके भी अरमानों पर पानी फिर गया। क्योंकि 'कांठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती' है। विधान सभा चुनाव के समय समाजवादी पार्टी के इस झूठ पर जिन मुस्लिम वोटरों ने भरोसा करके बसपा से किनारा कर लिया था, वह मुस्लिम वोटर लोकसभा उप-चुनाव में फिर से बसपा के साथ खड़े नजर आए, इसीलिए सपा आजमगढ़ हार गई तो रामपुर में एक मुस्लिम नेता ने ही अपने समर्थकों से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील कर दी, जिसका बीजेपी को भरपूर फायदा मिला। मतलब साफ है कि अब मुसलमानों का समाजवादी पार्टी से विश्वास उठने लगा है। यह विश्वास इस उप-चुनाव में इसलिए और तार-तार हो गया क्योंकि दोनों मुस्लिम बाहुल्य सीटें जहां लोकसभा चुनाव प्रतिष्ठा का प्रश्न बना था, वहां अखिलेश यादव ने अपनी 'चुनावी सेना' को मैदान में अकेले छोड़ दिया। दोनों ही सीटों पर एक बार भी अखिलेश प्रचार के लिए नहीं गए तो यूपी के सीएम ने इसे जनता और खासकर मुसलमनों के बीच ही बड़ा मुद्दा बना दिया। यह और बात है कि समाजवादी पार्टी अपनी कमजोरियों को पहचानने की बजाए पुराना राग अलाप रही है कि सरकारी मशीनरी ने उसको हरा दिया, लोकतंत्र ठोकतंत्र बन गया। माना जा रहा है कि सपा और भाजपा के बीच सीधे मुकाबले में भगवा दल की जीत के पीछे कि जो मुख्य वजहें हैं। उसमें एक तो भाजपा ने दोनों ही सीटों पर पिछड़े समाज का उम्मीदवार उतारा था, वहीं रामपुर में बसपा के दलित वोट पूरी तरह से भाजपा के पक्ष में शिफ्ट हो गया। इतना ही नहीं रामपुर में तो कांग्रेस नेता नवाब काजिम अली खान ने वोटरों से भाजपा को समर्थन का ऐलान कर दिया, जबकि कांग्रेस ने आजमगढ़ की तरह यहां भी सपा के समर्थन में अपना प्रत्याशी नहीं उतारा था। यदि बात 2014 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों की करें तो इसमें सच्चाई भी जान पड़ती है। 2014 में भाजपा के नेपाल सिंह को 3 लाख 58 हजार मत मिले थे, जबकि सपा के नसीर अहमद को 3 लाख 35 हजार के करीब वोट हासिल हुए थे। वहीं कांग्रेस के नवाब काजिम अली खान डेढ़ लाख से ज्यादा वोट ले गए थे और बसपा के अकबर हुसैन भी 81,000 वोट हासिल करने में सफल हुए थे। ऐसे में इस बार कांग्रेस और बसपा के गैर-हाजिर रहने से इन वोटों का बंटवारा सपा और भाजपा के बीच ही होना था। साफ है कि नवाब के भाजपा को समर्थन करने से कांग्रेस के वोटों का एक हिस्सा घनश्याम लोधी को मिल गया। गौरतलब है कि नवाब खानदान का आजम खान से छत्तीस का आंकड़ा रहता है। इसीलिए दोनों नेता पार्टी लाइन से ऊपर उठकर एक-दूसरे का विरोध करने का मौका नहीं छोड़ते हैं। इसके अलावा बीएसपी के दलित वोटर्स ने भी भाजपा को ही पसंद किया है। इस तरह रामपुर में बसपा का हाथी शायद भाजपा की करवट बैठ गया है और नवाब का साथ तो खुले तौर पर भाजपा के साथ ही था। इस चुनाव में एक तरफ सपा के अति आत्मविश्वास को लोगों ने चारों खाने चित कर दिया वहीं आजम खान को भी झटका दिया है, जो खुद चुनाव प्रचार की कमान संभाले हुए थे।

# गर्भपात की आजादी पर अमेरीका फैसले से बरपा हंगामा



**ललित गर्ग**

गर्भपात पर अमरीकी सुप्रीम कोर्ट के एक चौंकाने वाले फैसले को लेकर अमेरिका में जहां हंगामा बरपा है वहीं समूची दुनिया में बहस का वातावरण छिड़ गया है। फैसला इसलिए चौंकाने वाला है कि अमरीका में नारी स्वतंत्रता एवं उसकी आजादी को मंत्र की तरह जपा जाता है। वहां 'स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी' इसी आजादी का प्रतीक है। अमेरिका में स्त्री-पुरुषों के बीच अवैध शारीरिक संबंधों का चलन इतना बढ़ गया है कि गर्भपात की सुविधा के बिना उनका जीना दूभर हो सकता है। इसके अलावा गर्भपात की सुविधा की मांग इसलिए भी बढ़ गई है कि चोरी-छिपे गर्भपात करवाने पर गर्भवती महिलाओं की मौत हो जाती है। इस संवेदनशील एवं नारी अस्मिता से जुड़े मुद्दे पर दुनियाभर में नए सिरे से बहस छिड़ने का कारण इस पर दो तरह की विचारधाराओं का होना एवं अमरीकी जनमत का विभाजित होना है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जहां इस गर्भपात के पक्ष में हैं वहीं राष्ट्रपति जो बाइडन इसे भयंकर विडम्बना एवं दुखद मान रहे हैं।

अमरीकी सुप्रीम कोर्ट ने 50 साल पहले अपने ऐतिहासिक फैसले से गर्भपात को महिलाओं का संवैधानिक अधिकार करार दिया था। अब उस फैसले को पलटते हुए उसने अमरीकी महिलाओं से यह संवैधानिक अधिकार छीन लिया है। कोर्ट के फैसले को अमरीका का एक बड़ा वर्ग महिलाओं की आजादी पर ग्रहण बता रहा है और इस वर्ग की दलील है कि अगर महिला को गर्भवती होने का अधिकार है तो उसे इस फैसले का अधिकार भी होना चाहिए कि वह गर्भपात कराये या नहीं। राष्ट्रपति जो बाइडन खुलकर इस वर्ग का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को दुखद बताया और कहा, 'अदालत ने वह किया, जो पहले कभी नहीं हुआ। यह फैसला अमरीका को 150 साल पीछे धकेलने वाला है।'

अमेरिका के लगभग एक दर्जन राज्यों ने गर्भपात पर प्रतिबंध की घोषणा कर दी है। कोई भी महिला 15 हफ्तों से ज्यादा के गर्भ को नहीं गिरवा सकती है। अदालत के इस फैसले से सारे अमेरिका में इसके विरुद्ध विक्षोभ फैल गया है। वहां कई प्रांतों में प्रदर्शन हो रहे हैं और उनका डटकर विरोध या समर्थन हो रहा है। दरअसल, कुछ महीने पहले सुप्रीम कोर्ट से गर्भपात कानून का नया मसौदा लीक होने के बाद वहां के कई शहरों में विरोध-प्रदर्शन चल रहे थे। फैसले के बाद यह सिलसिला और तेज हो गया है। यूरोपीय राष्ट्रों के प्रमुख नेताओं ने इस फैसले की कड़ी निंदा की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख टेड्रोस ग्रेब्रेयेसस भी फैसले से चिंतित हैं। उनके मुताबिक यह महिलाओं के अधिकारों और स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच को कम करता है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले को अपनी बड़ी जीत बताते हुए गर्भपात विरोधी वर्ग ने कई शहरों में 'जश्न' मनाया। अमरीका के सबसे बड़े प्रोस्टेंट समुदाय दक्षिणी बैपटिस्ट कन्वेंशन के




अध्यक्ष बार्ट बार्बर समेत कई ईसाई नेताओं ने फैसले का स्वागत किया, तो कई यहूदी संगठनों ने कहा कि फैसला उन यहूदी परम्पराओं का उल्लंघन करता है, जो गर्भपात की पक्षधर है। अमेरिका की नामी-गिरामी कंपनियों ने उनके यहां कार्यरत महिलाओं से कहा है कि वे गर्भपात के लिए जब भी किसी अन्य अमेरिकी राज्य में जाना चाहें, उन्हें उसकी पूर्ण सुविधाएं दी जाएंगी। चिंताजनक यह है कि जब कई देशों में एक निश्चित अवधि के भ्रूण तक गर्भपात की इजादत देने वाले कानून हैं, अमरीकी सुप्रीम कोर्ट ने अपने यहां गर्भपात पर प्रतिबंध लगाने के रास्ते खोल दिए हैं। अब अमेरिका में जो भी राज्य रूढ़िवादी या रिपब्लिकन या ट्रंप-समर्थक हैं, वे इस कानून को तुरंत लागू कर देंगे। इसका नतीजा यह होगा कि महिलाओं को अपने शरीर के बारे में ही कोई मौलिक अधिकार नहीं होगा।

गर्भपात की सुविधा की मांग इसलिए भी बढ़ गई है कि उन्मुक्त सैक्स में अमेरिकी जनता की गहरी रूचि है और चोरी-छिपे गर्भपात करवाने पर गर्भवती महिलाओं की मौत हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक आंकड़े के अनुसार हर साल 2.5 करोड़ असुरक्षित गर्भपात होते हैं, जिनमें 37000 महिलाओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है। अब गर्भपात पर प्रतिबंध लगने से इस संख्या में वृद्धि ही होगी। यूरोप के कई देश गर्भपात के अधिकार को कानूनी रूप देने के लिए तत्पर हो रहे हैं। भारत में 24 हफ्ते या उसके भी बाद के गर्भ को गिराने की कानूनी अनुमति है बशर्ते कि गर्भवती के स्वास्थ्य के लिए वह जरूरी हो। भारतीय कानून अधिक व्यावहारिक है। भारत में गर्भपात कानून 1971 से लागू है। पिछले साल इसमें संशोधन कर गर्भपात कराने की सीमा गर्भधारण के 20 हफ्ते से बढ़ाकर 24 हफ्ते की जा चुकी है। गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ को भ्रूण से खतरे, बच्चे के विकृति के साथ जन्म की आशंका और बलात्कार पीड़िताओं के अवांछित गर्भधारण के मामलों में गर्भपात की इजाजत मानवीय दृष्टिकोण से जरूरी है। जबकि भारत में एक वर्ग गर्भपात को एक बहुत क्रूर कर्म मानता है, इसे कराने की बात तो दूर, सोचना भी गलत एवं अमानवीय मानता है। इस वर्ग की मान्यता है कि इस कार्य को करने, कराने और सहयोग देने वाले पाप के भागी होते हैं। गर्भपात एक जीते-जागते जीव की हत्या है। अपने ही कलेजे के टुकड़े की हत्या है, अपने ही हिये के लाल की हत्या है। इसी का दुष्परिणाम है कि हमारे समाज में लड़के-लड़कियों का लिंगानुपात बिगड़ रहा है। इसी कारण आज लड़कों की शादियां नहीं हो पा रही हैं। भारत में अगर महिला की जान बचाने के लिए गर्भपात नहीं किया गया है तो यह भारतीय दंड संहिता की धारा 312 के तहत एक अपराध है। मेडिकल टरमिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट, 1971 के तहत डॉक्टर्स को कुछ विशिष्ट पूर्व निर्धारित स्थितियों में गर्भपात करने की अनुमति होती है। अगर डॉक्टर्स इन नियमों का पालन नहीं करते हैं तो उन पर आईपीसी की धारा 312 के तहत केस चलाया जा सकता है।

गर्भपात के कानूनी हक का तब कोई मायने नहीं रह जाता, जब देश में मातृत्व मृत्यु का सबसे बड़ा कारण असुरक्षित गर्भपात हो। 2015 की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक, देश में 56 प्रतिशत गर्भपात असुरक्षित तरीके से किए जाते हैं जिसके कारण हर दिन करीब 10 औरतों की मौत हो जाती है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार सर्वेक्षण (2015-16) के अनुसार, सिर्फ 53 प्रतिशत गर्भपात रजिस्टर्ड मेडिकल डॉक्टर के जरिए किए जाते हैं और बाकी के गर्भपात नर्स, ऑक्सिलरी नर्स मिडवाइफ, दाई, परिवार के सदस्य या खुद औरतें करती हैं। अखिल भारतीय ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी (2018-19) में बताया गया है कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 1,351 गायनाकोलॉजिस्ट और अब्स्टेट्रिशियन्स हैं और 4,002 की कमी है, यानी क्वालिफाइड डॉक्टरों की 75 प्रतिशत कमी है। जाहिर सी बात है- क्वालिफाइड मेडिकल प्रोफेशनल्स की कमी से महिलाओं को सुरक्षित गर्भपात सेवाएं उपलब्ध नहीं होतीं। यानी औरतों को अबॉर्शन का हक मिले, इसके लिए सिर्फ कानून को लागू करने से काम चलने वाला नहीं है। इसके लिए अबॉर्शन को किफायती, अच्छी क्वालिटी वाला होना चाहिए और सभी तक उसकी पहुंच होनी चाहिए। इसलिए इससे जुड़ी कानूनी बाधाएं दूर करने के अलावा परंपरागत बाधाएं दूर करने की भी जरूरत है। ये परंपरागत रुकावटें परिवारवाले पैदा करते हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे 4 के डेटा का कहना है कि देश की हर सात में से एक औरत को प्रेग्नेंसी के दौरान अस्पताल नहीं ले जाया गया क्योंकि उनके पति या परिवार वालों ने इसे जरूरी नहीं समझा। न्यूयार्क के एशिया पेसेफिक जरनल ऑफ पब्लिक हेल्थ में छपे एक आर्टिकल में कहा गया है कि भारत में 48.5 प्रतिशत औरतें अपनी सेहत के बारे में खुद फैसले नहीं लेती। फिर भी अगर हमारा कानून आधुनिक सोच वाला है तो अमेरिका के किसी फैसले का भारत पर क्या असर होगा? गर्भपात के इस मुद्दे पर कानूनी दृष्टि के साथ-साथ मानवीय दृष्टि से विचार करने की अपेक्षा है, विशेषत: नारी संवेदनाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# लोकसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणामों ने बड़ा महत्वपूर्ण संदेश दिया है

**अशोक मधुप**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामपुर व आजमगढ़ लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की जीत पर कहा कि यह डबल इंजन वाली सरकार की डबल जीत है। जोकि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए एक संदेश है।

देश की तीन लोकसभा सीट पर उपचुनाव हुए। तीनों उपचुनाव के परिणाम बहुत कुछ कहते हैं। राजनीति की नई दिशा की ओर इशारा भी करते हैं। उत्तर प्रदेश में दो लोकसभा सीटों के लिए हुए उपचुनाव में भाजपा की जीत ने यह साबित कर दिया कि नुपूर शर्मा की विवादास्पद टिप्पणी हो या केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना का विरोध, भाजपा के प्रति वोटर की दीवानगी पर कोई असर नहीं पड़ा। वह पूरी तरह भाजपा के साथ है। भाजपा ने रामपुर में पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान के दबदबे और आजमगढ़ में मुलायम सिंह के परिवार के दबदबे वाली सीट पर जीत हासिल कर बता दिया कि उसकी पूरी तरह से आस्था प्रदेश की डबल इंजन वाली सरकार में है। जबकि पंजाब के संगरूर लोकसभा उपचुनाव के नतीजों में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। यहां पर शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के सिमरनजीत सिंह मान जीते हैं। सिमरनजीत सिंह मान ने आम आदमी पार्टी के गुरमेल सिंह को परास्त किया है। उत्तर प्रदेश और पंजाब में विधान सभा चुनाव को अभी तीन माह ही हुए हैं। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा ने पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाई थी। इन तीन माह में भाजपा की प्रवक्ता नुपूर शर्मा की पैगंबर मुहम्मद साहब के बारे में विवदास्पाद टिप्पणी का देश के साथ ही पूरे उत्तर प्रदेश में जमकर विरोध हुआ। कई जगह मुस्लिमों के प्रदर्शन के दौरान हिंसा भी हुई। केंद्र सरकार की सेना में भर्ती के लिए आई अग्निवीर योजना का भी प्रदेश में जगह-जगह जमकर विरोध हुआ। पैगंबर मुहम्मद साहब के बारे में टिप्पणी से तो मुस्लिम ही नाराज थे। किंतु अग्निवीर योजना से तो प्रदेश के युवा नाराज थे। उनकी नाराजगी कई जगह प्रदेश में हिंसा और तोड़फोड़ के रूप में नजर आई। लगता था कि यह हाल का मामला है, अत: इसका चुनाव पर असर नजर आएगा। किंतु रामपुर और आजमगढ़ के मतदाताओं ने सभी अनुमानों का फेल कर दिया।

रामपुर मुस्लिम बहुल सीट है। 1952 से अब तक हुए लोकसभा के 17 चुनाव में इस सीट से मुस्लिम प्रत्याशी ने 11 बार और हिंदू प्रत्याशी ने मात्र छह बार विजय हासिल की है। इस सीट पर पूर्व मंत्री रहे आजम खान का बड़ा प्रभाव माना जाता है। हाल के विधान सभा चुनाव में भी उन्होंने जीत दर्ज की थी। इस उपचुनाव में भाजपा ने घनश्याम लोधी को प्रत्याशी बनाया। घनश्याम एक समय आजम खां के करीबी थे। वह सपा से एमएलसी भी रह चुके हैं। 2022 विधानसभा चुनाव से ठीक पहले लोधी ने सपा का दामन छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था। तब वह पार्टी से टिकट पाने की कोशिश में लगे थे, लेकिन नहीं मिल पाया। आजम खां के लोकसभा सीट छोड़ने पर उपचुनाव का ऐलान हुआ तो भाजपा ने घनश्याम लोधी को उम्मीदवार बना दिया। दूसरी तरफ सपा ने आजम खां के करीबी आसिम रजा को टिकट दिया। जेल से बाहर आने के बाद खुद आजम खां ने ही आसिम के नाम का ऐलान किया था, लेकिन इस चुनाव में घनश्याम लोधी ने 42 हजार मतों से जीत हासिल की।

आजमगढ़ लोकसभा सीट पूर्व मुख्यमंत्री और सपा नेता अखिलेश यादव की परम्परागत सीट बताई जाती रही है। 2019 के चुनाव में अखिलेश यादव को 64.04 प्रतिशत मत मिल पाए थे। जबकि इस बार के विजेता और 2019 चुनाव के भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ को मात्र 35 प्रतिशत वोट मिले थे। पिछले लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव का मत 24 प्रतिशत बढ़ा था। इससे पहले इस सीट से मुलायम सिंह यादव चुनाव जीते थे।




# उपचुनाव : अखिलेश यादव के अहम की हार

**उपेन्द्र नाथ राय**

एक ऐसी पार्टी, जिसके पास 80 लोक सभा सीटों में बसपा से गठबंधन के बावजूद पांच सीटें थी। उसमें भी उप चुनाव में दो सीटें खोने का डर था। इसके बावजूद पार्टी मुखिया का किसी लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने न जाना। यहां तक कि जिसको उन्होंने खुद छोड़ा, उनके घर की सीट मानी जाती रही है, वहां भी एक बार भी नहीं पहुंचे। इसको तो सिर्फ यही कहा जा सकता है कि उप्र में समाजवादी पार्टी की हार सिर्फ अखिलेश यादव के अहम की हार है। इस उप चुनाव में यह भी देखने को पहली बार ही मिला कि सत्ता पक्ष इन दो सीटों को जीतने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहा है और जिसके साथ अस्तित्व बचाने का सवाल है, वह आराम फरमा रहा है। शायद अखिलेश यादव इसी ख्याल में रह गये कि आजमगढ़ में मुस्लिम और यादव मिलकर पचास फीसदी मतदाता हैं, जो समाजवादी पार्टी से इतर नहीं जा सकते। वहीं रामपुर में सिर्फ मुसलमान 50 फीसदी से ज्यादा मतदाता हैं। ऐसे में अखिलेश यादव इस गर्व में बैठे रहे कि इस माहौल में मुसलमान और यादव के बीच भाजपा अपनी पैठ कत्तई नहीं बना सकती। वहीं दूसरी तरफ भाजपा ने रामपुर और आजमगढ़ की सीट को जीतने के लिए पूरा जोर लगा दिया। स्वयं योगी आदित्यनाथ इन दोनों सीटों के लिए प्रचार अभियान में लगे रहे। आखिर जनता के मूड को तो कोई भाप नहीं सकता। विशेषकर आजमगढ़ को देखा जाय तो जहां स्वयं दो बार लोकसभा चुनाव अखिलेश यादव जीते हैं। उन्होंने खुद इस सीट को खाली किया था और वहां पर एक बार भी चुनाव में न जाना शायद आम जन को खल गया। कुछ लोगों को यह भी लगा कि अखिलेश यादव की इस चुनाव में दिलचस्पी नहीं है और वे स्वयं धर्मेंद यादव की जीत देखना नहीं चाहते।उधर अखिलेश यादव के इस बर्ताव से धीरे-धीरे धारणा बनती जा रही है कि अखिलेश यादव एसी में बैठकर राजनीति करने वालों में प्रमुख हैं। बसपा प्रमुख मायावती की तरह वे भी मैदान में नहीं जाना चाहते, जबकि सपा हमेशा लड़ाकू पार्टी के रूप में जानी जाती रही है। यहां तक कि सत्ता में रहते हुए भी मुलायम सिंह यादव के इशारे पर समाजवादियों ने प्रेस के खिलाफ हल्ला बोल दिया था और उप्र के एक बड़े अखबार के दफ्तरों में जमकर तोड़फोड़ की थी। राजनीतिक विश्लेष्कों की मानें तो अखिलेश यादव का आगे का रास्ता और कठिन होने जा रहा है। यदि उप्र की राजनीति में उनको अपनी पकड़ मजबूत करनी है तो उन्हें अपने पुराने ढर्रे पर आना होगा। रामपुर में वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर इस लोकसभा सीट पर 50.57 फीसदी आबादी मुस्लिम मतदाताओं की है। 45.97 फीसदी हिंदुओं की जनसंख्या है। इस चुनाव में भाजपा की जीत ने यह तय कर दिया है कि मुस्लिम मतदाताओं ने भी भाजपा उम्मीदवार घनश्याम लोधी को मत दिया। रामपुर की सीट आजम खान का गढ़ माना जाता है। उन्होंने इस बार भी खुद प्रत्याशी की घोषणा कर पार्टी पर अपने वर्चस्व बरकार रहने की जनता में मैसेज दिया था। वे चुनाव में सपा उम्मीदवार के प्रचार में जुटे भी रहे। जनता के बीच अपनी जेल प्रताड़ना का उल्लेख कर सहानुभूति बटोरने का प्रयास भी करते रहे लेकिन जनता ने नकार दिया। रामपुर लोकसभा सीट को देखें तो यहां से वर्ष 1998 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के मुख्तार अब्बास नकवी जीते थे। यहां से इस बार आजम खान के एक साथी घनश्याम लोधी को उतार दिया था। कभी घनश्याम लोधी को आजम खान के नजदीकी लोगों में गिनती होती थी। इस कारण वे आजम खान के एक-एक कार्य से वाकिफ थे। किस दाव का प्रयोग आजम खान कहां करते हैं, इसको ध्यान में रखकर रामपुर में अपने चुनावी प्रचार की शुरूआत की और विकास का वादा करते हुए आज के दिन विजयी हुए। वहीं आजमगढ़ को अखिलेश-मुलायम का गढ़ माना जाता है। 2019 लोकसभा चुनाव में आजमगढ़ से अखिलेश यादव जीते थे। वहीं, 2014 में मुलायम सिंह यादव यहां से सांसद चुने गए थे। उधर, 2019 के लोकसभा चुनाव में आजम खां रामपुर में सांसद बने थे। अब ये दोनों सीटें भाजपा के खाते में चली गई हैं। आजगढ़ उपचुनाव में भाजपा ने मशहूर भोजपुरी गायक दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ पर एक बार फिर भरोसा जताया। 2019 में भी निरहुआ इस सीट से चुनाव लड़े, लेकिन हार गए थे। तब सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उन्हें हराया था। इस बार धर्मेंद्र को हराकर निरहुआ ने हार का बदला ले लिया। आजमगढ़ लोकसभा सीट के तहत मेंहनगर, आजमगढ़ सदर, मुबारकपुर, सगड़ी और गोपालपुर विधानसभा सीटें आती हैं। यहां यादव और मुस्लिम वोटर्स की संख्या सबसे ज्यादा है। दलित और कुर्मी वोटर्स भी निर्णायक भूमिका में हैं। आमतौर पर यादव वोटर्स सपा के साथ जाते हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव हारने के बाद भी स्थानीय स्तर पर निरहुआ जनता के बीच रहकर काम कर रहे थे। इसका फायदा उन्हें मिला और सपा के कोर वोटर्स भी भाजपा में शिफ्ट हो गए। वहीं, मुस्लिम वोट शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली और सपा के धर्मेंद्र यादव में बंट गए। रामपुर में सबसे ज्यादा मुस्लिम मतदाता हैं। इसके बाद लोधी, सैनी और दलित मतदाताओं की संख्या भी काफी है। कहा जाता है कि घनश्याम लोधी इन जातियों पर अच्छी पकड़ रखते हैं। इसके अलावा अन्य ओबीसी और सामान्य वर्ग ने भी भाजपा का साथ दिया। चूंकि इस बार बसपा और कांग्रेस ने भी चुनाव नहीं लड़ा, इसलिए हिंदुओं का वोट भी एकजुट हो गया और लोगों ने भाजपा को समर्थन दे दिया। वहीं, कांग्रेस नेता और 2019 लोकसभा में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे नवाब काजिम अली खान ने भी भाजपा के समर्थन का एलान किया था। ऐसे में उनके समर्थक भी भाजपा के लिए प्रचार कर रहे थे। हार के कुछ अन्य कारणों पर नजर दौड़ाएं तो आजम खां और अखिलेश यादव के बीच मतभेद की खबरें खूब सामने आईं। इसके चलते दोनों के समर्थक भी कई बार खुलकर एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए दिखे। विधानसभा चुनाव के बाद आजम खां के समर्थकों ने आरोप लगाया कि यादव वोटर्स ने सपा को वोट ही नहीं दिया। वहीं, बुलडोजर व अन्य मामलों में मुस्लिमों का साथ न देने का भी आरोप सपा पर लगा। यूपी की राजनीति पर अच्छी पकड़ रखने वाले प्रो. अजय सिंह कहते हैं कि इसके चलते मुस्लिमों का सपा से मोह भंग हुआ। आजमगढ़ में मुस्लिमों ने बसपा के शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली पर ज्यादा भरोसा जताया। इसके चलते मुस्लिम वोट बंट गए। वहीं, निरहुआ पर यादव के साथ-साथ दलित और कुर्मी वोटर्स ने भी विश्वास जताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बुलडोजर रूप यूपी समेत पूरे देश में छाया हुआ है।

## इंतजार तू जरूर चलते रहना

ऐ दूरियां तूं जरुर मिट मत जाना
पर ज़रा मेरे पास तो आना
ऐ इन्तजार तूं जरुर चलते रहना
पर मुझे साथ लेकर तो चलना
ऐ दुख तूं जरुर सुख मे मत बदलना
पर मेरे हम नवाज तो बने रहना
ऐ रात तूं सुबह जरुर मत हो जाना
पर मेरे चांदनी तो बनना
ऐ छत तूं जरुर अम्बर न भी होना
पर मेरे कुटिया तो बन जाना
ऐ अकेलापन तू जरुर शोर न होना
पर मुझसे बातें तो करते रहना
ऐ उदासी तूं जरुर आनन्द मत भी बन
पर मुझे होश मे तो रख हर क्षण
ऐ विरह तू जरुर प्रेम कबुतर न भी हो
पर मेरे आंसु तो मत बहाओं
ऐ इम्तिहान तूं जरुर सफलता मत लाना
पर मेरे हौसला तो बनते जाना
ऐ नसीब तू जरुर साथ न भी देना
पर मेरी आस तो न मिटाना
ऐ यादें तूं हकीकत जरुर मन होना
पर मेरे सपनों को जिन्दा तो रखना
ऐ सच बस तूं कम से कम झूठ मत होना
सिर्फ मेरे सपने हकीकत करके रुक जाना

**दीपाली कालरा**

## शार्ट न्यूज

### कानपुर में सपा विधायक इरफान सोलंकी के भाई पर दहेज के लिए मारपीट और तीन तलाक का केस दर्ज

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर में समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी के भाई फरहान सोलंकी पर दहेज और तीन तलाक का मामला दर्ज किया गया है। इरफान सोलंकी की पत्नी अंबरीन फातिमा ने चकेरी थाने में इरफान के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। अंबरीन के मुताबिक फरहान से उसकी शादी साल 2009 में हुई थी और साल 2019 में फरहान ने उसे तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। अंबरीन का आरोप है कि विधायक इरफान सोलंकी के रसूख के चलते पुलिस में उसके भाई के खिलाफ शिकायत करने में दिक्कत हुई और फिर कार्रवाई भी नहीं हुई। इस मामले में उसने सीएम सचिवालय और यूपी पुलिस कमिश्नर से भी मुलाकात की तब कहीं जाकर पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज की। अंबरीन का आरोप है कि फरहान सोलंकी उनके साथ मारपीट करता था और उससे दहेज के पांच लाख रुपये लाने को कहता था। अंबरीन का आरोप है कि फरहान के किसी दूसरी महिला से भी संबंध हैं। इसके अलावा उसने ये भी आरोप लगाया है कि सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसकी पत्नी ने भी उसके साथ मारपीट की है। अंबरीन के मुताबिक उसके दो बच्चे हैं और शादी के बाद से ही उनके साथ मारपीट हो रही है और दहेज के लिए उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक अंबरीन की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और अब इस मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और फिर उसी आधार पर कार्रवाई होगी।

### अमेठी : रिश्वत लेने के आरोप में गौरीगंज का एक और लेखपाल सस्पेंड

अमेठी। अमेठी में गौरीगंज तहसील में कार्यवाही का सिलसिला लगातार जारी है। रिश्वत लेने के आरोप में डीएम के निर्देश पर एसडीएम ने एक और लेखपाल को निलंबित कर दिया है। हफ्ते भर के भीतर हुई निलंबन की दूसरी कार्रवाई से महकमे में हड़कंप मचा है। भ्रष्टाचार को लेकर डीएम राकेश कुमार मिश्र ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रखी है। अभी 3 दिन पहले ही गौरीगंज तहसील में ही तैनात हरदो के लेखपाल सुकरू राम को गलत रिपोर्ट देने पर डीएम के निर्देश पर निलंबित किया गया था। इसके बाद लेखपाल राकेश कुमार मिश्र को भी निलंबित कर दिया गया है। शिकायती पत्र में असुरा निवासी सत्यनारायण ने आरोप लगाया था कि लेखपाल राकेश कुमार ने उनसे आवास के लिए 15 हजार रुपए की मांग की थी। 1000 रूपये उनके द्वारा दिए गए थे। डीएम ने मामले की जांच तहसीलदार से कराई तो मामला सही पाया गया। जिसके बाद डीएम के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए एसडीएम राकेश कुमार ने लेखपाल को सस्पेंड कर दिया है। गौरीगंज तहसील में पिछले तीन माह में चार लेखपाल सस्पेंड हो चुके हैं। इसके पहले सकरावा में तैनात एक लेखपाल और जामो में तैनात एक लेखपाल को गलत रिपोर्ट लगाने पर सस्पेंड किया गया था।

### जालसाजी का नया तरीका : व्हाट्सएप पर अपर मुख्य सचिव की फोटो लगाकर गिफ्ट कार्ड खरीदने का बना रहा दबाव

**लखनऊ।** जालसाज ने चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास व आबकारी विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय आर भूसरेड्डी की फोटा व्हाट्सएप प्रोफाइल पर लगाकर अमेजन गिफ्ट कार्ड खरीदने का झांसा दे रहा है। इस बात की जानकारी होने पर अपर मुख्य सचिव ने हजरतगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। संजय आर भूसरेड्डी के मुताबिक बीते शनिवार को रिश्तेदारों ने बताया कि कुछ दिन से मेरे नाम से उनके व्हाट्सएप पर एक मैसेज आ रहा है। व्हाट्सएप पर प्रोफाइल फोटो भी मेरी लगी है, जबकि वह नंबर मेरा नहीं है। जालसाज मैसेज भेजकर अमेजन गिफ्ट कार्ड खरीदने के लिए दबाव बना रहा है। इंस्पेक्टर हजरतगंज के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच की जा रही है।

### बलरामपुर में दो नेपाली किशोरियों के साथ गैंगरेप, चार आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में साप्ताहिक बाजार से सामान खरीदने के लिए पड़ोसी देश नेपाल से आई दो किशोरियों के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि मामले के चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के मुताबिक, नेपाल के दांग जिले में रहने वाली दो किशोरियां सीमावर्ती क्षेत्र मणिपुर बाजार में साप्ताहिक बाजार से सामान खरीदने आ रही थीं, तभी रास्ते में बलरामपुर के हरैय्या क्षेत्र में पड़ने वाले जंगल में चार लोगों ने उन्हें रोककर उनके साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि किशोरियों ने घर पहुंचकर परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक के अनुसार, परिजन नेपाल पुलिस के पास गए, जो दोनों किशोरियों को लेकर हरैय्या थाने पहुंची। उन्होंने बताया कि हरैय्या पुलिस ने चारों आरोपियों रामचंद्र, राजेंद्र, राकेश और पिंटू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है। उनके मुताबिक, आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी तथा यह मुकदमा फास्ट ट्रैक अदालत में चलाया जाएगा।

### बाराबंकी : गला दबाकर पत्नी की हत्या, दूसरी शादी को लेकर दोनों के बीच होता था विवाद

बाराबंकी। बाराबंकी में नगर कोतवाली क्षेत्र गायत्री पुरम कॉलोनी मखदुमपुर में रविवार की रात एक महिला का गला दबाकर उसकी पत्नी हत्या कर दी। सोमवार की सुबह फोन ना मिलने पर मृतका का भाई उसके घर पहुंचा तो शव देखकर हतप्रभ रह गया। शोर मचाने पर आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए। घटना के बाद से आरोपी पति फरार है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका के पिता ने मामले की तहरीर दी है। पहली मंजिल में कमरे में पड़ा था शव- सफदरगंज थाना क्षेत्र के खिदरापुर गांव निवासी विकास पुत्र अंबिका प्रसाद सोमवार की सुबह अपनी बहन के ससुराल नगर कोतवाली क्षेत्र के गायत्री पुरम कॉलोनी मखदुमपुर पहुंचा। घर में कोई नहीं था। घर की पहली मंजिल पर पहुंचने पर उसने अपनी बहन सीलम देवी (38) पत्नी संतोष यादव का शव पड़ा देखा। बहन का शव देखकर वह चीख पड़ा। शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गला दबाकर हत्या किए जाने की आशंका- संतोष यादव और उसकी पत्नी सीलम देवी ही घर में रहते थे। सोमवार की सुबह संतोष लापता है। कोतवाल संजय मौर्य ने बताया कि घटनास्थल देखने के लग रहा है कि महिला की गला दबाकर या मुंह दबाकर हत्या की गई है। शरीर पर कोई जाहिरा चोट के निशान नहीं हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही हत्या का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### ट्रक ड्राइवर ने दी गाली तो खलासी ने उतारा मौत के घाट, चाकू से गला रेतकर की हत्या

वाराणसी। चोलापुर थाना क्षेत्र के कपिसा बाइपास (वाराणसी-आजमगढ़ फोरलेन) के पास शनिवार रात ट्रक चालक पीडीडीयूनगर (चंदौली) के चैनपुरा निवासी 50 वर्षीय सेवालाल की गला रेतकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद राड से वार कर चेहरा कूंचने का प्रयास किया गया था। खास यह कि ट्रक का खलासी झारखंड के नगर जिले के पसंदपुर निवासी कमल मौके पर नहीं था। इस हत्याकांड में खुलासा हुआ कि खलासी ने ही चालक की हत्या की थी। बताया जा रहा है कि खलासी गाली देने से नाराज था। पुलिस ने खलासी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में पता चला कि घटना से एक दिन पहले ट्रक में रस्सी बांधने को लेकर चालक ने खलासी को गाली दी थी। इससे नाराज खलासी ने चाकू से उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद वो मोबाइल और पैसा लेकर फरार हो गया था। चोलापुर में रविवार को ट्रक चालक की लाश मिली थी। रविवार सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लिया।

## अग्निपथ के खिलाफ कांग्रेस का यूपी के जिलों में सत्याग्रह, पूर्व अध्यक्ष लल्लू ने निकाला मार्च

**लखनऊ।** सेना में भर्ती की नई योजना अग्निपथ के खिलाफ कांग्रेस ने सोमवार को यूपी के सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने सेवरही नगर में सत्याग्रह मार्च निकाला। पुलिस ने मार्च को रोकने की कोशिश की तो नोकझोंक भी हुई। इस दौरान लल्लू ने कहा कि मोदी सरकार ने बिना समझे मनमाने तरीके से सेना भर्ती में ठेकेदारी व्यवस्था अग्निपथ थोप दिया है। पूरे देश की व्यवस्था को प्राईवेट लिमिटेड कंपनी समझ रखा है।

लल्लू ने कहा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देंगे। मोदी सरकार को इसे वापस लेना होगा। कांग्रेस पार्टी देश के युवाओं के सपनों को कुचलने नहीं देगी। कांग्रेस युवाओं के संघर्ष में एकजुटता के साथ खड़ी है, युवाओं की लड़ाई लड़ेगी। अग्निपथ ठेका प्रथा सेना में जाने वाले नौजवानों के जज्बे से खिलवाड़ है। इसके वापसी तक हमारी जंग जारी रहेगी।

वहीं, अग्निपथ योजना के विरोध में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने





वाराणसी में टाउनहाल में सत्याग्रह किया। केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर वाराणसी में वरिष्ठ नेता टाउन हॉल के गांधी सभागार के बाहर धरने पर बैठे। नेताओं ने योजना को युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बताते है इसे वापस लेने की आवाज़ बुलंद की।

कांग्रेस सेवादल के वरिष्ठ नेता प्रमोद पांडेय ने कहा कि यह योजना नौजवानों को अम्बानी और अडानी का गार्ड बनाने की स्कीम है। सरकार इस नियम को तत्काल वापस ले। बताया कि देशभर में सभी संसदीय और विधानसभा क्षेत्रों में सत्याग्रह हो रहा है। राहुल गांधी अपने निर्वाचन क्षेत्र वायनाड में सत्याग्रह कर रहे हैं। महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने कहा कि हम नौजवानों की लड़ाई लड़ने के लिए उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर रहेंगे और इस नियम को वापस करवा कर ही चैन से बैठेंगे।

#### अग्निपथ के विरोध में कांग्रेस ने दिया धरना

पीडीडीयू नगर अग्निपथ योजना के विरोध में सोमवार को शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामजी गुप्ता के नेतृत्व में नगर स्थित जीटी रोड स्थित शास्त्री पार्क में सत्याग्रह विरोध किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि अग्निपथ योजना युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ है। इस मौके पर शहर अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने कहा कि आज नौजवान पूरे देश में केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध में सड़कों पर हैं। इन लोगों ने पहले किसानों के साथ खिलवाड़ किया और अब नौजवानों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

भारत सरकार नौजवानों के प्रति सहानुभूति रखें और सेना में नौकरियां निकाले तथा इस अग्निपथ योजना को वापिस लें। जो लोग पहले दो करोड़ रोजगार देने की बात करते थे वो अब अंत में जाकर अग्निपथ योजना लेकर आए हैं।

इस योजना के विरोध में आज पूरे देश में नौजवान आंदोलन कर रहे हैं। भारत के नौजवानों के साथ धोखा और खिलवाड़ करने का केंद्र सरकार को कोई भी अधिकार नहीं है। केंद्र सरकार को पहले सेना में खाली पड़े लाखों पदों को भरकर बैकलॉग को पूरा करना चाहिए था।

जिन नौजवानों को लेकर यह योजना बनाई गई है अगर वो ही इसे लेकर सड़कों पर आंदोलित हैं तो सरकार को इसे रोक देना चाहिए।

तीनों सेनाओं में अब सैनिक भर्ती नहीं होगी।केवल चार साल की ठेका भर्ती ही होगी।यानी सेना में 2,55,000 ख़ाली पद ख़त्म। सत्याग्रह में आनंद शुक्ल, मधुराय, भवानी शरण सिंह, बृजेश गुप्ता, शाहिद तौसिफ, दयाराम पटेल, दशरथ चौहान, नेहाल अख़्तर बाबू, विजय गुप्ता, कमरुल बारी, तारिक आदि लोग थे।

गाजीपुर में अग्निपथ योजना के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने सातों विधानसभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनता के साथ गांधीवादी तरीके से विरोध किया। राष्ट्रपति को सम्बोधित पत्रक जिलाधिकारी के माध्यम से उप जिला अधिकारी को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष सुनील राम ने कहा कि आने वाले में समय में अग्निपथ सैनिक सेना द्वारा ट्रेनिंग लेकर उद्योगपतियों के लिए काम करेंगे।

पूर्व विधायक और एआईसीसी सदस्य अमिताभ अनिल दुबे ने बताया कि अग्निपथ योजना को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता और नेताओं ने जिले सहित पूरे देश में सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक प्रदर्शन किया।

उन्होंने अग्निपथ योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि युवाओं के भविष्य और देश की सैन्य व्यवस्था के साथ मोदी सरकार खिलवाड़ कर रही है, जिसके लिए कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक युवाओं के साथ खड़ी है।

## चर्चित इत्र कारोबारी पीयूष जैन जेल में बना 'डॉक्टर'

### कैदियों के साथ उनके परिजनों के लिए भी लिख रहा दवा

कानपुर। 197 करोड़ की बरामदगी में आरोपित पीयूष जैन जेल में डॉक्टर बन गया है। वह बंदियों को होम्योपैथी का इलाज दे रहा है। जिस बंदी को तकलीफ होती है वह उससे इलाज कराने के साथ दवा लिखवाता है।

जेल सूत्रों के मुताबिक पीयूष जैन की होम्योपैथी में इतनी अच्छी पकड़ है कि कई बंदियों के साथ अब जेल के अफसर और कर्मचारी भी उससे दवा लिखवाने लगे हैं। जो सॉल्ट वह लिखता है अगर वह जेल में उपलब्ध नहीं है तो उसे बाहर से खरीदा जाता है। 26 दिसंबर को पीयूष जैन के पास से भारी मात्रा में नकदी और जेवरात बरामद होने के बाद उसे जेल भेजा गया था।

उस दौरान पीयूष अपने साथ तीन सौ



शीशी होम्योपैथी दवा लेकर गया था। जो एक अलग झोले में भरी हुई थीं। जेल प्रशासन की चेकिंग में दवाएं उसके पास मिलीं। सारी दवा खुली शीशियों में थी, जिसे रखने की अनुमति न होने के कारण जेल प्रशासन ने सारी शीशियां जब्त कर ली थीं। जैसे जैसे दिन गुजरे, जेल में बंद बंदियों से पीयूष जैन ने बात करना शुरू की। लगभग 20-25 दिन पहले एक बंदी को पथरी में दिक्कत हुई। पीयूष उस वक्त वहीं से गुजर रहा था। उसने बंदी को देखा और होम्योपैथ की कुछ दवाएं लिखकर दीं। जेल अस्पताल में होम्योपैथ की दवाएं भी मौजूद हैं। जो दवाएं लिखी गई थीं वह बंदी को दी गईं जिससे फायदा हुआ।

सिर्फ सुनता है और लिखता है दवा- पीयूष अब भी बहुत कम बात करता है। कोई उसके पास दवा लिखवाने पहुंचता है तो वह सिर हिलाकर उसकी समस्या सुन लेता है।

#### साहब भी लिखवाने लगे दवा

पीयूष जैन के पास इसके बाद से मरीजों की संख्या बढ़ने लगी। वर्तमान में वह प्रतिदिन 30-35 बंदियों की तकलीफ सुनने के बाद उन्हें दवाएं देता है।

जेल सूत्रों के मुताबिक पीयूष जैन के पास होम्योपैथी के ऐसे- ऐसे फार्मूले हैं जो पहले कभी सुने नहीं गए। वह जो सॉल्ट लिखता है, वह भी अच्छी होम्योपैथ दुकानों में ही उपलब्ध हैं। बंदी अब उससे अपने परिवार के लिए भी दवाएं लिखवाते हैं।

जेल अधीक्षक आरके जायसवाली के अनुसार जेल के कई लोगों से मुझे भी इसकी जानकारी मिली है कि पीयूष जैन होम्योपैथ का अच्छा जानकार है। उससे पूछा गया तो उसने बताया कि विदेश के किसी कॉलेज से होम्योपैथ में डिस्टेंस कोर्स किया है। बंदी उससे मदद लेते हैं। वह ज्यादा किसी से बात नहीं करता।

## 33 लाख रुपए की चरस बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

बहराइच। बहराइच में खैरीघाट थाने की पुलिस ने तीन शातिर चोरों को दबोच लिया। इनके पास से 33 लाख की चरस, चोरी की गई रकम, तमंचा, कारतूस व एक मोबाइल बरामद किया गया है। एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने बताया कि एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार व सीओ महसी जय प्रकाश त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में एसएचओ खैरीघाट निखिल कुमार श्रीवास्तव की ओर से गठित टीम के दरोगा संजय कुमार यादव, राम गोविंद वर्मा, मुख्य सिपाही राहुल सिंह, सिपाही कार्तिकेय गौड़, अजय यादव, सोनू यादव ने सोमवार भोर मक्कापुरवा में दबिश देकर दो शातिर चोरों को पकड़ लिया। तलाशी में इनके पास से 1.100 किग्रा चरस, एक तमंचा 12 बोर, एक कारतूस, चोरी गई रकम से 17,470 रुपये, एक एंड्रायड मोबाइल बरामद किया गया। गिरफ्तार चोरों की पहचान खैरीघाट थाने के चिड़ीमारन पुरवा टेपरी निवासी मिश्री, विक्रम व गुड्डु बहेलिया के रूप में हुई। मिश्री बहेलिया पर पूर्व में चार, गुड्डु बहेलिया पर तीन व विक्रम पर पूर्व में एक आपराधिक केस दर्ज है। पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। खैरीघाट पुलिस की ओर से गिरफ्तार चोर गैंग का मास्टर माइंड मिश्री बहेलिया है। पुलिस ने इलाके में हुई तीन चोरियों की वारदात कबूली है। चोरों ने बसंतापुर इमामगंज में प्रह्लाद, इसी गांव में अब्दुल सत्तार , बौंडी के मजरा गौढ़िया में चंद्र प्रकाश के यहां चोरी किए जाने का जुर्म इकबाल किया है।

### शादी तुड़वाने के लिए फर्जी हलफनामा बनवाकर अश्लील वीडियो किया वायरल

**लखनऊ।** युवती की शादी तुड़वाने के लिए शोहदे ने अश्लील वीडियो वायरल कर दिया। पीड़िता के साथ शादी का फर्जी हलफनामा भी बनवा लिया। पांच लाख रुपये न देने पर शोहदा पीड़िता और उसके भाई को जान से मारने की धमकी दे रहा है। इंस्पेक्टर गोमतीनगर के मुताबिक तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर सर्विलांस सेल की मदद से जांच पड़ताल की जा रही है। पीड़िता के मुताबिक उसकी शादी तय है। वर्ष 2013 में वह चाचा के घर प्रयागराज गई थी वहीं, घर पर ट्युशन पढने आने वाले प्रयागराज के हड़िया इब्राहिमपुर निवासी सुधीर सिंह से जान पहचान हुई थी। बीते करीब एक सप्ताह से सुधीर बदल- बदल कर कई नंबरों से फोन कर उसे धमका रहा है। आरोपित ने उसकी अश्लील फोटो बनाकर वायरल कर दी। धोखे से दो वर्ष पहले नौकरी के लिए गवाह के रूप में सादे कागज पर उसके दस्तख्त ले लिए थे जिसपर शादी का हलफनामा बनवा लिया। अब रिश्तेदारों के व्हाट्सएप पर हलफनामा भेजकर मेरे साथ पहले ही शादी होने की बात कह रहा है। आरोपित ने दो दिन पहले मैसेज कर फिर धमकाया कि अब वह उसकी होने वाले पति को भी अश्लील वीडियो भेज देगा। अगर वह अपनी समाजिक प्रतिष्ठा और परिवार को बचाना चाहती है तो पांच लाख रुपये भेज दे नहीं तो पीड़िता और उसके भाई को जान से मार देगा। सुधीर उसकी शादी तुड़वाने के लिए यह सब कर रहा है। गोमतीनगर इंस्पेक्टर दिनेश चन्द्र मिश्रा का कहना है पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## यूपी में 100 फीसदी टीकाकरण का लक्ष्य पूरा

### अब बच्चों के वैक्सीनेशन पर जोर : ब्रजेश पाठक

लखनऊ। देशभर में एक बार फिर कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है। वहीं, सरकारें लगातार इस कोशिश में लगी हुई हैं कि कोई भी टीकाकरण के बिना न रह जाए। इसी बीच यूपी के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदेश में टीकाकरण के लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि यूपी में वयस्कों के कोरोना टीकाकरण का काम 100 फीसदी पूरा हो गया है। जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। सोमवार को डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार काम हुआ हैय् प्रदेश में शत-प्रतिशत टीकाकरण हो चुका है और अब हम तेजी से बच्चों का टीकाकरण कर रहे हैं। आपको बता



दें कि देश में वैक्सीनेशन के मामले में उत्तर प्रदेश पहले नंबर पर है। यहां 16 करोड़ लोगों को वैक्सीन की दोनों डोज लगाई जा चुकी है। वहीं 35,22,576 लोगों को प्रिकॉशन डोज भी दी जा चुकी है। प्रदेश में अब 12-17 साल के बच्चों को भी वैक्सीन की डोज तेजी से लगाई जा रही है। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश में एक बार फिर कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ रही है जिसे लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने निर्देश जारी कर दिए हैं। रविवार को प्रदेश में 574 नए कोरोना संक्रमित मिले हैं। बीते 24 घंटे में 525 कोविड मरीज ठीक भी हुए हैं। अब प्रदेश में एक्टिव केस की संख्या 3653 हो गई है।

#### यूपी की कानून व्यवस्था काफी बेहतर

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने आगे कहा कि यूपी की कानून व्यवस्था काफी बेहतर है। इस वजह से उद्योग और व्यापार को सहारा मिला है। गोमती नगर में एमएसएमई सम्मेलन को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि अब सिंगल विंडो सिस्टम लागू होने से उद्यमियों को काफी मदद मिली है। उद्यमियों को संबोधित करते हुए उन्होंने 2017 के बाद से आए बदलावों को गिनाया। भाजपा सरकार में ईज ऑफ डूइंग बिजिनेस के रास्ते खोले हैं। अब एनओसी के लिए भटकना नहीं पड़ता। सरकार कारोबारियों, उद्यमियों की पूरी मदद कर रही है। माफिया और अपराधी प्रदेश छोड़ चुके हैं। इसी वजह से यूपी में निवेश भी बढ़ा है।

## कानपुर हिंसा: हयात जफर पर नरमी में फंसे इंस्पेक्टर, केस दर्जकर निकाला था नाम


एजेंसी

कानपुर। कानपुर हिंसा में गिरफ्तार किए गए जौहर फैंस एसोसिएशन के अध्यक्ष हयात जफर को पुलिस ने एक बार बख्श दिया था। सीएए-एनआरसी को लेकर भड़काऊ भाषण देने पर उसके खिलाफ पहले एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके बाद बजरिया पुलिस ने खेल कर उसका नाम निकाल दिया था। इस मामले में पुलिस आयुक्त ने फिर से जांच के निर्देश दिए हैं। इस खेल में शामिल विवेचक के खिलाफ जांच की संस्तुति की गई है।

हयात का नाम एनआरसी के विरोध के दौरान आया था। उस दौरान उसने भड़काऊ बयान दिए थे। नई सड़क के पास ही यतीमखाना चौराहा पर विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों को रोकने पर बवाल हुआ था। हयात के भड़काऊ भाषण देते बकायदा वीडियो वायरल हुए थे। बजरिया थाने में उस पर भड़काऊ भाषण देने का मामला दर्ज हुआ।

विवेचक ने जांच के बाद हयात का नाम निकाल दिया था। उस समय एक अधिकारी ने भी हयात का नाम निकालने की पैरवी की थी। पुलिस आयुक्त ने इस मामले की गोपनीय जांच शुरू कराई है। इस मामले के विवेचक की भूमिका पर भी सवाल उठे हैं। विवेचक के खिलाफ जांच की जा रही है।





#### एनआरसी विरोध में भी मुख्तार की भूमिका!

बाबा बिरयानी के मालिक मुख्तार बाबा को जेल भेजने के बाद बिल्डर हाजी वसी को भी आरोपी बनाया गया है। बजरिया, बाबूपुरवा व अन्य थाना क्षेत्रों में 2019 को सीएए के विरोध मे हुए बवालों की कई फाइलें खोली गई हैं। इसमें यह दोनों के साजिश में भूमिका भी तलाशी जा रही है।

सीएए के विरोध के समय शहर में माहौल बिगाड़ने की कोशिश हुई थी। ऐसे कई मामलों की फिर से जांच की तैयारी है। इस कड़ी में ही बाबूपुरवा में भी मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले में भी दो लोगों को निकाल दिया गया था। यह फाइल भी फिर से खुल गई है। यह जांच की जा रही है कि विवेचक किस आधार पर दोनों को निकाला था। बजरिया थाने में मार्च 2021 में शत्रु संपत्ति मामले में दर्ज तीन एफआईआर में से एक में मुख्तार बाबा का नाम भी आया था। मुख्तार बाबा व उसके साथियों पर अनवरगंज व बेकनगंज में जमीन हैं। इन संपत्ति का मालिकाना हक हलीम के नाम है। मुख्तार बाबा का नाम निकाल दिया गया था। उस समय बजरिया इंस्पेक्टर राममूर्ति यादव थे।

#### बाबा बिरयानी समेत तीन संपत्तियों को लेकर सुनवाई जल्द शुरू की जाएगी

कानपुर। बाबा बिरयानी समेत कानपुर की तीन संपत्तियों को शत्रु घोषित करने के लिए जनसुनवाई एक बार फिर जल्द ही होगी। इसके लिए सभी लोगों को नोटिस जारी करके समय दिया जाएगा। इसकी रूपरेखा प्रशासन तैयार कर रहा है। अब दोबारा सुनवाई जुलाई में होगी। 32 कब्जेदारों में से सिर्फ दो लोगों ने जनसुनवाई में जवाब दाखिल किया है। बाकी 15 ने समय मांगा है। 15 आए ही नहीं।

## पत्नी करती थी शक तो उतारा मौत के घाट, पुलिस थाने जाकर खुद बताया किया मर्डर

**मेरठ।** मेरठ के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मोहनपुरी में एक शख्स ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी और फिर पुलिस के पास जाकर इसकी जानकारी भी दी। उसने खुद जाकर पुलिस को बताया कि वो अपनी पत्नी की हत्या करके आया है। लड़के ने पत्नी की हत्या विवाद के बाद उसी के दुपट्टे से गला दबाकर कर दी। उसका कहना है कि उसकी पत्नी उसपर किसी और से अफेयर रखने का शक करती थी जिसके चलते दोनों के बीच कई बार लड़ाई हुई। इसी कारण इस बार भी दोनों के बीच लड़ाई हुई और गुस्से में उसने पत्नी का गला दबा दिया जिससे उसकी मौत हो गई। उसने बताया कि दुपट्टे से गला दबाकर उसने पत्नी की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद वो





खुद थाने पहुंचा और पुलिस को हत्या की जानकारी दी। उसने पुलिस के सामने मर्डर करने की बात कबूल की और बताया कि पत्नी अवैध संबंधों को लेकर शक करती थी। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की और घर वालों से भी पूछताछ कर रही है। आरोपी अजीत ने बताया कि उसका उसकी पत्नी के साथ सुबह विवाद हो गया था। सिविल लाइन थाने के मोहनपुरी निवासी अजीत अपने परिवार के साथ रहता है। 2012 में उसकी शादी मोदीनगर की सीमा से हुई। दोनों के दो बच्चे हैं। अजीत की पत्नी को लंबे समय से उसके अवैध संबंधों के शक थे। इस पर अक्सर दोनों के बीच लड़ाई होती और सोमवार को भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ। दोनों अपने कमरे में थे और झगड़े में ही गुस्से में अजीत ने पत्नी का गला दुपट्टे से दबा दिया। सीमा ने छटपटा कर दम तोड़ दिया। अजीत इसके बाद पुलिस थाने गया और उन्हें बताया कि उसने पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने अजीत के घर जाकर सीमा का शव कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी रमेश चंद ने बताया कि मौके से हत्या में प्रयोग की गई चुन्नी बरामद कर ली गई है।

## बहराइच में सड़क हादसा, तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

बहराइच। बहराइच-लखनऊ हाईवे पर गजाधरपुर के पास तेज रफ्तार वाहन ने विपरीत दिशा से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा होते ही चालक वाहन सहित भाग गया। पुलिस घायलों को फखरपुर सीएचसी लाई। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। बहराइच-लखनऊ हाईवे पर रविवार रात लगभग 11 बजे फखरपुर थाने के गजाधरपुर के पास लखनऊ की ओर से आ रहे किसी तेज रफ्तार वाहन ने विपरीत दिशा से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना होते ही चालक वाहन सहित भाग गया। सूचना मिलने पर एसएचओ वेद प्रकाश शर्मा पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे। आनन -फानन में घायलों को फखरपुर सीएचसी लाया गया। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। काफी कोशिशों के बाद दोनों मृतकों की पहचान फखरपुर थाने के वजीरगंज निवासी 29 वर्षीय मोहम्मद शाहिद पुत्र मोहम्मद रईश , कैसरगंज थाने के बरखुरद्दारापुर निवासी 30 वर्षीय समीर पुत्र इकराम के रूप में हुई।

# IAS ने विज्ञापनदाताओं की बोली-पूर्व और बोली-पश्चात सेटिंग पूरी करने के लिए Xandr के Invest DSP के साथ कंपेन सिंक सोल्यूशन की घोषणा की

### IAS क्वालिटी सिंक बोली-पूर्व सेगमेंट डिजिटल मीडिया गुणवत्ता को और अधिक अनुकूलित करने के लिए विज्ञापन कंपेन ब्लॉक दरों और कंपेन एक्टिवेशन समय को कम करता है

न्यूयॉर्क। डिजिटल मीडिया गुणवत्ता में वैश्विक लीडर Integral Ad Science ने आज अपने क्वालिटी सिंक बोली-पूर्व सेगमेंटके लॉन्च की घोषणा की। फिलहाल Xandr के Invest DSP में विश्व स्तर पर और अन्य DSP में जल्द ही पहुंच योग्य, यह समाधान विज्ञापनदाताओं को वीडियो और डिस्प्ले इन्वेंट्री, दोनों में मोबाइल व डेस्कटॉप के लिए अपनी अपनी बोली-पश्चात विज्ञापन कंपेन सेटिंग्स को मूल रूप से बोली-पूर्व सेटिंग के साथ मिरर करने की अनुमति देता है। क्वालिटी सिंक बोली-पूर्व सेगमेंट के साथ विज्ञापनदाता एकीकृत ब्रांड सुरक्षा, कीवर्ड ब्लॉक सूची, यूआरएल ऋ बहिष्करण सूचियां, ब्रांड उपयुक्तता (संदर्भ नियंत्रण परिवर्जन) और अमान्य ट्रैफिक परिवर्जन सेटिंग सक्षम कर सकते हैं।

स्ट्रीमलाइनिंग एक्टिवेशन एकीकृत बोली-पूर्व खंड जटिलताओं को दूर करता है और बोली-पश्चात प्राथमिकताओं को बोली-पूर्व से मैन्युअल रूप से प्रतिबिंबित करने में लगने वाले समय को कम और मानवीय त्रुटि की आशंका घटाता है। विज्ञापनदाता ताजा खबरों या रुझानों के रेस्पांस में व्यापक सुरक्षा और समय के प्रति संवेदनशील अपडेट सुनिश्चित करते हुए अपने डिजिटल मीडिया कंपन को जल्दी से लॉन्च और अनुकूलित कर सकते हैं।

ब्लॉक दरों में कमी यह समाधान बोली-पश्चात ब्लॉक दरों को कम करेगा क्योंकि बोली स्ट्रीम में अवांछित प्लेसमेंट से बचा जाता है। ब्रांड अपनी बचत का पुनर्निवेश गुणवत्ता वाले मीडिया में कर सकते हैं और भविष्य के अभियानों को अनुकूलित करने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। IAS के मुख्य उत्पाद अधिकारी टॉम शर्माने कहा, हमारा क्वालिटी सिंक बोली-पूर्व सेगमेंट विज्ञापनदाताओं को उनके प्रोग्रामेटिक कंपेन की दक्षता और आरओआई बढ़ाने में मदद करने के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान करता है। विज्ञापनदाता अपनी पसंदीदा अभियान सेटिंग को एक ही स्थान पर कैप्चर कर सकते हैं, वर्कफ्लो को सुव्यवस्थित कर सकते हैं, ब्लॉक दरों को कम कर सकते हैं और समग्र मीडिया गुणवत्ता में सुधार कर सकते हैं। हमें इस समाधान को सबसे पहले ङ्कड्डठ्ठस्त्रह् में लाने की खुशी है, आने वाले समय में और वैश्विक डीएसपी में एकीकरण किया जाएगा। सुरक्षित और उपयुक्त परिवेश में डिजिटल विज्ञापन सुनिश्चित करना कभी भी इतना अधिक महत्वपूर्ण नहीं रहा, विशेष रूप से लगातार विकसित होने वाले डिजिटल परिदृश्य और समाचार चक्र में। हमारा समाधान विज्ञापनदाताओं के लिए कंपेन प्रबंधन में कुछ जटिलताओं को कम करता है। एकीकृत सेटिंग कंपेन सेट अप के दौरान, विज्ञापनदाताओं को अब नई लंबी सूचियां बनाने या ब्रांड सुरक्षा व उपयुक्तता के लिए बोली-पश्चात और बोली-पूर्व स्तरों पर अलग-अलग सीमाएं चुनने की आवश्यकता नहीं है। IAS का क्वालिटी सिंक बोली-पूर्व सेगमेंट IAS Signal से विज्ञापनदाता की चयनित बोली-पश्चात अवायडेंस सेटिंग्स को आसानी से सिंक करता है और इसे एकीकृत तरीके से एकल बोली-पूर्व सेगमेंट में प्रस्तुत करता है। यह क्वालिटी सिंक बोली-पूर्व सेगमेंट सुरक्षा, उपयुक्तता, अमान्य ट्रैफिक या कस्टम सूचियों में भविष्य में होने वाले किसी भी बदलाव को दर्शाने के लिए डीएसपी के भीतर स्वचालित रूप से सिंक हो जाएगा।

समाधान में ब्रांड की व्यक्तिगत जरूरतों के आधार पर प्रासंगिक अवायडेंस खंड और कस्टम प्रासंगिक खंड शामिल हैं। IAS का कॉन्टेक्स्ट कंट्रोल सॉल्यूशन इसकी प्रोपराइटरी मशीन लर्निंग क्षमताओं से संचालित होता है, जो अब बोली पश्चात और बोली-पूर्व के बीच निर्बाध रूप से सिंक कर सकता है। कॉन्टेक्स्ट कंट्रोल (Conte&t Control) किसी वेब पेज की भावना और विचारों का विश्लेषण लगभग मानवीय समझ जितना ही करने में सक्षम है।

DSP एकीकरण Xandr का रणनीतिक खरीदारी मंच, इन्वेस्ट डीएसपी, अब अपने मौजूदा द्बह्स बोली-पूर्व सेगमेंट के साथ-साथ प्रासंगिक लक्ष्यीकरण और प्रासंगिक अवायडेंस सहित क्लाइंट एक्टिवेशन के लिए द्बह्स का क्वालिटी सिंक बोली-पूर्व सेगमेंट प्रदान करता है।

IAS के क्वालिटी सिंक बोली-पूर्व सेगमेंट के एकीकरण से विज्ञापनदाताओं द्वारा बोली पश्चात और बोली-पूर्व, दोनों स्तरों पर मैन्युअल रूप से अपनी ब्रांड सुरक्षा व उपयुक्तता सेटिंग्स का मिलान करने में लगने वाला समय कम हो जाएगा, डायलन मैकब्राइड, ग्लोबल हेड ऑफ पार्टनरशिपह्य, Xandrने कहा। समाधान सुनिश्चित करता है कि विज्ञापनदाता अधिक आत्मविश्वास और सटीकता के साथ अभियान शुरू करने में सक्षम हों।

विज्ञापनदाता IAS के रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म सिग्नल के माध्यम से कंपेन के प्रदर्शन को मापना जारी रखेंगे।

Integral Ad Science के बारे में

Integral Ad Science (IAS) डिजिटल मीडिया गुणवत्ता में एक ग्लोबल लीडर है। IAS प्रत्येक इंप्रेशन को महत्वपूर्ण बनाता है, यह सुनिश्चित करता है कि विज्ञापन वास्तविक लोगों द्वारा सुरक्षित और उपयुक्त वातावरण में देखे जा सकते हैं, प्रासंगिक लक्ष्यीकरण को सक्रिय कर रहे हैं और आपूर्ति पथ को और अधिक अनुकूलित बना रहे हैं। हमारा मिशन दुनिया के अग्रणी ब्रांडों, पब्लिशर और प्लेटफार्मों के लिए डिजिटल मीडिया गुणवत्ता में विश्वास तथा पारदर्शिता के लिए वैश्विक बेंचमार्क बनना है। हम इसे डेटा-संचालित प्रौद्योगिकियों के माध्यम से व्यावहारिक रीयल-टाइम सिग्नल और अंतर्दृष्टि के साथ करते हैं। 2009 में स्थापित और न्यूयॉर्क स्थित मुख्यालय वाली, IAS दुनिया भर में हजारों शीर्ष विज्ञापनदाताओं और प्रीमियम पब्लिशर के साथ काम करती है। अधिक जानकारी के लिए, देखें integralads.com.

**Xandr के बारे में**

Microsoft Advertising का एक भाग Xandr, प्रीमियम विज्ञापन के लिए वैश्विक बाजार प्रदान करता है। हमारा डेटा-सक्षम प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म, जिसमें Xandr Invest, Xandr Monetize और Xandr Curate शामिल हैं, एक मुक्त बाजार के प्रति प्रतिबद्धता बनाए रखते हुए तथा वैश्विक स्तर पर मुक्त वेब को सशक्त बनाते हुए, खरीदारों व विक्रेता, दोनों के लिए निवेश पर लाभ का अनुकूलन करता है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुंबई ।**

मुम्बई शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही आईटी , बैंक और एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में अच्छी खरीददारी से भी बाजार ऊपर आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 433.30 अंक करीब 0.82 फीसदी की बढ़त के साथ ही 53,161.28 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 132.80 अंक तकरीबन 0.85 फीसदी की बढ़त के साथ ही 15,800 अंक के स्तर को पार करते हुए 15,832.05 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में लार्सन एंड टुब्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल और टाटा स्टील के शेयर ऊपर आये। वहीं, दूसरी ओर कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और टाइटन के शेयर गिरे हैं।




कारोबार के दौरान ओएनजीसी, कोल इंडिया, एलएंडटी,एचसीएल टेक्नोलॉजी और टेक महिन्द्र के शेयरों को लाभ हुआ। वहीं इशर मोटर्स , अपोलो हॉस्पीटल , एचडीएफसी लाइफ, रिलायंस इंडस्ट्रीज और कोटक् महिन्द्र बैंक के शेयर गिरे हैं। इससे पहले शुक्रवार को भी बाजार तेजी के साथ बंद हुआ था। वहीं एशियाई और अमेरिकी शेयर बाजार में भी तेजी आई है। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, हांगकांग का हैंगसेंग, चीन का शंघाई कंपोजिट और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी भी बढ़त के साथ बंद हुआ जबकि यूरोपीय बाजार दोपहर के कारोबार में लाभ में थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.13 फीसदी गिरकर 112.93 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर आ गया।

## हीरो लेक्ट्रो की ई-साइकिलों के दाम 15,000 रुपये तक कम किए

**मुंबई ।**

हीरो साइकिल्स लिमिटेड के इलेक्ट्रिक साइकिल ब्रांड हीरो लेक्ट्रो ने कहा कि नई ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) नीति लागू होने के बाद दिल्ली में उसके पांच उत्पादों के दाम 15,000 रुपये तक घट जाएंगे। हीरो लेक्ट्रो ने कहा कि दिल्ली सरकार की इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति में इलेक्ट्रिक साइकिल को भी सब्सिडी एवं कर छूट दिए जाने से उसके सी6, सी8आई, एफ6आई और सी5 संस्करणों की कीमतों में 7,500 रुपये की कटौती होगी। वहीं उसके कार्गो संस्करण कार्गो विन की कीमत में 15,000 तक की कमी आएगी। इस संस्करण की प्रभावी कीमत 34,999 रुपये होगी। हीरो साइकिल्स के निदेशक आदित्य मुंजाल ने कहा, सब्सिडी समर्थन मिलने से ई-साइकिल अधिक किफायती होने के साथ ही समाज के बड़े तबके की पहुंच में आ जाएगी।'' उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की तरफ से दिए गए समर्थन से लोग ई-साइकिल के इस्तेमाल के लिए अधिक प्रोत्साहित होंगे जिससे राजधानी में आवागमन का टिकाऊ एवं हरित विकल्प मिलेगा।



## रुपया सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया नीचे आया है। रुपया एक पैसे से नीचे आकर 78.34 प्रति डॉलर के नए सर्वकालिक निचले स्तर तक खिसक गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी से भी घरेलू मुद्रा पर प्रभाव पड़ा है हालांकि विदेशों में डॉलर में कमजोरी से रुपये को कुछ हद तक बल मिला है। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 78.24 प्रति डॉलर पर खुला और अपनी शुरुआती बढ़त को खोने के बाद कारोबार के अंत में एक पैसे की गिरावट के साथ ही 78.34 रुपये प्रति डॉलर के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपया 78.24 के उच्च स्तर तक जाने के बाद 78.36 तक आया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 78.33 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.21 फीसदी की गिरावट के साथ ही 103.97 पर आ गया।

## वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने गेल की 'बीबीबी रेटिंग को कायम रखा

**नई दिल्ली ।** वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने भारत की सबसे बड़ी गैस कंपनी गेल की स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीबीबी रेटिंग को कायम रखा है। कंपनी का वित्तीय स्थिति मजबूत रहने के बीच रेटिंग एजेंसी ने यह कदम उठाया है। रेटिंग एजेंसी ने कंपनी की ट्रिपल बी-रेटिंग को पुष्ट किया है। गेल में सरकार की 51.52 प्रतिशत हिस्सेदारी है। गेल भारत की सबसे बड़ी गैस पारेषण और विपणन कंपनी है। इसका 14,502 किलोमीटर का गैस पाइपलाइन नेटवर्क है, जो 21 राज्यों तक फैला हुआ है। इसकी दैनिक क्षमता 20.6 करोड़ मानक घनमीटर की है।

## तांबा उत्पादन में बड़ा 6000 करोड़ रुपए निवेश करेगा अडाणी समूह, मुंद्रा में लगेगा प्रोजेक्ट

**नई दिल्ली ।** अडानी ग्रुप तांबे में बड़ा निवेश करने वाला है। अडाणी समूह ने गुजरात के मुंद्रा में दस लाख टन के सालाना उत्पादन वाली यूनिट की स्थापना के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से कर्ज की व्यवस्था की है। अडाणी समूह ने एक बयान में कहा अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की अनुषंगी कच्छ कॉपर लिमिटेड कॉपर रिफायनरी प्रोजेक्ट की स्थापना कर रही है। दो चरणों में बनने वाला यह प्लांट हर साल दस लाख टन रिफाइंड तांबे का उत्पादन करेगा। बयान में कहा गया कि इस परियोजना के लिए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुआई में बैंकों के एक गठजोड़ से कर्ज मिला है। केसीएल परियोजना के पांच लाख टन की क्षमता वाले पहले चरण के लिए बैंकों के इस गठजोड़ ने 6,071 करोड़ रुपये की कर्ज आवश्यकता के लिए समझौता किया और इसे मंजूरी दी। अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के निदेशक विनय प्रकाश ने कहा इस परियोजना का परिचालन वर्ष 2024 की पहली छमाही में शुरू हो जाएगा। कोरोना महामारी के बाद से दुनियाभर में तांबे की डिमांड काफी बढ़ गई है। इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैस का कहना है कि यह इंडस्ट्रियल कमोडिटी एक ऐसे नए सुपर साइकल में है, जो साल 2004 से 2011 के बीच देखने को मिली थी। भारत की बात करें तो यहां तांबा बाजार में अधिक बड़े प्लेयर्स नहीं हैं। इसलिए यहां तांबा बाजार में अच्छे मौके हैं। रिन्यूएबल एनर्जी और इलेक्ट्रिक व्हीकल क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाओं के चलते देश में तांबे की मांग बढ़ने का अनुमान है। स्टरलाइट कॉपर के बंद होने के बाद से भारत इस धातु का शुद्ध आयातक बन गया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इससे पहले लगभग दो दशकों तक देश तांबे का शुद्ध निर्यातक था। यह पैसा ग्रीनफील्ड प्लांट के पहले चरण के हिस्से के रूप में सालाना 0.5 मिलियन टन (एमटीपीए) की तांबा शोधन क्षमता स्थापित करने में खर्च होगा। दो चरणों में कुल 1 एमटीपीए की क्षमता प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।



## सेबी 29 जुलाई को करेगा उत्कर्ष प्लॉटर्स की 23 संपत्तियों की नीलामी

**मुंबई ।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) इस साल 29 जुलाई को उत्कर्ष प्लॉटर्स एंड मल्टी एग्रो सॉल्यूशंस इंडिया लिमिटेड की 23 संपत्तियों की नीलामी करेगा। सेबी ने कंपनी द्वारा निवेशकों से गैरकानूनी तरीके से जुटाए गए धन की वसूली के लिए यह कदम उठाया है। सेबी ने एक अधिसूचना में कहा कि नीलाम की जाने वाली संपत्तियों में कंपनी की महाराष्ट्र में खेती की जमीन का टुकड़ा, प्लॉट और आवासीय स्थल शामिल हैं। सेबी ने कंपनी और उसके निदेशकों दीपाली मीठाराम गुरव, मीठाराम छगन गुरव, प्रवीण छगन गुरव के खिलाफ वसूली कार्रवाई की तहत इन संपत्तियों की नीलामी के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। सेबी के अनुसार, संपत्तियों की नीलामी ऑनलाइन माध्यम से 29 जुलाई को 10:30 से 5:30 के बीच की जायेगी। इन 23 संपत्तियों की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य 4.6 करोड़ रुपये तय किया गया है। सेबी ने ई-नीलामी के लिए एड्रॉयट टेक्निकल सर्विसेज की नियुक्ति की है। कंपनी ने जनता से सामूहिक निवेश योजनाओं (सीआईएस) के नाम पर धन जुटाया था। इसके लिए कंपनी के पास सेबी का पंजीकरण नहीं था।

# रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण भारत का डायमंड उद्योग की टूटी कमर, 50 हजार से ज्यादा कारीगर बेरोजगार हुए

**नई दिल्ली ।**

रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण भारत का डायमंड उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ है। देश में डायमंड उद्योग का प्रमुख केंद्र गुजरात का सूरत शहर है, जहां उद्योगों के ठप होने 50 हजार से ज्यादा कारीगर बेरोजगार हुए हैं। भारत का हीरा उद्योग पूरी तरह आयात पर टिका हुआ है। सूरत में 65 फीसदी रफ डायमंड का आयात सिर्फ रूस से होता है। यूक्रेन के साथ युद्ध के बाद रूस से कमोडिटी का आयात बुरी तरह प्रभावित हुआ, जिसमें हीरे का आयात भी शामिल है। युद्ध के बाद से अब तक देश में रफ डायमंड का आयात 29 फीसदी घटा है। जिससे 50 हजार से ज्यादा कारीगर बेरोजगार हुए हैं, इन कामगारों के वेतन में भी कटौती की जा रही है। भारत हर साल रूस से करीब 75 हजार करोड़ रुपये का रफ डायमंड आयात करता है। भारतीय रत्न एवं आभूषण संवर्द्धन परिषद का कहना है कि आयात किए गए रफ डायमंड को सूरत, उत्तरी गुजरात और सौराष्ट्र में पॉलिश किया जाता है। उद्योगों के पास रफ डायमंड का पुराना स्टॉक अब खत्म हो चुका है। आयात भी लगातार घट रहा जिसमें अभी तक 29 फीसदी की कमी आ चुकी है। इसके बाद कारखाने बंद होने लगे जिससे 50 हजार से ज्यादा कारीगर बेरोजगार हुए हैं। गुजरात में हीरा तराशने और पॉलिश करने की करीब 8,000 यूनिट हैं. यहां पॉलिश हुए डायमंड अमेरिका, यूएई और हांगकांग में जाते हैं, जिसमें अमेरिका सबसे बड़ा खरीदार है। अगर सिर्फ सूरत की बात करें तो यहां रूस से आयात किए जाने वाले कुल रफ डायमंड का 65 फीसदी आता है। इसके बाद आयात में कमी आने का सबसे ज्यादा असर यहां के कारीगरों पर पड़ा है। गुजरात में दुनिया का 90 फीसदी हीरा पॉलिश अथवा तराशा जाता है। यहां से करीब 24 अरब डॉलर का हीरा निर्यात हर साल होता है, जिसमें से 40 फीसदी अमेरिका खरीदता है। अमेरिका और जी7 देशों ने रूस से सोना आयात पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। इससे आने वाले समय में सोने की कीमतों में जबरदस्त उछाल आएगा है।



वैसे रूस से सबसे ज्यादा यानी करीब 90 फीसदी सोना सिर्फ ब्रिटेन खरीदता है, जिसने मार्च में ही अपना आयात रोक दिया। एक्सपर्ट का मानना है कि जल्द ही इसका हल नहीं निकाला, तब हीरा उद्योग की तरह ही सराफा कारोबारियों पर भी रूस के संकट का असर पड़ेगा।

इतना ही नहीं जी7 देशों की ओर से रूस पर नए प्रतिबंध लागू करते ही ग्लोबल मार्केट में क्रूड के दाम भी बढ़ने शुरू हो चुके है। आज दिन में ही ब्रेंट क्रूड करीब दो डॉलर चढ़कर 113 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया। 30 जून को ओपेक व अन्य सहयोगी देशों की बैठक होने वाली है, जिसमें उत्पादन बढ़ाने पर सहमति न बनी तब क्रूड के दाम और महंगे हो सकते हैं।

# गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध के बाद भी भारत ने करीब एक दर्जन देशों को 18 लाख टन खाद्यान्न का निर्यात किया

**नई दिल्ली ।**

गत 13 मई को गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के बाद भारत ने बांग्लादेश और अफगानिस्तान सहित करीब एक दर्जन देशों को 18 लाख टन खाद्यान्न का निर्यात किया है। केंद्रीय खाद्य सचिव सुधांशु पांडेय ने इसकी जानकारी देकर कहा है कि 50,000 टन निर्यात की प्रतिबद्धता के तहत अफगानिस्तान को मानवीय सहायता के रूप में लगभग 33,000 टन गेहूं की आपूर्ति की जा चुकी है। पांडेय ने कहा कि भारत ने हमेशा दुनिया की जरूरतों को ध्यान में रखा है। आधिकारिक बयान के अनुसार पांडेय ने कहा कि भारत ने अपनी 1.38 अरब आबादी की खाद्य जरूरतों को पूरा करने के साथ ऐसा किया है। सचिव ने कहा, यह बताना महत्वपूर्ण है कि भारत सरकार द्वारा हाल ही में गेहूं के निर्यात को नियमित करने का फैसला घरेलू उपलब्धता के साथ ही कमजोर देशों में उपलब्धता की रक्षा के लिए लिया गया था, जिनकी आपूर्ति बाजार की ताकतों द्वारा सुनिश्चित नहीं की जा सकती।'' उन्होंने कहा कि भारत ने सरकार-से-सरकार व्यवस्था के जरिए पड़ोसी देशों और खाद्यान्न की कमी वाले देशों की वास्तविक जरूरतों को पूरा करने की अपनी प्रतिबद्धता को कायम रखा है। इसके अलावा पहले से की गई आपूर्ति प्रतिबद्धताओं को भी पूरा किया गया। पांडेय ने बताया कि विनियमन के बाद चालू वित्त वर्ष में 22 जून तक 18 लाख टन गेहूं का निर्यात अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, इजराइल, इंडोनेशिया, मलेशिया, नेपाल, ओमान, फिलीपींस, कतर, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका, सूडान, स्विट्जरलैंड, थाईलैंड, यूएई, वियतनाम और यमन सहित विभिन्न देशों को किया गया।



## ब्रिटेन, ईयू के साथ एफटीए घरेलू निर्यातकों के लिए नए अवसर खोलेगाः फियो

**तिरुपुर ।**

ब्रिटेन, यूरोपीय संघ (ईयू) और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) सहित अन्य प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) से इन बाजारों में भारत के निर्यात को बढ़ावा देने के नए अवसर खुलेंगे। फियो के अध्यक्ष ए शक्तिवेल ने यह जानकारी दी। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने कहा कि सरकार की इस पहल से देश को बेहतर निर्यात दर हासिल करने में मदद मिलेगी। शक्तिवेल ने कहा, ब्रिटेन, ईयू, जीसीसी आदि के साथ निर्यात के लिए चल रही बातचीत से भारतीय निर्यातकों के लिए नए अवसर खुलेंगे।जीसीसी की स्थापना 1981 में हुई थी। इसके छह सदस्य संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, कतर, ओमान, कुवैत और बहरीन हैं। भारत इन देशों और ब्लॉकों के साथ एफटीए पर सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। यूरोपीय संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार और निवेश समझौते पर भारतीय अधिकारियों के साथ बातचीत करने के लिए नई दिल्ली आया है। आठ साल से अधिक के अंतराल के बाद भारत और यूरोपीय संघ ने 17 जून को प्रस्तावित समझौते पर औपचारिक रूप से बातचीत फिर शुरू की। भारत ने 2007 में 27 देशों के ब्लॉक के साथ द्विपक्षीय व्यापार और निवेश समझौते (बीटीआईए) पर बातचीत शुरू की थी, लेकिन यह वार्ता 2013 में ठप हो गई थी।

# कप्तान पांड्या ने की जीत के साथ शुरुआत




डबलिन। कप्तान हार्दिक पांड्या (एक विकेट और 24 रन) के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को पहले टी20 मैच में आयरलैंड को सात विकेट से शिकस्त दी। बारिश के कारण मैच देर से शुरू हुआ और आयरलैंड ने भारत के सामने 12 ओवर में 109 रन का लक्ष्य रखा, जिसे भारत ने 9.2 ओवर में ही प्राप्त कर लिया।

भारत के लिए पहली बार पारी की शुरुआत कर रहे दीपक हुड्डा ने सर्वाधिक 47 रन बनाए।। हुड्डा ने 29 गेंदों की अपनी पारी में छह चौके और दो छक्के लगाए। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन ने 11 गेंदों पर तीन चौके और दो छक्के लगाकर 26 रन की पारी खेली।

पहली बार भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे हार्दिक पांड्या ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए पहले आयरलैंड का एक विकेट चटकाया और फिर लक्ष्य का पीछा करते हुए 12 गेंदों पर एक चौके और तीन छक्कों की बदौलत 24 रन बनाए। आयरलैंड की ओर से क्रेग यंग ने दो ओवर में 18 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि जोशुआ लिटल ने 2.2 ओवर में एक विकेट लेकर 39 रन दे दिए।

## मैंने टेक्टर को एक बैट दिया है, ताकि वह और छक्के लगाएं : पांड्या

डबलिन। आयरलैंड के खिलाफ टी20 श्रंखला में भारतीय टीम की अगुवाई कर रहे हार्दिक पांड्या ने आयरिश बल्लेबाज हैरी टेक्टर की तारीफ करते हुए कहा कि वह उन्हें आईपीएल में देखना चाहते हैं।
22 वर्षीय टेक्टर ने भारत के खिलाफ रविवार को खेले गये वर्षाबाधित पहले टी20 में 33 गेंद पर नाबाद 64 रन बनाकर आयरलैंड को 12 ओवर में 108 रन तक पहुंचाया, हालांकि भारत ने यह लक्ष्य 9.2 ओवर में ही हासिल कर लिया। पांड्या ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में टेक्टर की जमकर तारीफ़ की और कहा कि वह उन्हें भविष्य में आईपीएल में देखना चाहते हैं।
पांड्या ने कहा, उन्होंने कई शानदार शॉट खेले। वह सिर्फ 22 साल के हैं। मैंने उन्हें एक बल्ला भेंट किया है, ताकि वह कुछ और छक्के लगाएं और शायद एक आईपीएल कॉन्ट्रैक्ट भी हासिल करें। उनके साथ मेरी शुभकामनाएं हैं।
इससे पहले टेक्टर आईसीसी अंडर-19 विश्व कप में भी अपने शानदार प्रदर्शन से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच चुके हैं।
न्यूज़ीलैंड में हुए इस आयोजन में टेक्टर आयरलैंड के दूसरे सर्वाधिक रन-स्कोरर रहे थे, और उन्होंने नामीबिया के खिलाफ 101 रन की शतकीय पारी भी खेली थी।
पांड्या ने कहा कि टेक्टर को सही मार्गदर्शन की जरूरत है।
उन्होंने कहा, उनका ठीक तरह ध्यान रखा जाना चाहिये और सही मार्गदर्शन दिया जाना चाहिये। बात हमेशा क्रिकेट की नहीं होती है, आपको अपनी जीवनशैली को भी समझना होता है और यह भी समझना होता है कि दांव पर क्या लगा है। अगर आप यह सब संभाल सकते हैं, तो मुझे लगता है कि आप सिर्फ आईपीएल में ही नहीं बल्कि दुनियाभर की क्रिकेट लीग्स में दिखेंगे।
भारत और आयरलैंड के बीच दो टी20 मैचों की श्रंखला का दूसरा और अंतिम मैच मंगलवार को खेला जाएगा।

इससे पहले आयरलैंड ने हैरी टेक्टर (33 गेंदों पर 64 रन) की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत भारत के सामने 109 रन का लक्ष्य रखा था। भारत ने टॉस जीतकर आयरलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया और 22 रन पर ही आयरलैंड के तीन विकेट गिरा दिए । कप्तान एंड्रयू बलबर्नी शून्य पर आउट हो गए, जबकि पॉल स्टर्लिंग ने चार और गैरेथ डेलानी ने आठ रन बनाए। इसके बाद हैरी टेक्टर ने लोर्कन टकर के साथ अर्धशतकीय साझेदारी की। टकर ने 16 गेंदों पर दो छक्कों की बदौलत 18 रन बनाए। आयरलैंड के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले टेक्टर ने 33 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों की बदौलत 64 रन की पारी खेलकर आयरलैंड को 12 ओवर में 108 रन तक पहुंचाया।

## शार्ट न्यूज

### रोच के 250 टेस्ट विकेट, जीत के करीब विंडीज

सेंट लूसिया। वेस्ट इंडीज़ ने काइल मेयर्स (146) और क्रेग ब्रेथवेट (51) की बदौलत बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में रविवार को 408 रन बनाकर 174 रन की बढ़त हासिल की। बांग्लादेश तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में 132 रन पर छह विकेट गंवाकर लगातार दूसरी हार के करीब है। तीसरे दिन वेस्ट इंडीज की पारी को 340/5 से आगे बढ़ाते हुए वेस्ट इंडीज़ ने अपने अंतिम पांच विकेट 64 रन के अंदर खो दिये। 344 रन पर छठे विकेट के रूप में विकेटकीपर जोशुआ डा सिल्वा (29) के आउट होने के बाद खालिद अहमद और शोरिफुल इस्लाम ने दो-दो विकेट लेकर वेस्ट इंडीज की पारी को 408 रन पर रोक दिया। 172 रन से पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश सलामी बल्लेबाजों को केमार रोच ने सस्ते में पवेलियन लौटाया और अपने 250 विकेट भी पूरे किये। रोच के 250वें विकेट तमीम इकबाल ने आठ गेंदों पर चार रन बनाये जबकि महमूदुल हसन जॉय ने 21 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 12 रन जोड़े। इसके बाद रोच ने अनामुल हक को भी चार रन पर चलता किया और बांग्लादेश ने 32 रन पर तीन विकेट गंवा दिये। इसके अलावा लिटन दास ने 19 और शाकिब अल हसन ने 16 रन बनाये। बांग्लादेश के लिये नजमुल हुसैन शंटो ने सर्वाधिक 42 रन की पारी खेली। 92 गेंदों की अपनी पारी में नजमुल ने आठ चौके लगाये। दिन का खेल खत्म होने तक विकेटकीपर नूरुल हसन 16 रन बनाकर क्रीज़ पर मौजूद हैं जबकि उनके साथी मेहदी हसन शून्य पर खेल रहे हैं। 132 रन पर छह विकेट गंवा चुकी बांग्लादेश अभी भी 42 रन से पीछे चल रही है।

### राष्ट्रमंडल खेलों में 8-9 स्वर्ण सहित सभी 12 वर्गों में पदक जीतेंगे- योगेश्वर

नयी दिल्ली। ओलम्पिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त ने कहा है कि भारत आगामी बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के कुश्ती मुकाबलों में 8-9 स्वर्ण सहित सभी 12 वजन वर्गों में पदक जीतेगा। योगेश्वर ने रविवार रात इंडियन स्पोर्ट्स फैन अवार्ड 2022 के समारोह में कहा, मुझे पूरी उम्मीद है कि कुश्ती के फ्री स्टाइल और महिला के सभी 12 वजन वर्गों में भारत के पदक आएंगे जिनमें से 8-9 स्वर्ण पदक होंगे। कुश्ती से संन्यास के बाद भी पूरी तरह से फिट नजर आ रहे योगेश्वर ने कहा, फिट रहना सभी की जिंदगी का एक हिस्सा होना चाहिए। मैं कुश्ती से अलग हो चुका हूं लेकिन अब भी रोजाना 3-4 घंटे ट्रेनिंग करता हूं। हरियाणा में अपने गांव में कुश्ती अकादमी खोल चुके योगेश्वर ने साथ ही कहा, मैंने गांव में ही अकादमी शुरू की थी। लगभग 95-96 फीसदी बच्चे गरीब घरों से आते हैं, इसलिए गांव में ही अकादमी शुरू की। जब तक ग्रास रुट मजबूत नहीं होगा तब तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक कहां से आएंगे। हमें खिलाड़ियों का हौसला बनाये रखने के लिए हमेशा उनके साथ खड़े रहना चाहिए।

### मेरे खाते में बस ओलम्पिक पदक नहीं है

नयी दिल्ली। भारत की युवा निशानेबाज मनु भाकर के पास इस समय तमाम अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के पदक हैं लेकिन उनके खाते में एक अदद ओलम्पिक पदक नहीं है जिसे वह 2024 के पेरिस ओलम्पिक में हासिल करना चाहती हैं।मनु भाकर ने रविवार रात इंडियन स्पोर्ट्स फैन अवार्ड 2022 के समारोह में यह बात कही। उन्होंने आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के बारे में कहा,%% मैं इस बारे में ज्यादा सोचती नहीं हूं। मेरे पास लगभग सभी मैडल हैं लेकिन एक ओलम्पिक पदक नहीं है। गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों 2018 की स्वर्ण विजेता एयर पिस्टल निशानेबाज ने कहा, मैं 2024 पेरिस ओलम्पिक खेलों के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगी ताकि मेरा ओलम्पिक मैडल का सपना भी पूरा हो जाए।

### नॉर्वे के साथ मुकाबला मुश्किल होगा

नयी दिल्ली। भारत के गैर खिलाड़ी डेविस कप कप्तान रोहित राजपाल का कहना है कि भारत का डेविस कप में नॉर्वे के खिलाफ अगला मुकाबला काफी मुश्किल होगा लेकिन यह इस बार पर भी निर्भर करेगा कि नॉर्वे कौन सा सतह चुनता है। राजपाल ने रविवार रात इंडियन स्पोर्ट्स फैन अवार्ड 2022 के समारोह में यह बात कही। राजपाल ने कहा, हमें नॉर्वे से नॉर्वे में खेलना है। उम्मीद है कि वे इस मुकाबले के लिए क्ले या हार्ड कोर्ट चुनेंगे। उन्होंने कहा, हमें इन्तजार करना होगा कि वे कौन सा कोर्ट चुनते हैं। उन्होंने कहा, घर पर डेनमार्क को हराना एक बड़ी उपलब्धि थी। हमने आरके खन्ना के बजाये दिल्ली जिमखाना के ग्रास कोर्ट को चुना था जिससे हमने मुकाबला आसानी से जीत लिया।

### इंग्लैंड के टेस्ट विकेटकीपर बेन फ़ोक्स कोरोना पॉज़िटिव

लंदन। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के टेस्ट विकेटकीपर बेन फ़ोक्स न्यूज़ीलैंड के साथ खेले जा रहे तीसरे और आख़िरी टेस्ट के तीसरे दिन विकेटकीपिंग नहीं कर पाए थे और तब उन्हें पीठ में दर्द था। टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल ख़त्म होने के बाद एहतियातन जब उनका कोविड-19 टेस्ट हुआ तो वह पॉज़िटिव पाए गए। इंग्लैंड के लिए अब आगे वह कब उपलब्ध होंगे इसके बारे में औपचारिक ऐलान का इंतज़ार रहेगा। हालांकि इंग्लिश टीम उम्मीद करेगी कि भारत के ख़िलाफ़ एस्बेस्टन में शुक्रवार को होने वाले टेस्ट के लिए वह उपलब्ध हो जाएं। केंट के विकेटकीपर/बल्लेबाज़ सैम बिलिंग्स को फ़ोक्स के कोविड-19 रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम के साथ जोड़ा गया है। आईसीसी के नियमानुसार वह चौथे दिन न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ इंग्लैंड की प्लेइंग-ड्ढ्ढ का हिस्सा होंगे। यानि आज वह विकेट के पीछे दस्तानों के साथ नज़र आ सकते हैं।
इंग्लैंड क्रिकेट टीम के दूसरे सभी खिलाड़ियों को भी कोरोना प्रोटोकॉल के तहत निर्धारित टेस्ट से गुज़रना पड़ा, जिसमें किसी की भी रिपोर्ट पॉज़िटिव नहीं पाई गई है। इससे पहले भारतीय क्रिकेट टीम के टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा भी शनिवार को कोरोना पॉज़िटिव पाए गए हैं और उनका भी शुक्रवार से शुरू होने वाले टेस्ट मैच में खेलना संदिग्ध है।

### राष्ट्रमंडल खेलों से पहले राष्ट्रीय कैंप पहुंची पुरुष टीम

नयी दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम यूरोप में बेल्जियम और नीदरलैंड के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद बेंगलुरू के राष्ट्रीय कैम्प लौट आई है। हॉकी इंडिया ने बेंगलुरू के भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) सेंटर में सोमवार को शुरू हुए राष्ट्रीय कैंप के लिये 31 खिलाड़ियों को नामित किया है, जो इंग्लैंड के बर्मिंघम में होने वाले 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के लिये रवाना होने से पहले 23 जुलाई तक यहां तैयारी करेंगे। भारतीय टीम के कोच ग्राहम रीड ने कैंप के बारे में कहा, यूरोप मे एफआईएच प्रो लीग मैचों के बाद खिलाड़ियों को छह दिन का अवकाश दिया गया था ताकि वह अपने परिवार के साथ समय बिता सकें। मेरा मानना है कि इस ब्रेक ने खिलाड़ियों को मानसिक और शारीरिक तौर पर तरोताज़ा होकर वापस लौटने में मदद की है। उन्होंने कहा, हम अगले तीन हफ्ते अपने प्रदर्शन को सुधारने पर ध्यान देंगे। एफआईएच प्रो लीग में हमारे पास सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खेलने का अवसर था। मैंने कुछ ऐसे पहलुओं की शनाख्त की है जहां हम सुधार कर सकते हैं। हम बेंगलुरु में आगामी हफ्तों में इसी पर ध्यान देंगे। राष्ट्रमंडल खेल एक बड़ा आयोजन है जहां विश्व रैंकिंग पॉइंट भी दांव पर लगे हैं, इसलिये हम बर्मिंघम में बेहतरीन प्रदर्शन की ओर देख रहे हैं। शिविर में पीआर श्रीजेश, कृष्ण बी पाठक, पवन, सुरेंद्र कुमार, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, जरमनप्रीत सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, शमशेर सिंह, विवेक सागर प्रसाद, आकाशदीप सिंह, नीलकांत शर्मा, गुरजंत सिंह, मनदीप सिंह, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, गुरसाहिबजीत सिंह, मंदीप मोर, संजय मोहम्मद राहील मौसेन, सुमित, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, गुरिंदर सिंह, जसकरन, आशीष कुमार टोपनो और शिलानंद लकड़ा को शामिल किया गया है।

## धनलक्ष्मी ने अल्माटी में जीता स्वर्ण

अल्माटी। भारत की शीर्ष धावक धनलक्ष्मी सेकर ने कोसानोव मेमोरियल 2022 एथलेटिक्स मीट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए 200 मीटर स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जीता। धनलक्ष्मी ने रविवार को हुई प्रतियोगिता में 22.89 सेकंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया जबकि उनकी हमवतन दुती चंद 23.60 सेकंड में रेस पूरी कर तीसरे स्थान पर रहीं। धनलक्ष्मी स्वर्ण जीतने के बावजूद विश्व चैम्पियनशिप में क्वालीफाई नहीं कर पाईं, जिसके लिये उन्हें 22.80 सेकंड में दौड़ पूरी करनी थी। वह सरस्वती साहा द्वारा 2002 में बनाये गये 22.82 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ने से भी चूक गयीं। इसी बीच, टोक्यो ओलंपियन तजिंदरपाल सिंह तूर प्रतियोगिता में शुरुआत नहीं कर सके।

## कार्तिकेय शर्मा इंडियन स्पोर्ट्स फैन अवार्ड 2022 से सम्मानित

नयी दिल्ली। खेल प्रमोटर और राज्य सभा के नवनिर्वाचित सांसद हरियाणा के कार्तिकेय शर्मा को भारतीय खेलों में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए इंडियन स्पोर्ट्स फैन अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया है। हरियाणा के खेल मंत्री संदीप सिंह, भारत की पहली ओलम्पिक पदक विजेता महिला खिलाड़ी कर्णम मल्लेश्वरी और ओलम्पिक के पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त ने रविवार रात यहां एक समारोह में कार्तिकेय को यह सम्मान प्रदान किया।

इस अवसर पर कार्तिकेय ने भारत में कई खेलों की लीग शुरू करके भारतीय खिलाड़ियों को बड़ा एक्सपोज़र दिया जिससे उनके मन से ओलिम्पिक और वर्ल्ड चैम्पियन खिलाड़ियों के डर को दूर करने में मदद मिली। इस बात को कई राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं ने इसी मंच से



स्वीकार भी किया। कार्तिकेय शर्मा सबसे पहले प्रो रेसलिंग लीग के आयोजन के साथ सुर्खियों में आए जहां 50 से ज़्यादा ओलिम्पिक और वर्ल्ड चैम्पियनशिप के पदक विजेताओं के साथ भारतीय खिलाड़ियों को भाग लेने का मौका मिला और यह अनुभव बाद की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनके बहुत काम आया। इसके अलावा उन्होंने बॉक्सिंग, पोलो और टेनिस की लीग भी आयोजित की। खेलों से जुड़े उनके कई प्रोजेक्ट्स अभी आने वाले हैं।ओलिम्पिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पदक विजेता होने का गौरव हासिल करने वाली कर्णम मालेश्वरी ने जहां खेलों की ज़रिए कार्तिकेय शर्मा के आगे आने का स्वागत किया तो वहीं संदीप सिंह ने कहा कि वह खेलों को बढ़ावा देने के लिए ही राजनीति में आए हैं और उन्हें खुशी है कि उन्होंने बतौर खेल मंत्री हरियाणा के खेल बजट को दुगना कर दिया है। संदीप सिंह ने 147 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 110 गोल किए और उनकी ड्रैग फ्लिक की काबिलियत को देखते हुए उनके फैंस उन्हें फ्लिकर सिंह भी कहते थे। उन्होंने खेलों में ग्रासरूट लेवल पर काम करने की उपयोगिता पर बल दिया और इस दिशा में कार्तिकेय से सहयोग की अपील की।

2012 के लंदन ओलिम्पिक में पदक जीतने वाले योगेश्वर दत्त ने कॉमनवेल्थ गेम्स में कुश्ती के सभी 12 पदक जीतने की उम्मीद ज़ाहिर करते हुए कहा कि सम्भव है कि इनमें आठ से नौ स्वर्ण पदक हों।

ओलिम्पिक में तीन बार भागीदारी करने वाले बॉक्सर विकास कृष्ण ने माना कि कोविड की वजह से उन्होंने फैंस की कमी को महसूस किया। उनका कहना है कि हमें आगे बढ़ने के लिए पहले अपने घर को दुरस्त करना होगा। राष्ट्रीय महिला कोच कुलदीप मलिक ने रियो ओलिम्पिक में साक्षी मलिक को कंधे पर उठाने की घटना को याद करते हुए कहा कि उस वक्त उन्हें यह अहसास हो रहा था कि उन्होंने गर्व के साथ भारत माता को अपने कंधे पर उठाया हुआ है। इसके अलावा भारत के डेविस कप कप्तान रोहित राजपाल, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता और विराट कोहली के कोच राजकुमार शर्मा के अलावा अन्य द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता भूपेंद्र धवन, राजसिंह और कुलदीप मलिक, ध्यानचंद पुरस्कार विजेता ज्ञान सिंह, खेल पत्रकारिता में 50 साल पूरे कर चुके अयाज़ मेमन, क्रिकेटर मोहित शर्मा, अनुज रावत, शरणदीप सिंह पोलो खिलाड़ी रवि, पॉवरलिफ्टिंग के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रीतेश डोगरा और प्रभजीत सिंह बख्शी, कबड्डी खिलाड़ी पवन सहरावत ने भी कार्तिकेय शर्मा को खेल जगत में किए जा रहे प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।

# नेपाल सरकार ने काठमांडू में पानीपूरी पर लगाया बैन

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने राजधानी काठमांडू में ऐसा प्रतिबंध लगाया है जिसे सुनकर सबको हैरानी होती है। दरअसल यहां स्वास्थ्य मंत्रालय ने काठमांडू के एलएमसी में गोलगप्पे पर बैन लगा दिया है। घाटी के ललितपुर मेट्रोपिलिटन सिटी में हैजा के केस बढ़ने के बाद यह फैसला किया गया है। दावा किया गया है कि पानी-पूरी में इस्तेमाल होनें वाले पानी में कॉलरा



बैक्टीरिया पाया गया है।
म्युनिसिपल पुलिस चीफ सीताराम हचेतू के मुतबिक भीड़भाड़ वाले इलाकों और कॉरिडोर एरिया में पानीपूरी की बिक्री पर रोक लगाने की पूरी तैयारी की गई है। उनका कहना है कि पानीपूरी की वजह से हैजा के मामलों का बढ़ने का खतरा है। रविवार को काठमांडू में हैजा के सात नए मामले मिले। इसके साथ ही घाटी में कुल मरीजों की संख्या 12 हो गई है।
नेपाल के स्वास्थ्य मंत्रालय के अंतरगत एपिडेमियोलॉजी ऐंड डिजीज कंट्रोल डिविजन के डायरेक्टर चमनलाल दास ने कहा कि काठमांडू मेट्रोपोलिस में कॉलरा के पांच मामले पाए गए। इसके अलावा एक केस चंद्रागिरि म्युनिसिपालिटी में और एक बुधानीकांता म्युनिसिपालिटी में पाया गया। इस बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों को सलाह दी है कि हैजा का कोई भी लक्षण नजर आते ही नजदीकी अस्पताल में संपर्क करें।
सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे बारिश और गर्मी के मौसम में फैलने वाली जल जनित बीमारियों जैसे कि डायरिया, कॉलरा से सावधान रहें।

## श्रीलंका में समाप्ति की ओर ईंधन

कोलंबो। श्रीलंका में जारी आर्थिक संकट के बीच ईंधन की समाप्ति की दिखने लगी है। एक स्थानीय अखबार के अनुसार, देश में केवल 1,100 टन पेट्रोल और 7,500 टन डीजल बचा है, जो एक दिन के लिए भी पर्याप्त नहीं है। स्थानीय अखबार द डेली मिरर ने श्रीलंकाई तेल और गैस कंपनी सीलोन पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (सीपीसी) व्यापार संगठन के अनुसार, बताया कि श्रीलंका में हाल में ईंधन की कोई भी ताजी खेप नहीं आई है। बिजली और ऊर्जा मंत्री कंचना विजेसेकरा ने इससे पहले कहा था कि कोलंबो में ईंधन की नयी खेप आने की उम्मीद है। उन्होंने रविवार को कहा कि वह यह नहीं बता सकते हैं कि नयी खेप कब तक आएगी। इसके साथ ही, ईंधन कंपनियां भुगतान के लिए श्रीलंका को अंतरराष्ट्रीय गारंटी पर ईंधन बेचना चाहती है और स्थानीय बैंक द्वारा भुगतान की गारंटी पर ईंधन देने को तैयार नहीं है। सीपीसी के सूत्रों ने कहा कि श्रीलंका आवश्यक भुगतान करने और अंतरराष्ट्रीय बैंक गारंटी प्रदान करने में विफल रहा है। श्रीलंका को अंतरराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है क्योंकि वह अपने ऋणों का भुगतान करने में चूका है।

## इमरान खान के बेडरूम में जासूसी डिवाइस लगाने की कोशिश, बानी गाला का कर्मचारी गिरफ्तार



एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की हत्या की अफवाहों के बीच उनकी जासूसी का प्रयास किया गया है। बानी गाला का एक कर्मचारी खान के कमरे में जासूसी उपकरण लगाने करने की कोशिश कर रहा था।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस कर्मचारी को पूर्व प्रधानमंत्री के बेडरूम में उपकरण लगाने के लिए पैसे दिए गए थे। हालांकि, एक दूसरे कर्मचारी ने इसकी सूचना सुरक्षा टीम तक पहुंचा दी, जिसके बाद जासूसी के प्रयास को विफल कर दिया गया।

### 'इमरान खान को कुछ हुआ तो...'

गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने इससे पहले 23 जून को इमरान खान को जान से मारने की धमकी देने के दावों को खारिज कर दिया था। आंतरिक मंत्री ने कहा कि इमरान खान के खिलाफ कोई खतरे की चेतावनी नहीं है। इमरान खान को उसी स्तर पर सुरक्षा और प्रोटोकॉल की पेशकश की जा रही है, जब वह प्रधानमंत्री थे। इससे पहले, इमरान खान के भतीजे हसन नियाजी ने कहा कि अगर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख को कुछ भी होता है, तो इस कृत्य को पाकिस्तान पर हमला माना जाएगा।

बानी गाला सुरक्षा दल ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान की जासूसी करने की कोशिश की सूचना मिलने पर कर्मचारी को हिरासत में लिया।

सुरक्षा दल ने उसे संघीय पुलिस के हवाले कर दिया। यह घटनाक्रम पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की हत्या की साजिश रचने की अफवाहों के बीच सामने आया है। इससे पहले इस कथित खतरे को देखते हुए शहर के बानी गाला के आसपास के इलाकों में सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया था।

पीटीआई के कई लोग दावा कर रहे हैं कि इमरान खान की जान को खतरा है। पीटीआई नेता शहबाज गिल ने कहा कि इस संबंध में हमने सरकार समेत सभी संबंधित एजेंसियों को सूचित कर दिया है।

गिल ने दावा किया, कर्मचारी पूर्व पीएम के कमरे की सफाई करता है। उसे जासूसी उपकरण लगाने के लिए भुगतान किया गया था। यह जघन्य और दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारे लोगों को जानकारी हासिल करने के लिए धमकाया जा रहा है। इस तरह की शर्मनाक हरकतों से बचना चाहिए। गिरफ्तार कर्मचारी ने कई खुलासे किए हैं, जिन्हें फिलहाल साझा नहीं किया जा सकता है।

## श्रीलंका : ईंधन स्टेशनों पर भीड़ से बचने के लिए टोकन जारी

कोलंबो। श्रीलंका में ईंधन की भारी कमी के बीच मोटर चालकों को ईंधन स्टेशनों पर भीड़ से बचने के लिए टोकन जारी किया जा रहा है। ऊर्जा मंत्री कंचना विजेसेकरा ने सोमवार को कहा कि इस प्रणाली से देश में ईंधन स्टेशनों पर लंबी कतार से छुटकारा मिलेगा। स्थानीय अखबार डेली मिरर की रिपोर्ट के अनुसार टोकन बांटने की जिम्मेदारी सैनिकों को सौंपी गयी है। उर्जा मंत्री ने लोगों से आग्राह किया है कि ईंधन स्टेशनों पर भीड़ नहीं लगाएं, क्योंकि देश में ईंधन का स्टॉक काफी सीमित है। उन्होंने कहा, हम अगले कुछ दिनों तक सभी ईंधन स्टेशनों को ईंधन प्रदान नहीं कर सकते हैं, जब तक देश में ईंधन की नयी खेप नहीं आती है। उल्लेखनीय है कि श्रीलंका भारी आर्थिक संकट का सामना कर रहा है।

## यूक्रेन ने रूस के साथ परमाणु सुरक्षा समझौते खत्म किये

कीव। यूक्रेन ने रूस के साथ परमाणु सुरक्षा संबंधित अपने दो समझौते खत्म कर दिये। यूक्रेन के राज्य परमाणु नियामक निरीक्षणालय ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, राज्य परमाणु नियामक निरीक्षणालय ने रूस के साथ परमाणु सुरक्षा से संबंधित कुछ समझौते खत्म कर लिए हैं। पहला समझौता यूक्रेन के पर्यावरण संरक्षण और परमाणु सुरक्षा मंत्रालय और परमाणु एवं विकिरण सुरक्षा के लिए रूस का संघीय पर्यवेक्षण के बीच 19 सितंबर 1996 को वियना में हुआ था। वहीं दूसरा समझौता 14 अगस्त 2002 को रूस में यूक्रेन के राज्य परमाणु नियामक निरीक्षणालय और रूस के संघीय पर्यवेक्षण के बीच शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु ऊर्जा का उपयोग करते समय सुरक्षा विनियमन के क्षेत्र में सूचना और सहयोग के आदान-प्रदान पर हुआ था।

## मलेशिया में कोरोना के 2003 नए मामले दर्ज

कुआलालम्पुर। मलेशिया में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के 2,003 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4556664 हो गयी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की वेबसाइट पर रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, कोरोना के नए मामलों में से तीन नए मामले विदेश से आए संक्रमित यात्री हैं। उन्होंने बताया कि इसी अवधि में एक मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या 35,746 हो चुकी है। मंत्रालय ने बताया कि इसी दौरान 1,861 लोग कोरोना मुक्त हो चुके हैं , जिससे अब ठीक होने वालों की संख्या बढ़कर 4492767 हो गयी है। मंत्रालय के अनुसार, देश में अभी भी कोरोना के 28151 मामले सक्रिय हैं, इनमें से 31 मरीज गहन देखभाल में हैं जबकि 19 मरीजों को सांस की तकलीफ बढ़ने पर ऑक्सीजन दी जा रही है।

## श्रीलंका अंतरराष्ट्रीय तेल कंपनियों को तेल आयात करने की अनुमति देगा

कोलंबो। श्रीलंका अंतरराष्ट्रीय तेल कंपनियों को देश में ईंधन आयात और वितरण करने की अनुमति देगा। ऊर्जा मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि इस कदम से सीलोन पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (सीपीसी) और लंका इंडियन ऑयल कंपनी का एकाधिकार समाप्त हो जाएगा। पहले से ही दो स्थानीय कंपनियों ने श्रीलंका में ईंधन स्टेशनों के संचालन में रुचि दिखाई है। अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में सोमवार को मंत्रिमंडल पेपर रखा जायेगा। यह कदम हाल ही में छह निजी कंपनियों के लिए ईंधन आयात को खोलने के प्रयास के बाद आया है क्योंकि विदेशी ईंधन आपूर्तिकर्ता अपने दायित्व को पूरा करने में विफल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि चयनित कंपनी को क्रेडिट पर कम से कम एक वर्ष के लिए ईंधन की आपूर्ति तथा अपने स्वयं के धन का उपयोग ईंधन आयात करने के लिए भी करना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# सोनाक्षी सिन्हा के इन वेस्टर्न लुक्स को आप भी कर सकती हैं रिक्रिएट

मिताली जैन


सोनाक्षी सिन्हा का यह लुक डे टाइम में आउटिंग से लेकर ऑफिस तक आसानी तक कैरी किया जा सकता है। इस लुक में सोनाक्षी ने व्हाइट कलर के क्रॉप टॉप के साथ लैवेंडर कलर की पैंट को स्टाइल किया है। इस आउटफिट के साथ मैचिंग क्रॉप ब्लेजर उनके लुक को और भी खास बना रही है।

हाल ही में अपने नेल ब्रांड को लॉन्च करने के बाद सोनाक्षी सिन्हा काफी चर्चा में हैं। वह ना केवल तरह-तरह के स्टाइलिश नेल आर्ट डिजाइन्स अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर करती रहती हैं, बल्कि उनका आउटफिट स्टाइलिंग सेंस भी गजब का है। यूं तो सोनाक्षी सिन्हा हमेशा ही अपने स्टाइल को लेकर एक्सपेरिमेंट रहती हैं और एथनिक वियर से लेकर वेस्टर्न वियर में खुद को स्टाइल करना पसंद करती हैं। ऐसे में अगर आप खुद भी अपने लुक को एक यूनिक टच देना चाहती हैं तो सोनाक्षी सिन्हा के वेस्टर्न वियर लुक्स को रिक्रिएट कर सकती हैं। तो चलिए देखते हैं सोनाक्षी के वेस्टर्न वियर लुक्स-


### सोनाक्षी सिन्हा ब्लैक एंड व्हाइट लुक

इस लुक में सोनाक्षी ने ब्लैक एंड व्हाइट लुक को अपने स्टाइल का हिस्सा बनाया है। उन्होंने ब्लैक कलर के क्रॉप टॉप के साथ व्हाइट एंड ब्लैक कलर के ज्योमेट्रिक पैंट को स्टाइल किया है। वहीं, अपने लुक में एक्स फैक्टर एड करने के लिए सोनाक्षी ने मैचिंग शर्ट से लेयरिंग की है। लाइट मेकअप और स्नीकर्स के साथ उन्होंने अपने लुक को कंप्लीट किया है।

### सोनाक्षी सिन्हा लैवेंडर आउटफिट लुक







सोनाक्षी सिन्हा का यह लुक डे टाइम में आउटिंग से लेकर ऑफिस तक आसानी तक कैरी किया जा सकता है। इस लुक में सोनाक्षी ने व्हाइट कलर के क्रॉप टॉप के साथ लैवेंडर कलर की पैंट को स्टाइल किया है। इस आउटफिट के साथ मैचिंग क्रॉप ब्लेजर उनके लुक को और भी खास बना रही है। इस क्रॉप ब्लेजर में स्लीव्स में कट लुक काफी अच्छा लग रहा है। ओपन हेयर और लाइट स्मोकी आइज उनके लुक में एक्स फैक्टर एड कर रही है।

### सोनाक्षी सिन्हा मल्टीकलर आउटफिट

अगर आप अपने स्टाइल को एक पॉप टच देना चाहती हैं तो ऐसे में सोनाक्षी सिन्हा के इस लुक को आसानी से रिक्रिएट किया जा सकता है। इस लुक में सोनाक्षी ने मल्टीकलर ब्लेजर शर्ट को स्टाइल किया है। अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए उन्होंने येलो कलर की थिन बेल्ट को पेयर किया है, जो उनके लुक को खास बना रही है। इस लुक में उनका नेल आर्ट भी पॉप लुक दे रहा है।

तो अब आप सोनाक्षी सिन्हा के किस लुक को सबसे पहले रिक्रिएट करना पसंद करेंगी? यह हमें फेसबुक पेज के कमेंट सेक्शन में अवश्य बताइएगा।

## समर्स में स्टाइल के साथ मिलेगा कम्फर्ट भी, जानें ट्रांसपेरेंट ऑउटफिट पहनने के तरीके

ट्रांसपेरेंटआउटफिट स्टाइलिश होने के साथ-साथ यह समर्स के लिए भी परफेक्ट माने जाते हैं। आपने कई बॉलीवुड सेलेब्स को भी ट्रांसपेरेंट आउटफिट्स में देखा होगा। अगर आप भी गर्मियों में ट्रांसपेरेंट आउटफिट पहनना चाहती हैं तो आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देने जा रहे हैं जिससे आपको एक स्टाइलिश लुक मिलेगा आजकल ट्रांसपेरेंट आउटफिट बहुत ट्रेंड में हैं। स्टाइलिश होने के साथ-साथ यह समर्स के लिए भी परफेक्ट माने जाते हैं। आपने कई बॉलीवुड सेलेब्स को भी ट्रांसपेरेंट आउटफिट्स में देखा होगा। लेकिन ट्रांसपेरेंट आउटफिट को हमेशा अच्छी तरह कैरी करना चाहिए वरना यह देखने में भद्दा भी लग सकता है। अगर आप भी गर्मियों में ट्रांसपेरेंट आउटफिट पहनना चाहती हैं तो आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देने जा रहे हैं जिससे आपको एक स्टाइलिश लुक मिलेगा-

अगर आप ट्रांसपेरेंट आउटफिट पहनना चाहती हैं तो रैप ड्रेस पहन सकती हैं। आजकल बाजार में ट्रांसपेरेंट फैब्रिक में अलग अलग डिजाइन वाली रैप ड्रेस मिलती है। ट्रांसपेरेंट रैप ड्रेस के नीचे आप कैमिसोल टॉप और शॉर्ट्स पहन सकती हैं।

आमतौर पर हम ट्रांसपेरेंट आउटफिट को एक ही स्टाइल से पहनते हैं। लेकिन अगर आप एक अलग लुक पाना चाहती हैं ट्रांसपेरेंट टॉप तो या ब्लाउज के साथ डंगरी पहन सकती हैं। यह आपको बिल्कुल यूनिक और स्टाइलिश लुक देगा। अगर आप समर्स में ट्रांसपेरेंट आउटफिट पहनना चाहती हैं तो आप स्किन कलर के कपड़ों का चुनाव कर सकती हैं। फैशन एक्सपर्ट के मुताबिक अपनी स्किन टोन से मैच करते हुए कपड़ों का चुनाव करें। आप टॉप से लेकर स्कर्ट्स या शॉर्ट्स सेलेक्ट कर सकती हैं। आप जब इस तरह ट्रांसपेरेंट आउटफिट पहनेंगी तो इससे आपको एक अच्छी लेयरिंग मिलेगी। इस लुक में बेहद स्टाइलिश नजर आएंगी। आप ट्रांसपेरेंट ब्लाउज या टॉप के नीचे कैमी टॉप भी पहन सकती हैं।

# धूप में आंखों की रक्षा भी करेंगे और आपकी सुंदरता भी बढ़ाएंगे यह चशमे


प्रीटी

आपके खिलेखिले हुस्न की तरह स्वयं बोलता काले फ्रेम वाला गोल चश्मा आपके चयन की दाद दिलाए बिना नहीं रहेगा। काले फ्रेम पर ऊपर की नीले रंग की पट्टी जहां दूसरों की आंखों को राहत दिलाएगी वहीं आपकी पोशाक के साथ भी मेल खाएगी।

गर्मी के मौसम की तपिश से शरीर का बचाव करना बहुत जरूरी है। जिस तरह धूप प्रकृति का एक अनुपम वरदान है, उसी तरह आंखें भी प्रकृति का दिया हुआ सुंदर उपहार हैं जिनके द्वारा हम इस दुनिया में हो रही गतिविधियों को देखते हैं और तरह-तरह की सुंदरता को निहारते हैं। आंखें भावाभिव्यक्ति का भी एक सशक्त माध्यम हैं जिनके द्वारा बिना कुछ कहे-सुने ही सामने वाले से अनगिनत बातें कर ली जाती हैं।

### कौन-से चश्मे धूप से बचाते हैं ?

ऐसे में भला प्रकृति के इस सुंदर-सलोने उपहार की देखभाल क्यों न की जाए और कौन ऐसा होगा जो इनकी देखभाल नहीं करना चाहेगा? आइए, आपको कुछ ऐसे धूप के चश्मों के बारे में बताते हैं जो आपकी आंखों को धूप से तो बचाएंगे ही साथ ही आपकी सुंदरता में भी चार चांद लगाएंगे।



-आपके खिलेखिले हुस्न की तरह स्वयं बोलता काले फ्रेम वाला गोल चश्मा आपके चयन की दाद दिलाए बिना नहीं रहेगा। काले फ्रेम पर ऊपर की नीले रंग की पट्टी जहां दूसरों की आंखों को राहत दिलाएगी वहीं आपकी पोशाक के साथ भी मेल खाएगी।

-सिलवर मैटल के फ्रेम का चश्मा पहन कर आप स्वयं ही इस अनुभूति से बागबाग हो जाएंगी कि आपने एक अति सुंदर चीज पहनी हुई है।

-लंबे व चौड़े फ्रेम का चश्मा लाल, पीले और सफेद रंग की पोशाकों पर बहुत सुंदर लगेगा। जब आप इस चश्मे का उपयोग हरीभरी और बर्फ से ढंकी वादियों में ट्रैकिंग और स्कीइंग करते समय करेंगी तो बर्फ पर पड़ कर परावर्तित हो रही सूरज की किरणों से यह आपकी रक्षा करेगा।

-ऊपर से चौकोर और नीचे से अंडे के आकार वाला चश्मा अगर गुलाबी शीशे वाला तो फिर क्या कहने! इस चश्मे को लगाकर आप बिल्कुल नए अंदाज में लगेंगी।

-रंगीन फ्रेम वाला काला चश्मा अपनी बनावट और खूबसूरती से बरबस ही लोगों को आपकी ओर आकर्षित करेगा। यह आपकी आंखों को तो सूकुन देगा ही साथ ही आपकी किसी भी पोशाक से मेल भी खाएगा।

-सुनहरे ब्रास पट्टी वाले काले फ्रेम के चश्मे की बनावट अपने तीखेपन का आपको एहसास कराएगी। यह चश्मा यदि आधा वृत्ताकार हो तो ठीक रहेगा। इससे आपके चेहरे पर विशिष्टता दिखेगी।

-रंगीन शीशे वाले मैटल फ्रेम का चश्मा भी आपके चेहरे पर खूबसूरत लगेगा। इस चश्मे के फ्रेम के किनारे हल्के नीले, चमकीले और सुनहरे रंग की पट्टी हो तो चश्मा और आकर्षक लगेगा।

-सुनहरी पतली ब्रास पट्टी लगा प्लास्टिक के काले फ्रेम का चश्मा भी आपकी खूबसूरती को और बढ़ाने में सहायक होगा।

-प्याजिया रंग के शीशे का चश्मा सुनहरे मैटल के डिजाइन में हो तो, जब आप इसे लगाएंगी तो सचमुच अपनी सहेलियों के बीच ईर्ष्या उत्पन्न कर देंगी।

ध्यान रखिए कि गोल चेहरे के लिए गोलाकार फ्रेम और लंबे या चौड़े चेहरे के लिए चौकोर आकार के फ्रेम का चयन न करें। चश्मों को सिर्फ फैशन समझ कर ही न अपनाएं। ये सूरज की पराबैंगनी किरणों से, जो आंखों के लिए बहुत हानिकारक होती हैं, रक्षा भी करते हैं। इसलिए चश्मे के चयन में सावधानी अवश्य बरतें।

# फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में कॅरियर कैसे बनाएं? जानें कोर्स, जॉब और सैलरी

प्रिया मिश्रा

फॉरेंसिक साइंस की फील्ड में काम करने वाले प्रोफेशनल फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट या फॉरेंसिक साइंस एक्सपर्ट्स कहलाते हैं। फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट्स टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके क्राइम स्पॉट पर मौजूद सबूतों की जाँच करते हैं और अपराधियों को पकड़ने में मदद करते हैं। इसके लिए वे क्राइम सीन, ब्लड सेंपल, डीएनए प्रोफाइलिंग आदि की जांच करते हैं।

फॉरेंसिक साइंस का इस्तेमाल आपराधिक मामलों की जांच और कानूनी प्रक्रियाओं के लिए किया जाता है। फॉरेंसिक साइंस में केमिस्ट्री, बायोलॉजी, फिजिक्स, जियोलोजी, साइकोलॉजी, सोशल साइंस, इंजीनियरिंग आदि फील्ड्स शामिल होती हैं। इस फील्ड में काम करने वाले प्रोफेशनल फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट या फॉरेंसिक साइंस एक्सपर्ट्स कहलाते हैं। फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट्स टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके क्राइम स्पॉट पर मौजूद सबूतों की जाँच करते हैं और अपराधियों को पकड़ने में मदद करते हैं। इसके लिए वे क्राइम सीन, ब्लड सेंपल, डीएनए प्रोफाइलिंग आदि की जांच करते हैं।



### कोर्स

फॉरेंसिक साइंस में करियर बनाने के लिए 12ह्लद्ध में साइंस होनी ज़रूरी है। आप फोरेंसिक साइंस एंड क्रिमिनोलॉजी या फॉरेंसिक साइंस एंड लॉ में एक वर्षीय डिप्लोमा कर सकते हैं। आप फॉरेंसिक साइंस 3 साल की बीएससी, 2 साल की एमएससी भी कर सकते हैं। इस फील्ड में स्पेशलाइजेशन और रिसर्च करने के इच्छुक हों तो फॉरेंसिक साइंस में पीएचडी और एमफिल भी कर सकते हैं।

### जरूरी स्किल्स

एक फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट को जिज्ञासु होना चाहिए और साहसिक कार्यों में दिलचस्पी होनी चाहिए। इस फील्ड में हर कदम पर चुनौती है इसलिए आपको दिमागी तौर पर मजबूत होना जरूर है।

इसके साथ ही आपके अंदर मजबूत कम्युनिकेशन स्किल्स होना भी बेहद जरूरी है। एक फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट को कई तरह की टेस्ट रिपोर्ट लिखनी होती हैं इसलिए आपकी राइटिंग स्किल्स भी अच्छी होनी चाहिए।फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट को सबूतों की जाँच करनी होती है इसलिए आपको एकाग्रता और सतर्कता के साथ काम करना आना चाहिए।

### जानें कहां मिलेगी नौकरी

इस फील्ड में सरकारी और प्राइवेट जॉब्स की भरमार है। फॉरेंसिक साइंस में डिग्री हासिल करने के बाद आपको पुलिस, लीगल सिस्टम, इंवेस्टिगेटिव सर्विस जैसी जगहों पर जॉब मिल सकती है।

वहीं, कोई प्राइवेट एजेंसी भी आपको बतौर फॉरेंसिक साइंटिस्ट्स जॉब ऑफर कर सकती है। अगर आप में योग्यता है तो आपको फॉरेंसिक साइंटिस्ट इंटेलि ?जेंस ब्यूरो और सीबीआई में भी नौकरी का अवसर प्राप्त हो सकता है। इसके अलावा आप किसी फॉरेंसिक साइंस शिक्षण संस्थान में टीचर के रूप पढ़ा कर अच्छी सैलरी कमा सकते हैं।

### सैलरी

योग्यता के आधार पर आपको शुरुआत में 20-50 हजार रुपये प्रतिमाह तक सैलरी मिल सकती है। समय के साथ अनुभव होने पर आप 6 से 8 लाख रुपये तक महीना कमा सकते हैं।

# शोधकर्ताओं ने विकसित किया स्वदेशी मेटल 3डी प्रिंटर...

इंडिया साइंस वायर

पॉलिमर 3डी प्रिंटिंग के लॉन्च के कुछ साल बाद मेटल 3डी प्रिंटिंग तकनीक शुरू हुई, लेकिन पॉलीमर 3डी की तुलना में मेटल थ्री डी प्रिंटिंग का भारत में विकास नहीं हो सका है। यह मशीन भारत में बने धातु पाउडर से 3डी पार्ट्स प्रिंट कर सकती है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर के शोधकर्ताओं ने प्रत्यक्ष ऊर्जा निक्षेपण तकनीक पर आधारित एक मेटल 3डी प्रिंटर विकसित किया है। इस मेटल 3डी प्रिंटर के सभी घटक, लेज़र और रोबोट सिस्टम को छोड़कर, भारत में डिज़ाइन और निर्मित किए गए हैं। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य मेटल 3डी प्रिंटर की लागत को कम करना और उपयोगकर्ताओं की एक विस्तृत श्रृंखला को आकर्षित करना है। पॉलिमर 3डी प्रिंटिंग के लॉन्च के कुछ साल बाद मेटल 3डी प्रिंटिंग तकनीक शुरू हुई, लेकिन पॉलीमर 3डी की तुलना में मेटल थ्री डी प्रिंटिंग का भारत में विकास नहीं हो सका है। उत्पाद की उच्च कीमत और विदेशों से आयात किए जाने वाले महंगे धातु पाउडर मेटल 3डी प्रिंटर की सीमित वृद्धि के कुछ प्रमुख कारणों में शामिल हैं। विकसित किया गया नया प्रिंटर मौजूदा घटकों की मरम्मत और अतिरिक्त सामग्री जोड़ने के लिए उपयुक्त है। इसलिए, यह एयरोस्पेस, रक्षा, मोटर वाहन, तेल और गैस, और सामान्य इंजीनियरिंग जैसे कुछ उद्योगों के लिए उपयोगी घटकों को प्रिंट करने में सक्षम है।



यह मशीन भारत में बने धातु पाउडर से 3डी पार्ट्स प्रिंट कर सकती है। इसके अलावा, इस मशीन में लेजर क्लैडिंग और एडिटिव निर्माण प्रक्रिया के लिए लेजर बीम समरूपता से समझौता किए बिना भारत का पहला अत्याधुनिक वेरिएबल स्पॉट साइज लेजर ऑप्टिक्स लगाया गया है। आईआईटी, जोधपुर के शोधकर्ताओं ने इस मशीन का टूल पाथ प्लानिंग सॉफ्टवेयर और एक समान अक्ष वाले नोजल विकसित किये हैं। इसमें इन-सीटू निगरानी प्रौद्योगिकियां भी हैं, जो एडिटिव निर्माण प्रक्रिया के दौरान पिघले हुए पूल तापमान और क्लैड मोटाई की लगातार निगरानी करती हैं।

इस परियोजना में, आईआईटी, जोधपुर के शोधकर्ता डॉ रवि के.आर., डॉ अबीर भट्टाचार्य, डॉ वी. नारायणन, डॉ सुमित कालरा, डॉ राहुल छिब्बर, और डॉ हार्दिक कोठाड़िया शामिल हैं। इस 3डी प्रिंटर के बारे में डॉ रवि के.आर. बताते हैं कि इस शोध की छोटी-सी सफलता ने हमारी टीम को नये प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया है। यह सफलता शोधकर्ताओं एवं हमारे संस्थान के प्रति उन फंडिंग एजेंसियों और उद्योगों के भरोसे को और मजबूत करेगा, जो शोध में हमारी सहायता करते हैं।

उन्होंने आगे कहा, इस अध्ययन के नतीजे बताते हैं कि धातु प्रिंटिंग मशीन बनाने के लिए आवश्यक सभी घटकों को स्वदेशी रूप से निर्मित किया जा सकता है, तो मेटल 3डी प्रिंटिंग मशीन की लागत दो से तीन गुना कम हो सकती है। इस तरह की सफलता से भारत सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' पहल को अधिक मजबूती मिल सकती है। यह परियोजना विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) से सम्बद्ध प्रौद्योगिकी विकास और हस्तांतरण (टीडीटी) प्रभाग के अनुदान पर आधारित है। इस अध्ययन से जुड़े अन्य शैक्षणिक और औद्योगिक भागीदारों में कोयंबटूर स्थित पीएसजी कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, पीएसजी इंडस्ट्रियल इंस्टीट्यूट, और वेक्ट्राफॉर्म इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस शामिल हैं।

शोधकर्ताओं का कहना है कि मेटल 3डी प्रिंटिंग तकनीक; सेंसर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), और मशीन लर्निंग (एमएल) प्रौद्योगिकी में हाल में हुई प्रगति के कारण अगले दशक में तेजी से बढ़ने की ओर अग्रसर है। भविष्य की जरूरतों के अनुसार आवश्यक बुनियादी ढांचे, विशेषज्ञता, टीम आदि का निर्माण करके वर्तमान मेटल 3डी प्रिंटिंग मशीन को स्मार्ट मेटल 3 डी प्रिंटर में बदला जा सकता है।

# बकरीद पर लाखों की कुर्बानी : इतने में बिके तैमूर और भोपाल का गुंडा, खाते हैं दूध-घी, मक्खन और जड़ी-बूटियाँ

प्रिया मिश्रा

समय बाजार में बकरों के दाम आसमान छू रहे हैं। यह वह समय है जब बकरी पालन करने वाले बकरों को ऊंचे दामों में बेचते हैं। कुछ बकरे तो बाजारों में लाखों एम बिकते हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, भोपाल में एक बकरा 7 लाख रुपए का बिका है। यह बकरा कोटा प्रजाति का है, जिसका नाम टाइटन है।

मुस्लिम समाज का सबसे प्रमुख त्यौहार बकरीद जल्द ही आने वाला है। बाजारों में अलग ही रौनक देखने को मिल रही है। इस समय बाजार में बकरों के दाम आसमान छू रहे हैं। यह वह समय है जब बकरी पालन करने वाले बकरों को ऊंचे दामों में बेचते हैं। कुछ बकरे तो बाजारों में लाखों एम बिकते हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, भोपाल में एक बकरा 7 लाख रुपए का बिका है। यह बकरा कोटा प्रजाति का है, जिसका नाम टाइटन है। इस बकरे को पालने वाले किसान सैयद शाहेब अली ने दावा किया है कि उन्होंने बकरे को घी, मक्खन और जड़ी बूटियां खिलाकर पाला है।

इसके अलावा, भोपाल में गुंडा और तैमूर नाम के बकरे भी लाखों में बिके हैं। गुंडा नाम के बकरे की कीमत 2 ।5 लाख और तैमूर की कीमत 2 लाख लगाई गई है। इन दोनों का रखरखाव भी शाहेब अली ने ही किया है। इन तीनों बकरों को पुणे के रहने वाले माज खान ने खरीदा है। उन्होंने बताया कि आने वाली बकरीद के लिए उन्होंने हैदराबाद से लेकर कश्मीर तक अच्छी नस्ल के महंगे बकरे देखे लेकिन उन्हें कोई पसंद नहीं आया। किसी ने उन्हें बताया कि भोपाल में भी अच्छी नस्ल के बकरे मिलते हैं तो वे यहां बकरे खरीदने चले आए।

शाहेब अली ने बताया कि वे तीन साल पहले कोटा से 15 बकरे लेकर आए थे। वे इन बकरों को चना, बाजरा, दूध, घी, मक्खन और जड़ी बूटियां आदि खिलाते हैं। उन्होंने बताया कि कोटा नस्ल के तीन बकरों में से टाइटन, गुंडा और तैमूर जब बड़े हुए तो मजबूत शरीर और शानदार कद काठी वाले निकले।

इन तीन बकरों को खरीदने वाले पुणे निवासी माज खान ने बताया कि उनके पास खुद का गोट फार्म है। इस साल वे कश्मीर, हैदराबाद और सूरत तक घूम आए लेकिन उन्हें इंडियन ब्रीड नहीं मिले। भोपाल आकार उन्हें कोटा प्रजाति के तीन बकरे मिले। बकरीद के मौके पर सबसे शानदार बकरे की कुर्बानी दी जाती है, जिसकी तलाश पूरे साल रहती है। इस पर 8 से 10 हजार रुपए खर्च हो जाते हैं। कोरोना के बाद किसान इंडियन ब्रीड के बकरे तैयार नहीं कर रहे हैं इसलिए इनकी कीमतें बढ़ गई हैं।



CMYK CMYK CMYK CMYK